CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 24 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक– 24 ।पृष्ठ –12 ।मूल्य – 4.00 रु



अभिमत
■ साइकिल ही हमारा भविष्य है — पृष्ठ 4

■ यूरेनियम संवर्धन बंद करने की शर्त पर अमेरिका से कोई समझौता नहीं : ईरान — पृष्ठ 9

गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे — पृष्ठ 10

## पाकिस्तान की जेब भरने वाले विश्व बैंक को भारत की दो टूक, कहा

# पाक को फिर ग्रे सूची में लाएंगे

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। भारत सरकार जून 2025 में वर्ल्ड बैंक के साथ होने वाली बैठक में पाकिस्तान को फंडिंग दिए जाने के मुद्दे को उठाएगी। इसके अलावा भारतीय सरकार पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में वापस डालने का मुद्दा भी रखेगी। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार, एंटी मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने के लिए एफएटीएफ के सामने मजबूत केस रखेगा। एफएटीएफ की साल में तीन बार (फरवरी, जून और अक्तूबर ) मीटिंग होती है। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था। तब उसने मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग पर लगाम लगाने के लिए एक एक्शन प्लान दिया था। इसके बाद 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को इस ग्रे लिस्ट से हटा दिया था। वहीं वर्ल्ड बैंक इस साल जून में पाकिस्तान के 20 बिलियन डॉलर के लोन पैकेज

- **वर्ल्ड बैंक के सामने पाकिस्तान-फंडिंग का मुद्दा उठाएगा भारत**
- **फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के साथ मिलकर मजबूत केस करेंगे तैयार**
- **एफएटीएफ ने 2022 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटाया था**

को अप्रूव कर सकता है। यह लोन पैकेज पाकिस्तान कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क 2025–35 नाम के एक 10 साल के प्रोग्राम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य सोशल इंडिकेटर्स में सुधार करना, बाल कुपोषण जैसे क्षेत्रों पर फोकस करना, लर्निंग पॉवर्टी, क्लाइमेट रीसाइलेन्स और निजी निवेश को बढ़ावा देना और फिस्कल स्पेस का विस्तार करना है। आईएमएफ की स्टाफ–लेवल रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव, यदि जारी रहता है या और बिगड़ता है, तो प्रोग्राम के फिस्कल, एक्सटर्नल और रिफॉर्म गोल्स के लिए जोखिम बढ़ सकता है। सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार ने पाकिस्तान को राहत पैकेज देने को लेकर आईएमएफ की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से संपर्क किया। सरकारी सूत्रों ने जॉर्जीवा से कहा कि भारत सरकार किसी भी देश को फंड देने के खिलाफ नहीं है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि बेलआउट युद्ध जैसी स्थिति के दौरान दिया गया है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को 28 बार सहायता दी है, लेकिन इन फंड का इस्तेमाल उसने देश की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के बजाय हथियार खरीदने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया। इसके अलावा सरकार ने जर्मनी, इटली और फ्रांस के विदेश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### भारत में आईफोन बनाए तो 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे : ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रंप ने कहा अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा।

### मॉस्को में भारतीय सांसदों ने पाक को किया बेनकाब

भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादी चेहरे को बेनकाब करने के लिए डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मॉस्को पहुंचा। इनका मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति और पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों से अवगत कराना है। इस दल में समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद, बीजेपी सांसद कैप्टन ब्रजेश चौटा (रिटायर्ड), आप सांसद अशोक कुमार मित्तल, राजदूत मंजीव एस पूरी और जावेद अशरफ शामिल हैं।

# शहीद मेहुल भाई के पार्थिव शरीर को कंधा देकर दी अंतिम विदाई

- **व्यर्थ नहीं जाएगा शहीद जवानों का सर्वोच्च बलिदान, नक्सलवाद के समूल नाश का संकल्प करेंगे पूरा : साय**



**रायपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले के उसूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई नंदलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह राज्य रवानगी से पूर्व अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री आज माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए और उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री साय इस मौके पर शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद मेहुल भाई की वीरता और देशभक्ति हमेशा याद रखी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले एक वर्ष से नक्सल विरोधी अभियान तेज हुई है और हमारे जवानों ने नक्सलवाद से डटकर मुकाबला कर बड़ी सफलताएं हासिल की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### बंगलूरू में नौ माह का मासूम कोरोना संक्रमित

**बंगलूरू।** देश में कोरोना के मामले में बढ़ते जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बंगलूरू में नौ महीने के बच्चे में कोरोना की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव हर्ष गुप्ता ने बताया कि 22 मई को रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) के जरिए बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई।

### महाराष्ट्र सीमा पर चार नक्सली ढेर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ सीमा के पास नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में चार माओवादियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। इस घटना की पुष्टि पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अंकित गोयल ने भी की है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह माओवादियों ने अचानक सी-6 कमांडो पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा पर बारुदी सुरंगें फटीं

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गईं। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारण इलाके की बारुदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। उन्होंने कहा कि आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

### भ्रष्टाचार मामले में पंजाब में 'आप' विधायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक रमन अरोड़ा को गिरफ्तार किया गया है। रमन अरोड़ा को पंजाब सरकार के सतर्कता ब्यूरो ने गिरफ्तार किया। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने राज्य में आप के विधायक रमन अरोड़ा के जालंधर स्थित आवास पर भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को छापेमारी की। इसके बाद ब्यूरो ने आप विधायक को गिरफ्तार किया।

# जिला न्यायालय से हुआ अन्याय हाईकोर्ट ने दिया न्याय

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक दिलचस्प मामला सामने आया है। जिला न्यायालय बालोद में पदस्थ एक भृत्य ने अपनी शादी के लिए सात दिन का अवकाश लिया था, लेकिन वह दस दिन बाद काम पर लौटा। इस पर उसे अनाधिकृत अवकाश का हवाला देते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। नौ साल तक चले कानूनी संघर्ष के बाद भृत्य को आखिरकार हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय को आदेश दिया है कि उसे 50 प्रतिशत पिछला वेतन देते हुए पुनः सेवा में बहाल किया जाए।



**शादी की छुट्टी पर बर्खास्त होने वाले भृत्य को 9 साल बाद फिर से मिलेगी नौकरी**

दरअसल, जिला न्यायालय बालोद में परीवीक्षा अवधि में भृत्य के पद पर राजेश देशमुख पदस्थ था। इस दौरान साल 2016 में उसकी शादी लग गई। घर में तैयारियां जारी थी, उसने अपनी शादी के लिए 7 दिन का अवकाश लिया। लेकिन शादी से लौटते हुए उसे देरी हो गई, अवकाश अवधि से 10 दिन बाद राजेश काम पर वापस आया। विभाग ने आरोप लगाया कि उसने अनाधिकृत रूप से अवकाश लिया है, जिसके बाद उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

मुख्यालय से जारी नोटिस का राजेश ने जवाब भी दिया था, लेकिन इसपर असंतोष जताते हुए भृत्य सेवा से हटा दिया गया। पीड़ित ने प्रोबेशन में भी आरोपों की जांच और सुनवाई का अवसर मिलना जरूरी के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जस्टिस संजय श्याम अग्रवाल की बेंच में मामलें की सुनवाई हुई। याचिककर्ता की ओर से उसके अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सिर्फ प्रोबेशन में रहने के कारण कर्मचारी को सेवा से हटाया नहीं जा सकता। प्रोबेशन पीरियड में रहने पर भी आरोप की विस्तृत जांच की जानी थी। बिना जांच के पद से हटाया नहीं जा सकता। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने देशमुख को 50 प्रतिशत पिछले वेतन के साथ सेवा में वापस लेने का जिला न्यायालय बालोद को निर्देश दिया।

# दस लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सहित 24 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर,** 23 मई (देशबन्धु)। बड़े नक्सली लीडर बसवराजु के मौत के बाद दो दिन बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कंपनी नंबर 02 के डिप्टी कमांडर राकेश सहित कुल 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। दस लाख के ईनामी कंपनी कमांडर सहित 24 नक्सलियों पर 87 ।05 लाख का ईनाम घोषित था।



आत्मसमर्पण करने वाला सभी 24 माओवादी फायरिंग, आईडी ब्लास्ट, आगजनी जैसे अन्य घटनाओं में शामिल थे। सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेण्डन यार्क, डीएसपी शरद जायसवाल, उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को अधिकारियों ने 50–50 हजार रुपये नगद राशि प्रदान किया। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# प्रदेश में आईपीएस कैडर 142 से बढ़कर 153

**रायपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ पुलिस में आईपीएस अफसरों का कैडर (संख्या) 142 से बढ़ाकर 153 कर दिया है। यानी राज्य में आईपीएस के एक साथ 11 पद बढ़ गए हैं। भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने 21 अगस्त में छत्तीसगढ़ का आईपीएस कैडर बढ़ाए जाने के फैसले को नोटिफाइड कर दिया है। कैडर रिवीजन के साथ 2017 के बाद आईपीएस के जिन नए पदों को मंजूरी दी गई है, उनमें साइबर क्राइम और राज्य इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) के साथ जीपीएम, मोहला मानपुर, सक्ती, सारंगढ़–बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी भरतपुर और खैरागढ़ एसपी के पद सृजित हुए हैं। नोटिफिकेशन के अनुसार आरआर 99 से बढ़ाकर 109 और राज्य पुलिस सेवा कैडर 43 से बढ़ाकर 46 कर दिया गया है। आईपीएस कैडर बढ़ने का सीधा आशय यह है कि इससे राज्य पुलिस सेवा के अफसरों को प्रमोशन में फायदा मिलेगा।





- **सायबर क्राइम और एसआईए समेत एसपी के 8 नए पद मंजूर**
- **भारत सरकार के 21 मई के गजट में प्रकाशित**

राज्य बनने के बाद आईपीएस कैडर का तीन बार रिवीजन हुआ है और कैडर बढ़ाया गया है। सब से पहला रिवीजन 30 जनवरी 2004 को हुआ था, जिसमें 81 पदों को ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक आज

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। यह उच्च–स्तरीय बैठक भारत मंडपम में होगी। बैठक का मुख्य विषय विकसित भारत के लिए विकसित राज्य होगा, जिसमें राज्यों की भूमिका पर चर्चा होगी।

## बैडमिंटन खेलने के बाद अचानक जमीन पर गिरा युवक, हो गई मौत

**रायपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर स्थित सप्रे शाला जिला बैडमिंटन कोर्ट से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। आज सुबह एक खिलाड़ी की डेमो खेलते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान भिलाई सेक्टर–04 निवासी 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव के रूप में हुई है। युवक की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका है।



- **हार्ट अटैक की आशंका**

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, हिमांशु श्रीवास्तव हाल ही में रायपुर शिफ्ट हुआ था और अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। आज सुबह वह पहली बार सप्रे बैडमिंटन एकेडमी में डेमो क्लास के लिए पहुंचा था। उसने वहां मौजूद खिलाड़ियों से खेलने की इच्छा जताई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। करीब 8.30 बजे कुछ देर खेलने के बाद वह थककर कोर्ट के बाहर बैठ गया और थोड़ी ही देर में अचानक जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे मेकाहारा (डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## भारत की विदेश नीति हुई ध्वस्त : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेशमंत्री एस.जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर के एक हालिया साक्षात्कार का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने जयशंकर के एक विदेशी पत्रकार को दिए गए साक्षात्कार के कुछ अंश वाला वह वीडियो फिर से पोस्ट किया, जिसे कांग्रेस ने अपने 'एक्स' हैंडल पर साझा किया था। उन्होंने कहा कि 'क्या 'जेजे' (जयशंकर) बताएंगे कि भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है, पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा समर्थन क्यों नहीं किया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच 'मध्यस्थता' करने के लिए किसने कहा?' उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। कांग्रेस ने जयशंकर के इस साक्षात्कार ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



- **विदेश मंत्री एस जयशंकर की कार्यशैली पर उठाए सवाल**

### कोटा में ही क्यों जान दे रहे छात्र : सुको

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा में छात्रों के बढ़ते सुसाइड मामलों पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा है कि आखिर कोटा में ही आत्महत्या के मामले क्यों हो रहे हैं। कोर्ट ने भजनलाल सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है और एसआईटी के गठन की जानकारी ली है। यह घटनाक्रम 23 मई 2025 को सामने आया, जब कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि इन आत्महत्याओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। जस्टिस जेपी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। बेंच ने कहा कि इस साल अब तक कोटा में 14 सुसाइड हो चुके हैं। इसका मतलब है कि सरकार इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या कर रही है।

## बांग्लादेश की राजनीति में भूचाल के आसार

**ढाका,** 23 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर डॉ. मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति नहीं बन पाने के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी के प्रमुख एनहिद इस्लाम के हवाले से यह जानकारी दी। इस्लाम ने बताया, हम यूनुस के इस्तीफे की खबर सुन रहे हैं। इसलिए मैं इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने गया था। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में सोच रहे हैं। यूनुस ने आशंका जताई है कि जब तक राजनीतिक दल सहमति नहीं बना लेते, वह काम नहीं कर पाएंगे। बांग्लादेश में बीते दो दिनों से अंतरिम सरकार और सेना के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया है। आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमा ने सैन्य मुख्यालय में अपने अधिकारियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि आम चुनाव इस साल दिसंबर से आगे नहीं टलने चाहिए। आर्मी चीफ ने चेतावनी दी कि यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के पास संवेदनशील राष्ट्रीय मुद्दों पर निर्णय लेने का कोई नैतिक या संवैधानिक अधिकार नहीं है। रखाइन कॉरिडोर के मुद्दे पर सेना मार्च से ही कह रही है कि ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



- **अंतरिम सरकार प्रमुख यूनुस दे सकते हैं इस्तीफा**

## तीर्थयात्रा — अमरनाथ यात्रा की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी

# देश भर से अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने कराया पंजीकरण

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 23 मई (देशबन्धु)। तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। वार्षिक यात्रा का संचालन करने वाले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारी और तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन में सहायता करने वाले लाइन विभाग ट्रैक क्लीयरेंस और यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को अन्य सुविधाएं प्रदान करने के काम में लगे हुए हैं।

*बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में हिमालय की गहराई में 3880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा की इस वर्ष की तीर्थयात्रा के लिए अब तक देश भर से चार लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने नामांकन कराया है। सूत्रों ने बताया कि हेलिकॉप्टर सेवाओं के लिए बुकिंग जून से शुरू होगी। इस बार चंदनवाड़ी से पिस्सू टॉप तक करीब पांच किलोमीटर लंबी 12 फीट चौड़ी बाईपास सड़क बनकर तैयार है और इस साल इसे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। इसके अलावा, चंदनवाड़ी ट्रैक पर जोजीबल तक बर्फ हटाने का काम पूरा हो चुका है और शेषनाग तक बर्फ हटाने का काम तीन दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि शेषनाग से महा गणेश (एमजी) टॉप तक पांच से 10 फीट बर्फ है, जिसे हटाने में एक पखवाड़ा से अधिक समय लगेगा। पंचतरणी से पवित्र गुफा तक बर्फ हटाने का काम भी जारी है, जबकि बालटाल ट्रैक पर बालटाल से काली माता तक बर्फ और भूस्खलन को हटा दिया गया है। हालांकि, इस क्षेत्र से आगे बर्फ और ट्रैक हटाने का काम जारी है। बालटाल की ओर से बालटाल, नीलग्रथ दोमेल, बराड़ी मार्ग, संगम, निचली गुफा और पवित्र गुफा और पहलगाम की ओर से नुनवान (नंदीवन), चंदनवाड़ी, पिस्सू टॉप, जोजीबल, शेषनाग, पोषपथरी और पंचतरणी सहित विभिन्न स्थानों पर शिविरों की स्थापना का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि बालटाल और नुनवान के बेस कैंपों में दो नए यात्री भवनों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसके अलावा, श्रीनगर के पंथाचौक में यात्री निवास की दो और मंजिलों का भी इस वर्ष उद्घाटन किया जाएगा और उन्हें तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, तीर्थयात्रियों के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा की जाएगी और सेना, आईटीबीपी, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस सहित 40,000 सुरक्षा कर्मियों को दोहरे ट्रैक और यात्रा शिविरों में तीर्थयात्रियों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किया जाएगा।*

# ब्राउन शुगर और अफीम के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार, 3.63 लाख की जब्ती

**मुंगेली,** 23 मई (देशबन्धु)। जिले की जरहागांव पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए ब्राउन शुगर और अफीम के साथ चार तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 3.63 लाख रुपये की अवैध सामग्री जब्त की गई है, जिसमें नशीले पदार्थ, मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन तथा साइबर सेल और थाना जरहागांव की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बिलासपुर से दो मोटरसाइकिलों में चार युवक ब्राउन शुगर और अफीम की तस्करी करते हुए मुंगेली की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना के आधार पर ग्राम छतीना (थाना जरहागांव) के पास घेराबंदी की गई। शाम 6.15 बजे के करीब दोनों मोटरसाइकिलों को रोककर तलाशी ली गई, जहां से मादक पदार्थ मिलने पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।



गिरफ्तार आरोपी और जब्ती विवरण– 1. अभिषेक देवांगन (20 वर्ष) –13 ग्राम ब्राउन शुगर, 16.48 ग्राम अफीम, एक मोबाइल फोन और ग्लैमर बाइक 2. मयंक साहू (19 वर्ष) –11.64 ग्राम ब्राउन शुगर, 9.94 ग्राम अफीम 3. राजकुमार देवांगन (24 वर्ष) – 12.93 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन और स्प्लेंडर बाइक 4. साहिल ठाकुर (21 वर्ष) – 14.30 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन कुल जब्ती विवरण– ब्राउन शुगर– 51.87 ग्राम (अनुमानित कीमत ?77,805) अफीम– 26.42 ग्राम (अनुमानित कीमत ?26,420) मोबाइल फोन– 03 नग (कुल कीमत ?1,04,000) मोटरसाइकिल– 02 नग (कुल कीमत ?1,40,000) कुल बरामद संपत्ति– ?3,63,225

गिरफतार सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना जरहागांव में अपराध क्रमांक 61/25 के तहत NDPS एक्ट की धारा 21, 22 और 18 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशे की तस्करी या बिक्री की सूचना मिले, तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

# भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन, अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद होगा अरपा उद्गम पेंड्रा का संरक्षण

**अरपा नदी पेंड्रा के उद्गम सहित जिले की सभी नदियों के संरक्षण हेतु सौंपे गये ज्ञापन के दौरान कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने दी उक्त जानकारी**



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 23 मई (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही की जिले की कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने कहा है कि अरपा उद्गम पेंड्रा की भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही निर्धारित नियमों का पालन करते हुए प्रक्रियाधीन है। अधिग्रहण की कार्यवाही समय सीमा के भीतर पूर्ण होने के बाद अरपा उद्गम पेंड्रा के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य योजना के अनुसार किया जाएगा।

उक्त बातें उन्होंने अरपा नदी पेंड्रा के उद्गम स्थल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मिलने गए प्रतिनिधिमंडल को कही। छत्तीसगढ़ की प्रमुख जीवनदायिनी नदी अरपा और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थलों के संरक्षण को लेकर अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेण्ड्रा एवं अरपा बचाओ अभियान, बिलासपुर के संयोजकों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल में 23 मई 2025 को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मण्डावी को ज्ञापन सौंपा है जिसमें अरपा नदी के उद्गम स्थल अमरपुर (पेण्ड्रा) क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण कर संरक्षण किया जाने, तथा वहाँ पर कुण्ड व बांध का निर्माण किये जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले से निकलने वाली सभी नदियों के उद्गम स्थलों को राजस्व रिकॉर्ड में चिन्हित किये जाने तथा उन्हें अतिक्रमण से मुक्त कर संरक्षित करने की मांग रखी और ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया गया कि अरपा नदी के उद्गम स्थल पर निरंतर अतिक्रमण हो रहा है। निजी भूमि स्वामियों द्वारा नदी के स्रोत क्षेत्र की जमीन का डायवर्सन कर प्लाटिंग कर दी गई है, जिससे जलधारा पूरी तरह बाधित हो चुकी है। बहाव क्षेत्र में भी अवैध अतिक्रमण कर धारा के प्राकृतिक प्रवाह को रोका जा रहा है। संघर्ष समिति ने यह भी उल्लेख किया कि पहले अरपा रिवाइवल कमेटी की बैठक में उद्गम स्थल के संरक्षण को लेकर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे और उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर प्रशासन ने समयसीमा में कार्रवाई का आश्वासन दिया था, परंतु अब तक धरातल पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। ज्ञापन में इस बात पर भी चिंता जताई गई कि अरपा के साथ–साथ सोन, तान, तिपान, बम्हनी, जोहिला, मलनिया, एलान, और जावस जैसी कई पवित्र नदियों का उद्गम इसी जिले से होता है, लेकिन ये सभी उद्गम स्थल उपेक्षा का शिकार हैं। इन स्थलों को संरक्षित कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना आवश्यक है।

अरपा बचाओ अभियान के संयोजक सोमनाथ यादव ने ने कलेक्टर से निवेदन किया कि वे शीघ्र ठोस कदम उठाते हुए इन महत्वपूर्ण जलस्रोतों को संरक्षण प्रदान करें...

वहीं कलेक्टर ने पूरे मामले में कहां है कि हाई कोर्ट के निर्देश के बाद प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू कर दी है अधिग्रहण की कार्यवाही होते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में डा सोमनाथ यादव संयोजक अरपा बचाओ अभियान बिलासपुर, महेश श्रीवास, डा सुधाकर बिबे, राजेंद्र मौर्य, देवानंद दुबे, यश मिश्रा,अनूप श्रीवास , अक्षय नामदेव संयोजक अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा रामनिवास तिवारी दुर्गा प्रसाद अग्रवाल एवं जिले के नदी प्रेमी उपस्थित थे।

# 25 मई को यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

## कमिश्नर-आईजी ने की तैयारी की समीक्षा,17 केन्द्रों में 5948 परीक्षार्थी होंगे शामिल




**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 25 मई रविवार को बिलासपुर सहित देश के कई शहरों में आयोजित की गई है। संभागायुक्त सुनील जैन और आईजी संजीव शुक्ला ने मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर इसके लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। कमिश्नर ने यूपीएससी की गाइडलाईन और एसओपी की जानकारी देकर इनका अक्षरश: पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, यूपीएससी से आए प्रतिनिधि सहित नोडल अधिकारी और सभी केन्द्राध्यक्ष इस अवसर पर उपस्थित थे। जिले के 17 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित होगी जिसमें 5948 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कमिश्नर श्री जैन ने कहा कि यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन सुचारू, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से हो। गर्मी के मद्देनजर परीक्षार्थी के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा केन्द्र में विद्युत व्यवस्था बाधित न हो, जनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। परीक्षा केन्द्रों में जैमर लगाया जाए। परीक्षा केन्द्रों मे जिनकी ड्यूटी लगाई गई है उन्हें पास जारी किए जाए। अनाधिकृत कोई भी व्यक्ति केन्द्रों में प्रवेश न कर पाए। आईजी श्री संजीव शुक्ला ने पुलिस के अधिकारियों को चौकन्ना रह कर सुरक्षा के तमाम इंतजाम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने परीक्षा के आयोजन के लिए जारी एसओपी का अक्षरश: पालन करने के निर्देश दिए।

### दो पाली में होगी परीक्षा

25 मई को यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा दो पाली में सवेरे 9.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को हर पाली में आधे घंटे पहले अपनी उपस्थिति देनी अनिवार्य होगी। परीक्षा में मोबाईल सहित सभी तरह के संचार यंत्र, स्मार्ट वॉच वर्जित होगा। जिला कार्यालय में परीक्षा संबंधी सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 25 में स्थापित की गई है। जिसका दूरभाष र्क्रमांक 07752–226342 है।

# सिंध यूथ युवा समिति द्वारा 'एक देश एक चुनाव' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन




**मुंगेली** 23 मई (देशबन्धु)। सिंध यूथ युवा समिति द्वारा झूलेलाल धाम में 'एक देश एक चुनाव' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मुंगेली के विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' देश में चुनाव सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी और यह पहल देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्रों की श्रेणी में ले जाने में सहायक होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि बार–बार चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होते हैं। 'एक देश एक चुनाव' हर दृष्टिकोण से उचित और व्यावहारिक है, और हमें इस दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य करना चाहिए। संगोष्ठी के संयोजक सुनील पाठक ने कहा कि इस व्यवस्था से समय और खर्च दोनों की बचत होगी तथा प्रशासनिक अड़चनों में भी कमी आएगी। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से इस मुद्दे पर राय मांगी, जिस पर सभी ने हाथ उठाकर समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर सिंध युवा समिति के संरक्षक मोहन भोजवानी, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जिलापंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जयप्रकाश मिश्रा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, लोरमी जनपद की अध्यक्ष वर्षा सिंह, संयोजक रवि शर्मा, हरिशंकर वर्मा, कोटूमल दादवानी, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि उदय जायसवाल, अनुराग सिंह, रामशरण यादव, राजेश्वर टंडन, कलीम बागड़ी, उत्तम साहू, जीवन पटेल, धनराज सिंह समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण मंडल महामंत्री एवं एक राष्ट्र एक चुनाव के संयोजक नितेश भारद्वाज ने किया तथा आभार प्रदर्शन विनय साहू लोरमी ने किया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**
नगर निगम टाऊन हाल के पीछे पिन:– 495001 फोन नं. 07752 418657 Email- eebr.bilaspur@gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक 1391/ NIT-1/ 2025-26/ व.ले.लि. / बिलासपुर, दिनांक : 21/05/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:– 29/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– 05/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 06/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 T0003 | उप–संभाग क्र.01 बिलासपुर के अंतर्गत बजट वर्ष 2025–26 में सम्मिलित फ्लाई ओव्हर के सर्वेक्षण कार्य। (जिला बिलासपुर के राजीव गांधी चौक–नेहरू चौक–महामाया चौक–सीपत चौक (वाय आकार) मार्ग पर, राजेन्द्र नगर चौक–अग्रसेन चौक–तारबहार चौक मार्ग पर एवं मंगला चौक पर फ्लाई ओव्हर का निर्माण कार्य) | 4.23<br>4230.00<br>63450.00 |

निविदा संबंधी शर्तें :–
(1) निविदा प्रपत्र की राशि 750/–
(2) कार्य के लिए निविदाकारों की श्रेणी–एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत ''द'' से ''अ'' तक
(3) कार्य पूर्णता की अवधि 01 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(4) विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
निविदा संबंधी अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**
जी– 252601102/1


**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**पाक को फिर ग्रे सूची में...**

मंत्रियों के सामने भी पाकिस्तान को आईएमएफ की ओर से मिल रही सहायता का मुद्दा उठाया है। भारतीय दूतावास इस मुद्दे में मदद के लिए आईएमएफ के सभी समकक्षों से संपर्क कर रहे हैं। आईएमएफ ने इस बीच पाकिस्तान को दिए गए अपने बेलआउट पैकेज का बचाव किया है। आईएमएफ ने कहा कि पाकिस्तान ने सभी फंडिंग शर्तों को पूरा किया है, जिस वजह से इस पैकेज को मंजूरी दी गई है। 9 मई 2025 को जब इस पैकेज की मंजूरी को लेकर आईएमएफ की बोर्ड मीटिंग हो रही थी, तो भारत ने कर्ज देने पर आपत्ति जताई थी और वोटिंग में शामिल नहीं हुआ था। भारत ने कहा था, पैकेज पर दोबारा विचार होना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान इन पैसों का इस्तेमाल आतंक को बढ़ावा देने में कर सकता है। हालांकि, आईएमएफ ने इसे नहीं माना।

**शहीद मेहुल भाई के ...**

है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल नाश का अपना संकल्प हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। सरकार शहीद परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग करेगी। कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई का बलिदान वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सर्वोच्च परंपरा को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरन्दर मिश्रा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

**दस लाख के इनामी ...**

वर्ष 2025 में अब तक कुल 227 माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण। वहीं वर्ष 2025 में अब तक कुल 237 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 119 माओवादियों को अलग–अलग मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने मार गिराया गया है।

**प्रदेश में आईपीएस कैडर ...**

मंजूरी दी गई थी। दूसरा रिवीजन 30 मार्च 2010 को राजपत्र में प्रकाशित हुआ था। इसमें कैडर बढ़ाकर 1–3 कर दिया गया था। तीसरा रिवीजन 19 मई 2017 को किया गया था, जिसमें आईपीएस संवर्ग के लिए 142 पदों को मंजूरी दी गई थी। चौथे रिवीजन में 11 पद और बढ़ाकर आईपीएस संवर्ग के लिए पदों की संख्या 153 कर दी गई है। छत्तीसगढ़ में आईपीएस अफसरों की लगातार बढ़ती आवश्यकता तथा नए जिले बनने के कारण आईपीएस कैडर बढ़ाना जरूरी हो गया था। भारत सरकार के गजट में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया है कि भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग 1954 के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के परामर्श से आईपीएस कैडर का चौथा रिवीजन कर दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय के अवर सचिव संजय चौरसिया के दस्तखत से जारी इस नोटिफिकेशन में कैडर शामिल पदों की व्याख्या भी की गई है।

**भारत की विदेश नीति...**

के कुछ अंश का वीडियो साझा करते हुए कहा, 'इनकी जुबान क्यों लड़खड़ा रही है?' इस साक्षात्कार में जयशंकर से अमेरिकी 'मध्यस्थता' संबंधी डोनाल्ड ट्रंप के दावे समेत कई विषयों पर सवाल किए गए थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव गौरव पंधी और पार्टी के कुछ नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा जयशंकर के लिए इस्तेमाल किए गए 'जेजे' शब्द का मतलब 'जयचंद जयशंकर' है। हाल ही में भाजपा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'नए जमाने का मीरजाफर' बताया था, तो कांग्रेस ने पलटवार करते हुए जयशंकर को 'आज के युग का जयचंद' करार दिया। ट्रंप हाल के दिनों में कई बार यह दावा कर चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष उन्होंने रुकवाया, हालांकि भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तानी सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क साधने के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने की बुनियाद पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान ने विश्वास दिलाया कि वह कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं करेगा, जिसके बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के बारे में विचार किया गया।

**बांग्लादेश की राजनीति में ...**

हमारी सहमति के बिना इसे बनाना अवैध है। सेना इसे दिसंबर 2025 से आगे खींचने को लेकर नाराज है। इसके चलते आगे टकराव तेज हो सकते हैं। यूनुस के अलावा कट्टरपंथी जमात–ए–इस्लामी भी चुनाव टालने के पक्ष में हैं। दरअसल, बांग्लादेश में म्यांमार सीमा पर रखाइन जिले में मानवीय गलियारा बनाने की कथित योजना को लेकर सेना और सरकार आमने–सामने है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने घोषणा की थी कि अंतरिम सरकार ने अमेरिका की तरफ से प्रस्तावित रखाइन कॉरिडोर पर सहमति व्यक्त कर दी है।


**कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान**
**जांजगीर, जिला जांजगीर–चांपा छ.ग.**
ज्ञाप क्र. / 91/ भोजन / 2025–26 जांजगीर, दिनांक 23.05.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

डाइट जांजगीर के द्वारा सत्र 2025–26 में होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण हेतु जिला जांजगीर चांपा में निवासरत फर्म से भोजन हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। भोजन हेतु इच्छुक फर्म जिनका खाद्य विभाग में जीवित पंजीयन है डाइट जांजगीर में 03.06.2025 तक सीलबंद लिफाफे में दोपहर 02 बजे तक निविदा जमा करेंगे। विस्तृत जानकारी डाइट जांजगीर के सूचना पटल/ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**प्राचार्य**
**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर,**
**जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोटा**
**जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**
**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./ 2025–26, कोटा, दिनांक 01.05.2025, निविदा सिस्टम नं. 167742 (प्रथम आमंत्रण) जी नम्बर– 252600642/10 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | Online Tender are invited up to 29.05.2025, 17:30 Hours. |
| 2 | Bid Open Date and Time 30.05.2025 at 11:30 Hours. |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग**
**कोटा (छ.ग.)**
**कृते–मुख्य अभियंता**
**हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
जी-252601098/2



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–नारायणपुर, (छ.ग.)**
Ph.& Fax No. 07781-252913 E-Mail ID - cmho.narayanpur@gmail.com
क्रमांक/ 2232/ NHM/ लेखा/ मु.चि.अ./ 2025–26
नारायणपुर, दिनांक 22/05/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला नारायणपुर के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु (RBSK) हेतु 07 सीटर, चार पहिया वाहन किराये लिए जाने हेतु पंजीकृत फर्मों/ संस्थाओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

अत: अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निम्नानुसार तिथियों में निर्धारित राशि 1000 रूपये (शब्दों में– एक हजार रूपये) डी.डी.जमा कर निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्त प्रारूप प्राप्त किया जा सकता है।
उक्त निविदा को www.Narayanpur.gov.in में देखा जा सकता है।

1 निविदा फार्म बिक्री की प्रारंभिक तिथि दिनांक 22/05/2025 है एवं निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि दिनांक 19/06/2025 (शाम 5:00 बजे) तक है।

2 मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20/06/2025 समय अपरान्ह 1:00 बजे तक। निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.) अथवा स्पीड पोस्ट अथवा पी.एंड.टी. विभाग से अधिकृत कोरियर अथवा निर्धारित टेंडर बाक्स के माध्यम से प्राप्त की जाएगी।

3 मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि 20/06/2025 समय शाम 3:00 बजे।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला नारायणपुर (छ.ग.)**
संवाद – 43944/2



**Bandhan Bank** | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद–06. फोन: +91-79-26421671-75

**ऋणीओं के लिए मांग सूचना**

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा सिक्युरिटाइझेशन एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन ओफ फायनान्सियल एसेट्स एन्ड एन्फोर्समेन्ट ओफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट (धी एक्ट), 2002 की धारा 13 (2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी की गई थी, जो वापिस आई है। इस लिए आप सभी को और सार्वजनिक जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती उमा खाण्डेय<br>श्री.लखन लाल चौहान<br>20008570000591<br>20008570000899<br>20008570000559 | सभी अचल संपत्ति जो खसरा नंबर 1175/1चा, महामाया चौक खिसोरा, ग्राम खिसोरा तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ़ पर स्थित और जो आवरित है: उत्तर : कार्तिकराम यादव का घर, पूर्व: सरकारी भूमि, पश्चिम: सड़क, दक्षिण: सरकारी भूमि | 13.01.2025/<br>04.07.2023 | रु.18,26,832.67 | 11.04.2025 |

आप से इस सूचना के माध्यम से यह मांग की जाती है की इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने वर्णित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च, शुल्क सहित का भुगतान कर दें, अन्यथा सरफैसी एक्ट की धारा 13 (4) के तहत अगली कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

स्थान: जांजगीर
तारीख: 24/05/2025

**प्राधिकृत अधिकारी**
**बंधन बैंक लिमिटेड**



**Bandhan Bank** | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी । ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है । अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा । सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है ।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| बी ऐनी मोहन<br>बी मुरली मोहन<br>20008520002888,<br>20008520002894 | सभी अचल संपत्ति जो सभी वर्तमान और भविष्य की संरचनाओं के साथ संपत्ति सर्वे नं.177/10; एलआईजी 201, क्षेत्रफल 899.75 वर्ग फीट, दीन दयाल आवास मौजा सैदा; सीजी हाउसिंग बोर्ड, सकरी, तखतपुर, बिलासपुर स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: रोड, पूर्व: एलआईजी 202, पश्चिम: एलआईजी 200, दक्षिण: एलआईजी 188 | 26.02.2025 | 19.05.2025 | रू.21,66,188.71 |

स्थानः बिलासपुर
तारीख: 24/05/2025

**प्राधिकृत अधिकारी**
**बंधन बैंक लिमिटेड**



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. ............./
ब–121/ 2024–25
ग्राम भूसण्डी प.ह.नं. 04

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भूसण्डी वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिचंद यादव पिता बेदराम जाति यादव निवासी ग्राम भूसण्डी तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने माता जी बुधाबाई के मृत्यु दिनांक 24/05/2013 को ग्राम पंचायत भूसण्डी में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् पत्र प्रस्तुत किया है, अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 6/06/2025 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**



**नाम परिवर्तन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती आयरिस बरखा सेमुएल (Iyris Barkha Samuel) जन्म तिथि 27/07/1977 पति श्री समित सेमुएल निवासी वार्ड क्रमांक 01, तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.की हूं जो शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे पूर्व के आधार कार्ड पर मेरा नाम आयरिस बरखा सेमुएल (Ayris Barkha Samuel) तथा जन्म तिथि 01/01/1979 दर्ज है। जिसे मेरे द्वारा सुधार कराकर वास्तविक जन्म तिथि 27/07/1977 एवं नाम स्पेलिंग आयरिस बरखा सेमुएल (Iyris Barkha Samuel) करवा लिया गया है।

इसी तरह मेरे पूर्व पेन कार्ड पर मेरा नाम आयरिस बरखा लदेर पिता श्री सरोज कुमार लदेर अंकित है, जिसे सरेण्डर कराकर मेरे द्वारा नया पेनकार्ड संख्या QAGPS4788K जारी करा लिया गया है जिस पर मेरा नाम आयरिस बरखा सेमुएल (Iyris Barkha Samuel) दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है अत: आज दिनांक से मुझे मेरे नये आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में अंकित नाम आयरिस बरखा सेमुएल (Iyris Barkha Samuel) पति श्री समित सेमुएल एवं जन्म तिथि 27/07/1977 के अनुसार मेरे संबंधित अभिलेखों व अन्य दस्तावेजों पर लिखा जावें।

**श्रीमती आयरिस बरखा सेमुएल**
**(Iyris Barkha Samuel)**
पति श्री समित सेमुएल निवासी
वार्ड क्रमांक 01, तखतपुर तहसील
तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री संजय कुमार पटेल पिता स्व. चन्द्रशेखर पटेल जाति अघरिया निवासी कोटमी तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) ने भूमि ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15 तहसील डभरा भूमि खसरा नंबर 1762/1, 1226/2 रकबा क्रमश: 0.380, 0.648 हे. कुल रकबा 1.028 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का औद्योगिक व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 12.06.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डभरा**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री देवेन्द्र पटेल पिता स्व.प्रेमलाल पटेल जाति अघरिया निवासी कोटमी तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) ने भूमि ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15 तहसील डभरा भूमि खसरा नंबर 1690/2 रकबा 0.1130 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का औद्योगिक व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 12.06.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डभरा**

# देश

**उवाच** “ 'पीएम मोदी अच्छा भाषण देने के साथ ही साथ अच्छे फिल्मी डायलॉग भी डिलिवर करते हैं। जब वह भाषण देते हैं तो उनके संबोधन में उनका सिंदूर और खून खूब खौलता है। लेकिन, उस समय सिंदूर ठंडा क्यों पड़ जाता है, जब चीन की सेना ने हमारे 21 से ज्यादा जवान शहीद कर दिए तब पीएम मोदी का खून क्यों नहीं खौला? : **प्रमोद तिवारी, कांग्रेस सांसद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41° | 31° |
| मुंबई | 31° | 28° |
| कोलकाता | 32° | 28° |
| चेन्नई | 33° | 29° |

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील, कहा

# 'जाति जनगणना को लेकर निडर होकर जनता के बीच जाएं'

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। सामाजिक न्याय पर आयोजित कांग्रेस प्रवक्ताओं की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जाति जनगणना को लेकर हमारी जिम्मेदारी है कि हम तथ्यों के साथ, संवेदनशीलता के साथ और निडर होकर जनता के बीच जाएं।

खड़गे ने कहा कि यह कार्यशाला केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह हमारे विचार और संघर्ष की निरंतरता है। आज जब देश जातीय न्याय की बात कर रहा है, तब कांग्रेस पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह इस विमर्श को दिशा दे, उसे नारे से नीति तक ले जाए और 'जितनी आबादी, उतना हक' को केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प बनाए। हम सभी जानते हैं कि जातिगत जनगणना का मुद्दा कोई नया नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने इसे लगातार उठाया है, हमारे घोषणा पत्रों में, संसद में, सड़कों पर और हर उस मंच पर जहां सामाजिक न्याय की बात होनी चाहिए। मैंने स्वयं अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह मांग दोहराई थी कि जाति जनगणना को तत्काल शुरू किया जाए। उस पत्र में मैंने साफ कहा था, 'जब तक हमारे पास सही आंकड़े नहीं होंगे, तब तक कोई भी सरकार यह दावा नहीं कर सकती कि वह सबको न्याय दिला रही है।'

उन्होंने कहा कि आज हमें यह पूछना है, ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों की देश के सत्ता-संरचनाओं में भागीदारी क्या है? क्या वे मीडिया में, नौकरशाही में, न्यायपालिका में, कॉर्पोरेट सेक्टर में और उच्च शिक्षा संस्थानों में अपनी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व रखते हैं? अगर नहीं, तो इसका कारण क्या है? और, समाधान क्या है? इसका समाधान है, सच्चाई को सामने लाना, आंकड़ों को सार्वजनिक करना और फिर नीतियों का पुनर्निर्माण करना। यही कारण है कि जाति जनगणना को हम केवल एक आंकड़ों की कवायद नहीं मानते, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र का नैतिक दायित्व है।



**यह कार्यशाला केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह हमारे विचार और संघर्ष की निरंतरता है। आज जब देश जातीय न्याय की बात कर रहा है, तब कांग्रेस पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह इस विमर्श को दिशा दे: मल्लिकार्जुन खड़गे**

**ओबीसी, दलित और आदिवासी छात्रों को निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिले**

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमें यह भी स्पष्ट रूप से मांग करनी है कि संविधान के अनुच्छेद 15(5) को तुरंत लागू किया जाए, जिससे ओबीसी, दलित और आदिवासी छात्रों को निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिले। आज जब शिक्षा का बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र में केंद्रित हो गया है, तब इन समुदायों को उस पहुंच से वंचित रखना एक प्रकार का शोषण है। कांग्रेस का मानना है कि शिक्षा में समान अवसर के बिना कोई भी समाज बराबरी का नहीं हो सकता। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पर अब नए आंकड़ों के आलोक में पुनर्विचार हो। जब सामाजिक वास्तविकताएं बदल चुकी हैं और आंकड़े नई तस्वीर पेश कर रहे हैं, तो हमारी नीतियों में भी उसी अनुरूप परिवर्तन होना चाहिए। आरक्षण की वर्तमान सीमा को आंकड़ों और न्याय दोनों के संतुलन से देखा जाना चाहिए, ताकि ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों को उनका वास्तविक हक मिल सके।

### भाजपा सांसद इस पोस्ट से अपनी अज्ञानता का प्रदर्शन कर रहेः सुप्रिया श्रीनेत

■ **निशिकांत दुबे की पोस्ट को सुप्रिया श्रीनेत ने बताया 'फर्रे', बोलीं- इससे जनता को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नसीहत देने के उद्देश्य से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट पर कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा सांसद इस पोस्ट से अपनी अज्ञानता का प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, 'मैं भाजपा सांसद के ज्ञान को लेकर स्पष्ट कर दूं कि राजीव गांधी ने 6 मार्च 1991 को चंद्रशेखर सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। जिस समझौते का वे जिक्र कर रहे हैं, वह संभवत: अप्रैल के आसपास हुआ था, लेकिन यह शांति काल के लिए था। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच हमारी सेना, नौसेना और वायु सेना की गतिविधियों के बारे में किसी भी गलतफहमी से बचना था। भाजपा यह मान रही है कि जयशंकर ने भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान को

### आईफोन पर ट्रंप के ताजा बयान की निंदा करे सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत में बनने वाले आईफोन को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताजा बयान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे भारत में निवेश पर हमला बताया और कहा कि मोदी सरकार को बयान की निंदा करते हुए इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने डोनाल्ड ट्रंप के एक ट्वीट को उदधृत करते हुए कहा, 'ट्रम्प ने एक बार फिर एप्पल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में बने हुए आईफोन अमेरिका में न बेचे जाएं। अमेरिका में वही आईफोन बिकेगा जो अमेरिका में बनेगा। अगर भारत के बने हुए आईफोन अमेरिका में बेचे, तो 25 प्रतिशत का टैरिफ लगेगा।' पार्टी ने लिखा 'इससे पहले कतर में भी डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था- मुझे भारत में आईफोन बनने से दिक्कत है। ये सीधे तौर से भारत के निवेश पर हमला है। क्या नरेन्द्र मोदी इस बयान की निंदा करेंगे। ट्रंप लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जिसका जवाब मोदी सरकार को देना चाहिए लेकिन मोदी सरकार खामोश है। आखिर इस चुप्पी की क्या वजह है।'

## राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विपक्ष केंद्र सरकार के साथ, नहीं होनी चाहिए राजनीति : तेजस्वी यादव

**बांका,** 23 मई (एजेंसियां)। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बांका जिले में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि मौजूदा समय में भारत पाकिस्तान को करारा जवाब दे रहा है। विपक्ष पूरी तरह से सरकार और देश के साथ खड़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी दलों को एकजुट होकर देशहित में काम करना चाहिए। हमारी सेना और अर्धसैनिक बल देश की रक्षा में दिन-रात लगे हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम उनके साथ मजबूती से खड़े रहें।



प्रेस वार्ता के दौरान तेजस्वी यादव ने बौसी थाना क्षेत्र की हालिया दुखद घटना पर भी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे उस युवक के परिजनों से मिलने आए हैं जिसकी मौत बारात ले जाने के दौरान बस के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर हो गई थी। उन्होंने सरकार से ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को तत्काल बिजली के तारों की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना चाहिए। तेजस्वी यादव ने सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को लेकर भी बड़ा बयान दिया।

उन्होंने कहा कि जो सैनिक लड़ाई के दौरान शहीद होते हैं, उनके साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। इस विषय में उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा है। देश की सुरक्षा में लगे हर जवान का सम्मान समान रूप से होना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पहलगाम हमले पर तेजस्वी यादव ने कहा कि देश जानना चाहता है कि आखिर वह घटना कैसे हुई और किन खामियों की वजह से इतना बड़ा नुकसान हुआ। विपक्ष इस मुद्दे पर लगातार सवाल उठाता रहा है, लेकिन सरकार ने अभी तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया है।

बिहार की समस्याओं पर बोलते हुए तेजस्वी यादव ने बेरोजगारी और पलायन को सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में फैक्ट्रियां और निवेश की कमी के कारण युवाओं को रोजगार के लिए अन्य राज्यों का रुख करना पड़ता है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के कारण भी लोग बाहर जाने को मजबूर हैं।

## सार संक्षेप

### महायुति गठबंधन मजबूती से लड़ेगा नगर पालिका चुनाव : छगन भुजबल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय जाहिर की। उन्होंने अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए मीडिया में चल रही अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई बात नहीं है। आगामी नगर पालिका चुनावों के संदर्भ में भुजबल ने कहा कि महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में सभी निर्णय लिए जाएंगे। हम एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के मार्गदर्शन में हमारा गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ेगा। छगन भुजबल ने यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी विशेष विभाग के लिए दबाव नहीं डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे जो भी विभाग मिलेगा, मैं उसमें पूरी मेहनत से काम करूंगा। मैं 1991 से मंत्रिमंडल में रहा हूं, चाहे वह गृह, आवास, पीडब्ल्यूडी या वर्तमान खाद्य और आपूर्ति विभाग हो, मैंने हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

### तेजस्वी यादव फर्जी हिंदू हैं : संजय सरावगी


**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी ने शुक्रवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि तेजस्वी यादव फर्जी हिंदू हैं, जिन पर किसी भी कीमत पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। राजनीति में अब तेजस्वी यादव की विश्वसनीयता खतरे में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ने सिर्फ बिहार को लूटने का काम किया है। इस पार्टी को जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। इस पार्टी ने बिहार को पूरी तरह से खोखला कर दिया है। बिहार की प्रतिभा इनके शासनकाल में दूसरे राज्यों में चली गई।

### राष्ट्रहित के मुद्दे पर कांग्रेस को राजनीति नहीं करनी चाहिए : मंगल पांडेय

**पटना।** भारत सरकार की तरफ से सर्वदलीय सांसदों के डेलिगेशन को विदेश भेजे जाने पर कुछ कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाए हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं दिग्गज भाजपा नेता मंगल पांडेय ने निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रहित के मुद्दे पर कांग्रेस को राजनीति नहीं करनी चाहिए। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा, 'विपक्ष के लोग कहते हैं कि हम देश हित और आतंकवाद के खिलाफ मामले में सरकार के साथ हैं। पाकिस्तान के साथ लड़ाई में सरकार के साथ हैं, लेकिन वो कहते कुछ और करते कुछ हैं। जब कहीं देश के अंदर या देश के बाहर उनकी गतिविधियों को देखेंगे तो वो हमेशा राष्ट्र विरोधी दिखाई पड़ते हैं।'

## नागरिक अधिकार सुनिश्चित करने के लिए नए आपराधिक कानूनों पर पूरा अमल जरूरीः शाह

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की और कहा कि नागरिकों को अधिकार दिलाने के लिए नए आपराधिक कानूनों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन आवश्यक। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय और आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय संविधान की भावना को ज़मीन पर उतारने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के बनने मात्र से नागरिक अधिकार को बल नहीं मिलेगा, बल्कि नागरिकों को अधिकार दिलाने के लिए इन कानूनों का ज़मीनी स्तर पर पूर्ण कार्यान्वयन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण अमल से ही नागरिकों को उनके अधिकार मिल सकते हैं जिसके लिए तकनीक का उपयोग और निरंतर निगरानी अतिआवश्यक है।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश को नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए सटीक समीक्षा करनी चाहिए जिससे राज्य में नए कानूनों पर जल्द से जल्द अमल सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि 60 और 90 दिन की समयसीमा के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने और आरोप तय करने के लिए समयसीमा तय करने पर जोर देना ज़रूरी है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सैन्य शक्ति का प्रतीक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आज यह अलंकरण समारोह ऐसे समय में हुआ है जब बीएसएफ और सेना पूरे विश्व के सामने साहस का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और भारतीय सेना की मारक क्षमता के अद्भुत समन्वय का परिणाम है। जब ये तीनों एक साथ आते हैं, तो हमें ऑपरेशन सिंदूर मिलता है। अमित शाह ने अपने संबोधन में बीएसएफ की ऐतिहासिक भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 1965 के युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा की कमियों को देखते हुए एक ऐसे बल की आवश्यकता महसूस हुई, जो शांति काल में भी सीमाओं की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

## राहुल गांधी का सवाल जनता की आवाज : संजय राउत

■ **पाकिस्तान पर नहीं कर सकते भरोसा**

**मुंबई,** 23 मई (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सवालों का समर्थन करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जो सवाल पूछे हैं, वे देश के 140 करोड़ लोगों के मन की बात है। संजय राउत ने कहा, 'राहुल गांधी ने पूछा है कि पाकिस्तान पर भरोसा क्यों करें? यह सवाल गलत कैसे हो सकता है? पूरा विश्व जानता है कि पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सिर्फ भाजपा के ट्रोलर्स को ही शायद यह सवाल नहीं समझ आता।' संजय राउत ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'ट्रंप से भारत को क्या फायदा हुआ? ट्रंप ने तो भारत को नुकसान ही पहुंचाया। हमारा आतंकवाद के खिलाफ युद्ध जमीन हड़पने के लिए नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए था। हमने पाकिस्तान से आतंकवाद खत्म करने के लिए लड़ाई शुरू की थी, लेकिन ट्रंप ने हमारा साथ देने के बजाय नुकसान पहुंचाया। राहुल गांधी का यह सवाल जनता की आवाज है। अगर राहुल गांधी ने यह सवाल पूछा है, तो मैं समझता हूं कि यह जनता के मन की बात है।'



**'हमारा खून खौलता है। हमारी रगों में देशभक्ति और भारत प्रेम का खून दौड़ता है। जब हमारे 26 निर्दोष लोग मारे गए, जब हमारी महिलाओं का सिंदूर मिटा, तब भी हमारा खून खौलता हैः संजय राउत**

**'हमारा खून भी खौलता हैः राउत**

संजय राउत ने आगे कहा, 'हमारा खून खौलता है। हमारी रगों में देशभक्ति और भारत प्रेम का खून दौड़ता है। जब हमारे 26 निर्दोष लोग मारे गए, जब हमारी महिलाओं का सिंदूर मिटा, तब भी हमारा खून खौलता है। हमारे पास खून के अलावा कुछ नहीं, और वही खून देश के लिए बहता है।' संजय राउत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'क्या भाजपा डोनाल्ड ट्रंप की पोस्टर बॉय बन गई है? राहुल गांधी ने क्या गलत सवाल पूछा है? पहले सवाल को समझिए।

### ग्वालियर हाईकोर्ट में अंबेडकर मूर्ति विवाद में कूदी मायावती, बोलीं

## राज्यपाल, कोर्ट और सीएम मूर्ति कराए स्थापित

**लखनऊ,** 23 मई (एजेंसियां)। ग्वालियर हाईकोर्ट में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर चल रहे विवाद में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती भी कूद गई हैं। उन्होंने न्यायालय, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से सम्मानपूर्वक मूर्ति स्थापित कराने की मांग उठाई है। बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खंडपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया गया और मूर्ति भी बनकर तैयार हुई। उन्होंने आगे कहा कि किंतु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई। बाबासाहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है। बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि मध्य प्रदेश के राज्यपाल, उच्च न्यायालय तथा माननीय मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर हाईकोर्ट की खंडपीठ में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हैं। बार एसोसिएशन का एक पक्ष प्रतिमा लगाने का विरोध कर रहा है, जबकि कई अधिवक्ता इसके पक्ष में हैं। इसे लेकर माहौल गरमाया है। इसके पक्ष में कई और संगठन भी उतरे हैं। इस विवाद में भीम सेना भी कूद पड़ी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सतपाल तंवर ने कहा कि ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा लगाने से रोकना न सिर्फ गलत है, बल्कि यह संविधान निर्माता और एससी समाज का अपमान है।



### निशिकांत दुबे का इलाज आगरा पागलखाने में कराने की जरूरत : सुरेंद्र राजपूत

**लखनऊ,** 23 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव की वजह से भाजपा और कांग्रेस कई मुद्दों पर एक साथ तो कई मुद्दों पर एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करती नजर आई हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने एक बार फिर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा है। सुरेंद्र राजपूत ने कहा, हमारी सुरक्षा एजेंसियां बेहतरीन तरीके से काम कर रही हैं। सुरक्षा एजेंसियों के काम पर किसी भी तरह की राजनीतिक टीका-टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। देश की बाह्य सुरक्षा का काम सेना करती है और आंतरिक सुरक्षा का काम सुरक्षा एजेंसियां करती हैं। हमारा स्पष्ट मानना है कि देश की सुरक्षा के लिए एजेंसियों को जो भी करना पड़े, वह उन्हें करने देना चाहिए। किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए और निष्पक्ष तरीके से सभी की जांच होनी चाहिए। राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरी है।' भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर सुरेंद्र राजपूत ने कहा, 'वह मानसिक रूप से विक्षिप्त हो चुके हैं। ?

### पाकिस्तान इंसानियत में विश्वास नहीं करता, उसने आतंकवाद को अपना मॉडल बनाया : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में इंडिगो एयरलाइंस के विमान को लैंडिंग की इजाजत नहीं मिलने पर शिवसेना यूबीटी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तल्ख टिप्पणी की। इसके अलावा उन्होंने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजने की केंद्र की पहल पर भी अपनी राय रखी। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि विमान में चीख-पुकार मची थी, लेकिन पाकिस्तान ने फिर भी परमिशन नहीं दी। पाकिस्तान अब इंसानियत में विश्वास नहीं करता, उसने खुद को आतंकिस्तान में तब्दील कर लिया है। दुनिया को पाकिस्तान का असली चेहरा देखना चाहिए। कुछ सेकंड की बात थी, यह इंसानियत का सवाल था, पूरा क्रू और यात्री जीवन-मृत्यु के बीच झूल रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान मानवता के बुनियादी सिद्धांतों को भी भूल गया है। वह मानव जीवन, मानवीय विश्वास, मदद करने की प्रवृत्ति पर विश्वास नहीं करता।



■ **पाकिस्तान में इंडिगो एयरलाइंस के विमान को लैंडिंग की इजाजत नहीं मिलने पर तल्ख टिप्पणी की**

उन्होंने सवाल किया कि अगर वह ऐसा करते, तो क्या पाकिस्तान आज इस स्थिति में होता? उन्होंने आतंकवाद को अपना मॉडल बना लिया है और दुनिया भर में आतंक फैला रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि डीजीसीए को इस मामले की जांच करनी चाहिए। यह सिर्फ टर्बुलेंस नहीं था, यह एक गंभीर सुरक्षा मामला था।

इससे पहले उन्होंने एक एक्स पोस्ट में लिखा था, 'इस बात से हैरान मत होइए, पाकिस्तान न केवल एक दुष्ट राष्ट्र है, बल्कि अपने इरादों में बेशर्म भी है, जिसमें मानवीय मूल्यों का अभाव है। मैं फिर से दोहराती हूं कि इंडिगो के पायलट को तूफान में शांत रहने और चालक दल और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सम्मानित किया जाना चाहिए।'

**संकट** *मनोरंजन उद्योग में भय व्याप्त होने के कारण, प्रोडक्शन हाउस घाटी से हट रहे*

# कश्मीर के नवजात फिल्म पर्यटन पुनरुद्धार पर भी ग्रहण लगा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 23 मई (देशबन्धु)। कश्मीर वादी के सबसे खूबसूरत पर्यटनस्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले ने कश्मीर के नवजात फिल्म पर्यटन पुनरुद्धार पर ग्रहण लगा दिया है, जिसके कारण कई निर्धारित शूटिंग रद्द और स्थगित करनी पड़ी हैं। दरअसल मनोरंजन उद्योग में भय व्याप्त होने के कारण, प्रोडक्शन हाउस घाटी से हट रहे हैं, जिससे व्यस्त शूटिंग सीजन पटरी से उतर गया है।**

पहलगाम आतंकी हमले ने लाइन प्रोड्यूसर और स्थानीय कलाकार, जिन्होंने इस साल मीडिया से जुड़े पर्यटन में उछाल की उम्मीद लगाई थी, कहते हैं कि इसका प्रभाव तत्काल और गंभीर रहा है।

श्रीनगर स्थित लाइन प्रोड्यूसर साइमा भट का कहना था कि मई और जून में हमारे पास फीचर फिल्मों और बड़े बजट की वेब सीरीज सहित चार प्रमुख शूटिंग की योजना थी। इन टीमों को पहलगाम के घास के मैदानों में फिल्मांकन करना था, ठीक उसी जगह जहां हमला हुआ था। उसके बाद, निर्माताओं ने रातोंरात फिल्मांकन छोड़ दिया और मनाली, शिमला और यहां तक कि स्विट्जरलैंड जैसे विकल्पों पर चले गए।

हालांकि जमीनी स्तर पर सुरक्षा के बारे में प्रोडक्शन टीमों को आश्वस्त करने के प्रयासों के बावजूद, फिल्म निर्माता आशंकित हैं। भट के बकौल, हम लगातार उनसे संपर्क कर रहे हैं, यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि चीजें नियंत्रण में हैं। लेकिन डर बना हुआ है।



चिंताजनक बात यह है कि यह सिर्फ़ बॉलीवुड ही नहीं है - टॉलीवुड के क्रू ने भी पीछे हटना शुरू कर दिया है। एक अन्य अनुभवी लाइन प्रोड्यूसर ताहिर हुसैन ने इस प्रवृत्ति की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मई से जून के बीच में होने वाली एक फीचर फिल्म और कई म्यूजिक एल्बम की शूटिंग को या तो अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है या फिर स्थानांतरित कर दिया गया है। वैसे कुछ निर्देशक नई सेटिंग में फिट होने के लिए स्क्रिप्ट को फिर से लिख रहे हैं। नतीजा यह है कि अचानक हुई इस रुकावट ने कश्मीर के नाजुक सिनेमाई पुनरुत्थान को गंभीर झटका दिया है। हाल के वर्षों में, कश्मीर ने भारतीय सिनेमा के लिए एक पसंदीदा पृष्ठभूमि के रूप में अपनी ऐतिहासिक भूमिका को पुन: प्राप्त करना शुरू कर दिया था, जहाँ हाई-प्रोफाइल शूटिंग ने स्थानीय अर्थव्यवस्था और रचनात्मक कार्यबल को पुनर्जीवित किया। अनंतनाग के एक महत्वाकांक्षी अभिनेता हसन जावेद कहते थे कि यह दिल तोड़ने वाला है। उनका कहना था कि हममें से कई लोगों को आखिरकार भूमिकाएँ या पर्दे के पीछे का काम मिल रहा था। जब हमें लगा कि चीजें सुधर रही हैं, तो सब कुछ फिर से ठंडा हो गया।

■ **बॉलीवुड ही नहीं है - टॉलीवुड के क्रू ने भी पीछे हटना शुरू कर दिया**

यह सच है कि फिल्म उद्योग में कई लोगों के लिए, इस हमले ने सुरक्षा की भावना को चकनाचूर कर दिया, जो अभी-अभी जड़ जमाना शुरू हुई थी। हुसैन ने याद करते हुए बताया कि एक समय था जब हम फिल्म यूनिट्स की संख्या के हिसाब से नहीं चल पाते थे। अब, एक भी यूनिट तारीखों की पुष्टि नहीं कर रही है।

# अभिमत

**हम पर्यावरण और जन स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो साइकिलें बेहतर वाहन हैं। पर्यावरण की मित्र हैं। यह हाथ-पैर की ताकत से चलती हैं। इसे चलाने के लिए किसी प्रकार के ईंधन की जरूरत नहीं है। इससे किसी भी तरह का प्रदूषण नहीं होता है। प्रकृति को इससे कोई खतरा नहीं है। जबकि मोटर-कारों का जलवायु परिवर्तन में बड़ा योगदान है। लगातार तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं और तेल के भंडार खत्म होने की कगार पर हैं। अगर हम साइकिलों का उपयोग करें तो हमें मोटरवाहनों में प्रयोग होने वाला पेट्रोल व डीजल को आयात नहीं करना पड़ेगा।**

## साइकिल ही हमारा भविष्य है

नवाचार

■ बाबा मायाराम

**साइकिल से सड़क जाम होने की समस्या नहीं है। इसे संकरे रास्तों व गलियों में चलाया जा सकता है। अगर इसके लिए अलग से लेन हो तो, न तो यह दूसरे वाहनों की गति में रूकावट होगी और न ही साइकिल चलाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। साइकिल उनके लिए भी अच्छी है, जो भीड़ से बचना चाहते हैं। सड़कों पर वाहनों का बोझ बढ़ता जा रहा है। सड़क जाम, दुर्घटनाएं, प्रदूषण की खबरें आती रहती हैं। साइकिल के चलन इन सभी में कमी आ सकती है।**

मैं पिछले चार-पांच सालों से साइकिल की सैर करता हूं। यह अब मेरी दिनचर्या में शामिल है। इससे मेरी दुनिया बड़ी हुई है। पक्षी दर्शन करना, नए मित्र बनाना, खेती-किसानी की जानकारी और पेड़-पौधों, नदी और पहाड़ इत्यादि को करीब से देखने व जानने का मौका मिला है।

वैसे तो मैं बचपन से साइकिल चलाता रहा हूं। गांव से 7 किलोमीटर दूर एक कस्बे में साइकिल से जाता था। यह वह दौर था जब सड़कों पर साइकिलें खूब दिखा करती थीं। किसान, उससे वजन ढोते थे। पशुपालक उस पर घास का गट्ठर ले जाते थे। दूध वाले, सब्जी वाले तो साइकिल की सवारी करते दिखते ही थे। बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक भी साइकिल से आते थे।

हमारे पास हरक्यूलिस साइकिल थी। पिताजी ने इसे उनके मित्र से खरीदा था। पुरानी थी, लेकिन बहुत अच्छी चलती थी। घर में ही छोटी-मोटी मरम्मत कर लेते थे। हवा भरने का पंप और पाना, पेंचिंस इत्यादि सामान घर पर रखते थे। जब कभी साइकिल पंचर हो जाती थी, तो घर पर ही पंचर बना लेते थे।

यह वह दौर था जब मोटर साइकिल व कारें बहुत ही कम थीं। अक्सर लोग पैदल या साइकिल से ही यात्रा करते थे। बल्कि पैदल चलने वाले ज्यादा थे। ऐसे कई लोगों से मैंने बात की है, जिन्होंने मीलों पैदल यात्राएं की हैं। नर्मदा नदी की परिक्रमा तो पैदल ही की जाती थी, जिसमें 3 साल (3 साल, 3 महीने, 13 दिन) से ज्यादा समय लगता था। हमारे गांव में यह परिक्रमा पैदल ही की है।

कुछ समय पहले तक शहरों व कस्बों में बड़ी संख्या में मजदूरों को साइकिल की सवारी करते देखा जा सकता था। इंदौर व जबलपुर में मैंने ऐसे ही मजदूर देखे हैं। छत्तीसगढ़ में भिलाई में मजदूरों को साइकिल चलाते देखा जा सकता था। यह एक तरह से गरीबों की सवारी थी, लेकिन अब सबकी पसंद बनती जा रही है।

हमारे गांव में एक स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से ही चलते थे। संस्था ने गांवों में सचल पुस्तकालय (मोबाइल लाइब्रेरी) चलाया था, उसमें साइकिल का इस्तेमाल किया जाता था। साइकिल पर किताबों से भरे दो झोले लेकर गांव की चौपाल पर बैठते थे। वहां गांव के लोग आते थे, और बहुत मामूली शुल्क देकर किताबें ले जाते थे, और एकाध सप्ताह में वापस कर देते थे। इस पुस्तकालय की खूब चर्चा हुआ करती थी।

कोविड-19 के समय मैंने फिर से साइकिल चलाना शुरू किया। करीब 14 किलोमीटर रोज़ साइकिल की सैर करता हूं। इस दौरान मुझे बहुत ही अच्छे दृश्य देखने को मिले हैं। रंग-बिरंगी चिड़ियों के झुंड, मोर, भटकते सियार व हिरण दिखे, तो कई ग्रामीण किसानों, पशुपालकों, स्कूली बच्चों और कुशल कामगारों से मुलाकात हुई।

साइकिल के कारण मेरी कई साइकिल मरम्मत करने वाले लोगों से पहचान हुई। वे बताते हैं कि आगे आने वाला जमाना साइकिल का ही है। मोटर वाहनों से प्रदूषण तो होता ही है, उनमें खर्च भी कई गुना ज्यादा होता है। जबकि साइकिल मरम्मत का खर्च बहुत कम होता है। यह प्रदूषण मुक्त भी है। इससे कई लोगों को रोजगार भी जुड़ा है।

इस दौरान मैंने कई कहानियां सुनी हैं। हाल ही में एक व्यक्ति ने बताया कि वह साइकिल के कारण ही उसकी रोजी-रोटी चला पा रहा है। वह छींद के पत्तों से झाड़ी बनाता है। इसमें उसे दो दिन लगते हैं। एक दिन वह जंगल व खेतों में छींद की पत्तियां लेने जाता है और झाड़ू बनाता है, और दूसरे दिन कस्बे में बेचने आता है। साइकिल के कारण ही यह संभव हो पाता है। क्योंकि इतनी दूर वह साइकिल की सवारी कर ही आता-जाता है। यह पूरा काम श्रम आधारित है, और बिना लागत का है। यह काम वह सालों से कर रहा है।

आजकल सरकार स्कूली बच्चों के लिए निशुल्क साइकिल वितरण करती है। यह बहुत ही अच्छी योजना है। यह कई राज्यों में है। जब भी स्कूली बच्चों को साइकिल चलाते देखते हैं, तो एक अलग ही एहसास होता है। ऐसे दृश्य हमें रोमांचित करते हैं।

डाकिया और पेपर बांटने वाला तो रोज ही साइकिल से आता है, जिनका सभी को इंतजार रहता है। इनकी पहचान ही साइकिल से होती है। डाकिया, तो दूर-दराज के गांवों में साइकिल से आता-जाता था। हमारे गांव में कस्बे से वही डाक लाता था। लेकिन अब कुछ डाकिया मोटर साइकिल से आने-जाने लगे हैं।

सिनेमा में साइकिलें दिखती थीं। नायक-नायिकाएं साइकिल चलाते देखे जाते थे। ऐसी कई फिल्में आई हैं, जिनमें साइकिलों का इस्तेमाल किया गया है।

अगर हम पर्यावरण और जन स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो साइकिलें बेहतर वाहन हैं। पर्यावरण की मित्र हैं। यह हाथ-पैर की ताकत से चलती हैं। इसे चलाने के लिए किसी प्रकार के ईंधन की जरूरत नहीं है। इससे किसी भी तरह का प्रदूषण नहीं होता है। प्रकृति को इससे कोई खतरा नहीं है। जबकि मोटर-कारों का जलवायु परिवर्तन में बड़ा योगदान है।

लगातार तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं और तेल के भंडार खत्म होने की कगार पर हैं। अगर हम साइकिलों का उपयोग करें तो हमें मोटरवाहनों में प्रयोग होने वाला पेट्रोल व डीजल को आयात नहीं करना पड़ेगा या कम से कम करना पड़ेगा। इससे हमें कुछ अर्थव्यवस्था में राहत महसूस होगी।

अच्छी सेहत के लिए साइकिल चलाना जरूरी है। साइकिल चलाने वालों को अलग से शारीरिक कसरत की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इससे मांसपेशियों की अच्छी कसरत हो जाती है। तनाव भी कम होता है। हमारी गति भी धीमी होगी, या नियंत्रित होगी, जिससे हमें सामान्य बने रहने में मदद मिलेगी।

मोटरसाइकिल की अपेक्षा साइकिल काफी हल्की होती है, इसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग भी चला सकते हैं। सड़क हादसों का जोखिम भी नहीं रहता। अगर साइकिल से गिर भी जाएं तो ज्यादा चोट नहीं आती। जबकि अन्य वाहनों से सड़क हादसे गंभीर होते हैं।

साइकिल के लिए पार्किंग की समस्या नहीं है। न तो खड़ी करने के लिए और न ही सड़क पर चलने के लिए इसे ज्यादा जगह चाहिए। इसे घर में रखा जा सकता है। जबकि कारों के लिए सड़क पर, पार्किंग में सभी के लिए जगह चाहिए,जो एक बड़ी समस्या है।

साइकिल से सड़क जाम होने की समस्या नहीं है। इसे संकरे रास्तों व गलियों में चलाया जा सकता है। अगर इसके लिए अलग से लेन हो तो, न तो यह दूसरे वाहनों की गति में रूकावट होगी और न ही साइकिल चलाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। साइकिल उनके लिए भी अच्छी है, जो भीड़ से बचना चाहते हैं।

सड़कों पर वाहनों का बोझ बढ़ता जा रहा है। सड़क जाम, दुर्घटनाएं, प्रदूषण की खबरें आती रहती हैं। साइकिल के चलन इन सभी में कमी आ सकती है। छोटे व बड़े कस्बों में इन्हें बढ़ावा दिया जा सकता है। साइकिल पथ की मांग भी की जा रही है।

कुल मिलाकर, साइकिल कई मायनों में उपयोगी है। सेहत की दृष्टि से इसे उपयोगी है ही, प्रदूषण मुक्त भी है। इससे कई लोगों को रोजगार भी मिलता है। इसलिए, हमें साइकिल की ओर मुड़ना चाहिए, लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

## बीता सप्ताह

**17 मई**

- जम्मू कश्मीर में सेना और पुलिस ने छह आतंकियों को ढेर किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संस्कृत के विद्वान जगतगुरू रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया।
- भारत सरकार ने पाक की करतुत दुनिया भर में जाहिर करने के लिए सांसदों की 30 एक सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल को अलग-अलग देशों में भेजने का फैसला लिया है।
- सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरू और इस्कॉन मुंबई के बीच चल रहे विवाद पर इस्कॉन बेंगलुरू के पक्ष में फैसला सुनाया।

**18 मई**

- पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में चर्चित यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार कर लिया गया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में युद्ध विराम कराने से अधिक बड़ी भूमिका मेरी थी।
- संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि भूखमरी से दुनिया भर में 295 करोड़ लोग प्रभावित है।
- बुंदेलखंड में सरकार और जनशक्ति के अनूठे समन्वय से पून नदी को पुनर्जीवन मिल गया है।

**19 मई**

- लश्कर का टॉप कमांडर और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ सैफुल्लाह मारा गया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ईओएस-09 मिशन फेल हो गया।
- भारत ने बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स व प्रोसेस्ड फूड पर प्रतिबंध लगा दिया।
- हैदराबाद में चारमीनार के पास एक इमारत में आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गई।

**20 मई**

- श्री लंकाई के शरण मांगने की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत धर्मशला नहीं है। यहां पहले से ही 140 करोड़ लोग है।
- पाकिस्तान की खूफिया एजेंसी 151 के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मलहोत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गयाञ
- शाही जामा मस्जिद संभल से जुड़े विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद प्रबंधन समिति की याचिका खारिज कर दी।
- मुंबई गोवा हाइवे पर नदी में कार गिर जाने से 5 लोगों की मौत हो गई।

**21 मई**

- वक्फ कानून पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरिम राहत के लिए मजबूत वजह जरूरी।
- पाकिस्तान सरकार सेना अध्यक्ष जनरल सैयद आसिम मुनीर को पदोन्नत कर फिल्ड मार्शल बना दिया।
- टीएमसी के नेता महासचिव अभिषेक बनर्जी विदेश यात्रा प्रतिनिधि मंडल में शामिल किए गए।
- भारत सरकार ने कैबीनेट सचिवालय में छत्तीसगढ़ केडर के आईएस अधिकारी अय्याज फकीर भाई तम्बोली को संयुक्त सचिव नियुक्त किया है।

**22 मई**

- जासूसी कांड में लिप्त पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश।
- ऑपरेशन सिंदूर का वास्तविक सच बताने भारत का पहला सर्वदलीय मंडल विदेश रवाना हुआ।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।
- नोटो से भरे कमरे वाले जज यशवंत वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की याचिका सुप्रीम कोट्र ने खारिज कर दी।

**23 मई**

- छग के अबूझमाड़ में जवानों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए। बसंत राजू भी ढेर।
- पीएम मोदी ने देश में 103 पुर्नविकसित रेल्वे स्टेशन का उद्घाटन किया। छग के 5 स्टेशन शामिल।
- विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कश्मीर पर किसी मध्यस्था मंजूर नहीं।
- छग के बीजापुर में जवानों ने 5 नक्सली को ढेर किया।

## तमिलनाडु में बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन

■ डॉ. ज्ञान पाठक

तमिलनाडु के बच्चे केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और राज्य में सीएम एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली इंडिया ब्लॉक सरकार के बीच राजनीतिक टकराव में फंस गये हैं। केंद्र नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत तीन-भाषा फॉर्मूले को लागू करने पर जोर दे रहा है, और राज्य इसे लागू करने से इंकार कर रहा है। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गयी है जिसमें शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत बच्चों के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 9 मई, 2025 को कहा था कि न्यायालय किसी भी राज्य को एनईपी अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। फिर भी, तीन-भाषा फार्मूले के कार्यान्वयन को लागू करने के लिए, केंद्र ने धन जारी करने पर रोक लगा दी है, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश में देरी हो रही है। अब, तमिलनाडु ने 2,151 करोड़ रुपये के शिक्षा कोष को रोक रखने के मामले में केंद्र के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है।

**तमिलनाडु में दो भाषा नीति है- तमिल और अंग्रेजी। 1968 से ही यह लगातार हिंदी थोपने का विरोध करता रहा है, जब राज्य की विधानसभा में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इतना ही नहीं, तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट 2006 में कक्षा 1 से 10 तक तमिल की शिक्षा अनिवार्य है। तमिलनाडु यूनिफॉर्म सिस्टम ऑफ स्कूल एजुकेशन एक्ट 2010 नामक एक और अधिनियम है।**

तमिलनाडु ने केंद्र सरकार पर एनईपी 2020 और पीएम श्री स्कूल योजना से केन्द्रीय आवंटन जारी करने को जोड़कर संघीय अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। राज्य द्वारा दायर मुकदमे में कहा गया है, 'इस तरह की जबरदस्ती की रणनीति न तो कानूनी रूप से स्वीकार्य है और न ही राज्य के कानून के अनुरूप है, खासकर राज्य द्वारा अपनाये गये दो-भाषा फार्मूले के आलोक में।'

तमिलनाडु ने 2024-25 के लिए समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) के तहत शिक्षा कोष में 2151 करोड़ रुपये जारी करने की मांग की है, और साथ में मूल राशि पर 6 प्रतिशत ब्याज की भी। इस प्रकार मुकदमे का कुल दावा 2291.3 करोड़ रुपये है।

तमिलनाडु ने अपनी याचिका में कहा है कि एसएसएस के तहत केंद्र द्वारा अपने 'अनिवार्य हिस्से' को रोके रखने से बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई अधिनियम) का कार्यान्वयन बाधित हुआ है और राज्य में 43.94 लाख से अधिक छात्रों, 2.21 लाख शिक्षकों और 32,701 स्कूल कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित हुए हैं।

तमिलनाडु का कहना है कि भारत संघ के शिक्षा मंत्रालय के परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) ने फरवरी 2024 की बैठक में एसएसएस के तहत राज्य के लिए 3,585.99 करोड़ रुपये मंजूर किये थे, जिसमें से 2,151.59 करोड़ रुपये 60ऱ्40 लागत-साझाकरण फॉर्मूले के आधार पर केंद्र का हिस्सा था। फिर भी, केंद्र ने एक भी किस्त जारी नहीं की है। राज्य ने आरोप लगाया कि केंद्र ने ऐसा राज्य द्वारा एनईपी 2020 को पूरी तरह से अपनाने और पीएम श्री स्कूल योजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से इंकार करने के कारण किया है।

तमिलनाडु में दो भाषा नीति है- तमिल और अंग्रेजी। 1968 से ही यह लगातार हिंदी थोपने का विरोध करता रहा है, जब राज्य की विधानसभा में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इतना ही नहीं, तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट 2006 में कक्षा 1 से 10 तक तमिल की शिक्षा अनिवार्य है। तमिलनाडु यूनिफॉर्म सिस्टम ऑफ स्कूल एजुकेशन एक्ट 2010 नामक एक और अधिनियम है।

फिर भी, केंद्र द्वारा एनईपी-2020 को लागू करने के लिए इन कानूनों को कमजोर किया जा रहा है, जो केवल एक नीति और विजन स्टेटमेंट है... जिसमें राज्य पर बाध्यकारी कोई कार्यकारी या विधायी बल नहीं है।

तमिलनाडु द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों को समग्र शिक्षा योजना के तहत धन जारी किया है।

9 मई, 2025 को ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एनईपी 2020 को लागू करने के लिए तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल सरकारों को निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया था, यह कहते हुए कि अदालत किसी भी राज्य को इसे अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश आर महादेवन की पीठ ने कहा कि, वे तभी हस्तक्षेप करेंगे जब एनईपी 2020 से संबंधित किसी राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हो। जनहित याचिका तमिलनाडु के एक वकील और भाजपा नेता ने दायर की थी।

कुछ दिन पहले ही 16 मई को तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार से एसएसएस के तहत 2151.59 करोड़ रुपये की लंबित बकाया राशि जारी करने का आग्रह किया था, जिसमें आरटीई प्रवेश के लिए 617 करोड़ रुपये भी शामिल थे।

राज्य में भाजपा की सहयोगी एआईएडीएम के पिछले दो वर्षों से निजी स्कूलों को आरटीइ 'प्रतिपूर्ति निधि में देरी करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना कर रही है, जिसके कारण इस शैक्षणिक वर्ष में आरटीई प्रवेश में देरी हुई है।

राज्य सरकार ने परियोजना अनुमोदन बोर्ड की बैठक के दौरान 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भी सौंपा है, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र द्वारा 2,733.58 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गयी, जिसमें केंद्र का हिस्सा 2151.59 करोड़ रुपये होगा। तमिलनाडु ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पहली किस्त जारी करने के साथ-साथ वर्ष 2024-25 के लिए पूरी अनुमोदित धनराशि जारी करने का अनुरोध किया है।

मद्रास उच्च न्यायालय ने 15 मई, 2025 को तमिलनाडु सरकार को निजी स्कूलों में बच्चों के नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के तहत प्रवेश शुरू करने में देरी को चुनौती देने वाली याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया था।

ध्यान रहे कि आरटीई अधिनियम 2009 के तहत निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए प्रवेश स्तर की 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होती हैं और उन्हें नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करनी होती है।


मद्रास उच्च न्यायालय में दायर की गयी मरुमलार्चीमक्कलइयक्कम के अध्यक्ष वी ईश्वरन की याचिका में कहा गया है कि आरटीई प्रवेश प्रक्रिया आम तौर पर हर साल 20 मई तक समाप्त हो जाती है। तमिलनाडु के सभी स्कूल 2 जून को फिर से खुलने वाले हैं। हालांकि, तमिलनाडु सरकार ने कानून के अनुसार लाखों गरीब बच्चों के शैक्षिक अधिकारों को सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

तमिलनाडु के स्कूली शिक्षा मंत्री अनबिल महेश पोय्यामोड़ी ने कहा है कि केंद्र ने तमिलनाडु को शिक्षा के लिए रोके गये फंड को जारी करने पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'केंद्र को आरटीई फंड जारी करना होगा।... फंड जारी न करना मानवाधिकारों के खिलाफ काम करने जैसा है।'

## सीमित युद्ध से भारत को सीखने होंगे कई सबक

पहलगाम में आतंकवादी हत्याओं की निंदा करने और रक्षा बलों को सलाम करने में सारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है। इस घटना के कारण पाकिस्तान पर भारत ने पांच दशकों में इतना सघन हमला किया। भारत की इस कार्रवाई के लिए व्यापक समर्थन आतंकवादियों को खोजने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के राष्ट्रीय संकल्प को दर्शाता है। फिर भी, यह संकल्प आत्म-प्रशंसा के शोर के एक प्रतिध्वनि कक्ष में उतरने का जोखिम उठाता है जो राष्ट्र को उस गहन विश्लेषण से रोक सकता है।

इस संघर्ष में हालांकि कुछ भारतीय उद्देश्यों को हासिल कर लिया गया लेकिन इस स्तर पर यह तर्क देना मुश्किल है कि ऑपरेशन सिंदूर एक बड़ी सफलता थी। भले ही ऑपरेशन में सीमित सफलता मिली है लेकिन इससे मिले सबक असीमित हैं। हमारे पास डेटा की एक खदान है जिसमें राजनीतिक ग्राउंड वर्क, राजनयिक जुड़ाव और योजना, रणनीति या परिचालन मुद्दों के विचारों से लेकर उच्च तकनीक वाले सैन्य हार्डवेयर व अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के प्रदर्शन पर समृद्ध युद्ध क्षेत्र डेटा तक शामिल हैं।



जगदीश रत्तनानी

**आज समझदारी इसी में है कि युद्ध के कोहरे के बीच क्या सही या गलत हुआ, इस बाबत सभी बाहरी दावों और प्रतिदावों को त्याग दिया जाए। समाचार मीडिया एंकरों और स्व-घोषित अति-राष्ट्रवादियों ने कई (ज्यादातर झूठे) दावे कर गड़बड़ कर दी है। सरकार समर्थक मीडिया ने अपने आकाओं की सेवा में काल्पनिक दावों की ऐसी झड़ी लगा दी जिससे सरकार शर्मिंदा हो सकती है और मीडिया ने खुद को बेकार साबित कर दिया है।**

अगली लड़ाई उन लोगों द्वारा जीती जाएगी जो सैन्य मोर्चे पर इन सीखों पर अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं लेकिन सबसे बड़ा सबक विशेष रूप से राजनीतिक मोर्चे पर होगा जहां युद्ध पर बड़े निर्णय लिए जाते हैं। सीखना हमेशा आसान नहीं होता है। उच्चतम राजनीतिक स्तर पर, यह उस रणनीति को चुनौती देता है जिसने हमें मर्दानगी की बातें और युद्ध के नारे दिए, जिसमें चुनावी रैली भी शामिल है, लेकिन युद्ध के समय अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए आवश्यक कड़ी मेहनत के कम सबूत मिले. साथ ही, विनम्रता, ईमानदारी और जिज्ञासा की भावना के साथ कठिन सवालों को प्रोत्साहित करने की इच्छा भी होनी चाहिए, जिनमें से कोई भी आत्म-प्रशंसा से मदद नहीं करता है जो गहन जांच को बंद कर देता है।

साथ ही अगर हमें इस मुद्दे पर राष्ट्रीय एकता का पूरा लाभ उठाना है तो विपक्ष पर चुनावी शैली के हमलों के बजाय राजनीतिक दलों को अधिक विश्वास-निर्माण करने वाले कदमों के साथ एक साथ लाना होगा।

पहलगाम आतंकी हत्याओं के ठीक दो दिन बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में जब लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं सहित सभी राजनीतिक नेता मौजूद थे, उसमें प्रधानमंत्री के शामिल न होने के फैसले से विश्वास बहाली में कोई मदद नहीं मिली। वह गलत निर्णय पुरानी ढर्रे की नीतियों के आधार पर लिया गया था। विभिन्न देशों की राजधानियों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का सरकार का निर्णय अलग है। यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है लेकिन कांग्रेस द्वारा नामित नहीं किए गए शशि थरूर के सूची में शामिल होने पर पैदा हुआ विवाद- एक अनावश्यक चुभन- हमें बताता है कि पुरानी आदतें मुश्किल से छूटती हैं। हम उन पाठों पर वापस आ गए जो सीखे नहीं गए हैं। कांग्रेस पहले ही कह चुकी है कि भाजपा गेम खेल रही है। यह एक ऐसे मुद्दे पर कमजोर भरोसे और खराब राजनीतिक संबंधों में उतरता है जो गहरी राजनीतिक एकता की मांग करता है।

जानकारियां जिस तरह से अर्थहीन हो गई है उससे कुछ सबक मिलते हैं। आज समझदारी इसी में है कि युद्ध के कोहरे के बीच क्या सही या गलत हुआ, इस बाबत सभी बाहरी दावों और प्रतिदावों को त्याग दिया जाए। समाचार मीडिया एंकरों और स्व-घोषित अति-राष्ट्रवादियों ने कई (ज्यादातर झूठे) दावे कर गड़बड़ कर दी है। सरकार समर्थक मीडिया ने अपने आकाओं की सेवा में काल्पनिक दावों की ऐसी झड़ी लगा दी जिससे सरकार शर्मिंदा हो सकती है और मीडिया ने खुद को बेकार साबित कर दिया है। यह ऐसे दोस्तों का मामला है जो दुश्मनों से भी बदतर काम कर रहे हैं। मीडिया तब सही तरीके से काम करता है जब सभी प्रकार के विचारों को फलने-फूलने की अनुमति दी जाती है। इसका उदाहरण ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेज़ॅन हैं जहां पर ग्राहक समीक्षाओं का समग्र मूल्यांकन कर नकारात्मक और सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रकाशित की जाती है। एकतरफा विचारों से चिह्नित एक पारिस्थितिकी तंत्र सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उस पक्ष के लिए बुरा है जिसे आगे बढ़ाया जा रहा है। ये प्राथमिक सबक हैं जिन्हें फिर से सीखने की आवश्यकता हो सकती है।

युद्ध अंतिम उपाय है। यह भारत कह चुका है और इसे वास्तव में प्रधानमंत्री ने अतीत में व्यक्त किया है। 2022 में कारगिल में प्रधानमंत्री को यह कहते हुए उद्धृत किया गया था- 'भारत ने हमेशा युद्ध को अंतिम उपाय के रूप में देखा है, लेकिन राष्ट्र पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को करारा जवाब देने की ताकत और रणनीति सशस्त्र बलों के पास है'। तो भी जब इस अंतिम उपाय का प्रयोग किया जाता है तो ब्रह्मास्त्र अपनी शक्ति खो सकता है। इसका उसी तरह से फिर से उपयोग या संचालन नहीं किया जा सकता। कम कार्रवाई को हल्के में लिया जाएगा, मजबूत कार्रवाई से अस्वीकार्य स्तर के जोखिम के साथ तेजी से वृद्धि का जोखिम होगा। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पहले जल्दबाजी में घोषित किए गए संघर्ष विराम के मद्देनजर यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत या पाकिस्तान ने संघर्ष विराम की घोषणा नहीं की थी। भविष्य में इसका क्या मतलब है इसका पूरी तरह से विश्लेषण करने में समय लगेगा। इस बीच, व्हाट्सएप समूहों पर भेजी जा रही कुछ राजनीतिक प्रतिक्रियाओं से बचना चाहिए- एक ने कहा कि 'पूर्ण युद्ध' केवल तभी संभव है जब भाजपा 400 सीटें जीते। आतंकी हमले और युद्ध ऐसे मुद्दे नहीं हैं जिन पर किसी को वोट और संसद में सीट मांगनी चाहिए। यह खतरनाक और अपमानजनक है- यह प्रतिक्रिया अति उत्साही, सहानुभूति रखने वालों और पार्टी के समर्थकों से आती है। ये लोग उस पार्टी को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं जिसका वे समर्थन करना चाहते हैं।

ध्यान दें कि ट्रम्प ने संघर्ष विराम पर बोलते समय भारत और पाकिस्तान को बराबरी का दर्जा दिया। ट्रम्प ने एक ही समय अस्तित्व में आए दो देशों के संबंध में स्वीकृत डी-हाइफ़नेशन को मिटा दिया। (डी-हाइफ़नेशन विदेश नीति का एक रूप है जहां एक देश संघर्ष की स्थिति में किसी एक देश को दूसरे पर प्राथमिकता दिए बिना परस्पर विरोधी हितों वाले दो या दो से अधिक देशों के साथ राजनयिक संबंध रखता है)। दोनों देश बहुत अलग रास्तों पर चले हैं- भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में एक आर्थिक महाशक्ति है जबकि पाकिस्तान एक असफल लोकतंत्र के रूप में है जो आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रहा है। यह री-हाइफ़नेशन खेदजनक तस्वीर है क्योंकि यह भारत को बौना बनाता है, भारत को चीन से स्पर्धा करने वाले और शीघ्र ही चीन की बराबरी पर आने वाले देश के रूप में देखे जाने के बजाय संकुचित और सीमित रखता है।

अंत में, पहलगाम में हुई हत्याएं सरकार के उन दावों को खोखला साबित करती हैं कि अनुच्छेद 370 को प्रभावी ढंग से खत्म करने के बाद घाटी में शांति बहाल होगी। वास्तव में कई लोगों ने तब बताया था कि ऐसा होगा लेकिन यह स्थिति स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है। अब हम पूछ सकते हैं कि आतंकवादी इतनी आसानी से हमला कैसे करते हैं, सुरक्षा बल कहां थे, खुफिया जानकारी का स्तर क्या है और जब बार-बार ऐसी हत्याएं होती हैं तो जिम्मेदार लोगों को दोषी क्यों नहीं ठहराया जाता। पहलगाम में निर्दोष लोगों के हत्यारे आज भी खुलेआम घूमते हैं।

इस अल्पकालीन युद्ध से सीखने वाले कई सबक हैं लेकिन ये सबक केवल उन लोगों के लिए उपलब्ध होंगे जो खुद को चुनौती दे सकते हैं और कठिन प्रश्न पूछ सकते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)**

उल्टा पुल्टा

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो, 2 दिन से कुछ नहीं खाया।
चिंटू ने 5 का नोट निकाला और पूछा 3 रुपये खुल्ले हैं?
भिखारी- हां, है।
चिंटू- तो उसी से कुछ लेकर खा लो भाई।

# झलावारा स्टेशन में नॉन इंटरलाकिंग का किया जाएगा कार्य, 18 ट्रेने रद्द

## दो ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन के द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य करने के लिए झलावारा स्टेशन पर इरकॉन द्वारा कटनी ग्रेड सेपरेटर लाइन (कटनी-मुड़वारा से) और सिंगरौली दिशा की ओर टाई-लाइन की कनेक्टिविटी के कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होना स्वीकृत किया गया है। यह कार्य बिलासपुर मंडल के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा किया जा रहा है। इस कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्नलिखित गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।



### रद्द होने वाली ट्रेनें

01 से 07 जून को गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर - भोपाल एक्सप्रेस।03 से 09 जून को गाड़ी संख्या 18235 भोपाल - बिलासपुर एक्सप्रेस। 02 से 07 जून को गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस। 03 से 08 जून को गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस। 02, 04 एवं 06 जून को गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस। 03, 05 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी - रीवा एक्सप्रेस। 02 एवं 05 जून को गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ -रायपुर एक्सप्रेस। 03 एवं 06 जून को गाड़ी संख्या 125356 रायपुर - लखनऊ एक्सप्रेस। 03 एवं 06 जून को गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग -निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस। 04 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस। 01 जून को गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग - अजमेर एक्सप्रेस।02 जून को गाड़ी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस।05 जून को गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस। 07 जून को गाड़ी संख्या 18206 नवतनवा -दुर्ग एक्सप्रेस। 03, 05 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 51755 चिरमिरी-अनुपपुर पैसेंजर।03, 05 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 51756 अनुपपुर - चिरमिरी पैसेंजर। 02 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 61601 कटनी - चिरमिरी पैसेंजर। 03 एवं 08 जून को गाड़ी संख्या 61602 चिरमिरी - कटनी पैसेंजर रद्द रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

02 से 06 जून को गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस व्हाया बरौनी, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट एवं गोंदिया से होते हुए चलेगी। 02 से 06 जून को गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस व्हाया गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी एवं बरौनी से होते हुए चलेगी ।

# सांसदों की बैठक में तोखन साहू ने उठाए क्षेत्रीय विकास मुद्दे

## सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों को नियमानुसार प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा-जीएम

### बिलासपुर रेल मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदों के साथ महाप्रबंधक की बैठक सम्पन्न

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ आज 23 मई को आयोजित की गई । तृतीय तल सभागार महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित यह बैठक सौहार्दपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में तोखन साहू, सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

इस बैठक में तोखन साहू, सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार के अलावा डॉ.श्रीमती ज्योत्सना महंत, सांसद कोरबा, श्रीमती कमलेश जांगड़े, सांसद जांजगीर-चांपा, प्रदीप पुरोहित, सांसद बरगढ़, चिंतामणि महाराज, सांसद सरगुजा शामिल हुये।इसके अलावा जे.ओराम, सांसद सुंदरगढ़, राधेश्याम राठिया, सांसद रायगढ़, देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद राज्यसभा (रायगढ़), श्रीमती हिमाद्री सिंह, सांसद शहडोल के प्रतिनिधि, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को और बेहतर करने में मिलेगा।

बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का परिचय, उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों से संबन्धित प्रेजेंटेशन सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।इसी क्रम मे मंडल रेल प्रबन्धक राजमल खोईवाल द्वारा प्रेजेंटेशन में बिलासपुर मंडल में यात्री सुविधाओं



से संबन्धित किए जा रहे कार्य ,आधारभूत संरचना का विकास, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन, दिव्यांग जनों, अमृत भारत स्टेशन योजना, वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट, महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल, मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख किया गया । वाई-फाई, स्वच्छता प्रोजेक्ट, रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139, यात्री सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण आदि की विस्तृत जानकारी दी गई ।

बैठक में तोखन साहू ने क्षेत्र की जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों और विकास योजनाओं को गंभीरता से उठाया। संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाया जाए, ताकि यात्रियों को नियमित, सुविधाजनक और तेज़ आवागमन की सुविधा मिल सके। बुधवारी बाजार के दुकानदारों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करते हुए उन्हें स्थायी दुकानों की उचित व्यवस्था दी जाए। रेलवे स्टेशन क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत, पार्किंग में डिवाइडर निर्माण और बेहतर यातायात प्रबंधन किया जाए। गतौरा, घुटकु सहित सभी छोटे स्टेशनों पर मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। बिलासपुर स्थित रेल नीर प्लांट का संचालन अविलंब प्रारंभ किया जाए, जिससे शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। रेलवे क्षेत्र में स्थित मरीमाई मंदिर तालाब का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। 'वोकल फॉर लोकल' नीति के अंतर्गत रेलवे निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए।मां मरही के दर्शनार्थ भनवारटंक स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए लोकल ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।जयराम नगर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। वाणिज्य विभाग में वर्षों से पदस्थ अधिकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों के मद्देनज़र उनका स्थानांतरण किया जाए। सांसदों द्वारा भेजे गए पत्रों और सुझावों का समय पर उत्तर दिया जाए एवं उनकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। श्री साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि सांसदों को बैठक में उठाए गए मुद्दों पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता, ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

सांसदों द्वारा मंडल में हो रहे विकास कार्यों, उपलब्ध यात्री सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा अपने क्षेत्र से संबन्धित विभिन्न जन सरोकारों से संबन्धित मुद्दों के माध्यम से स्थानीय स्तर की समस्याओं तथा जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं के अनुरूप विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधा का विस्तार करने की आवश्कताओं से अवगत कराया गया । बैठक विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधाओं तथा रेलवे विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई ।

महाप्रबंधक ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं से रेल प्रशासन को अवगत कराने एवं विकासात्मक सुझाव देने के लिए धन्यवाद देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे विकास कार्यों से सांसदों को अवगत कराया ।साथ ही उन्हें बैठक में उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों को नियमानुसार प्राथमिकता के साथ पूरा करने के प्रयास के प्रति आश्वस्त किया ।बैठक के अंत में उप-महाप्रबंधक (सामान्य) समीर कान्त माथुर ने सुझाव देने तथा बैठक को सफल बनाने हेतु मंत्री , सभी सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप



### नीलम विजय वर्मा ने भगवान परशुरामजी भवन के लिए अध्यक्ष निधि से दिए दो लाख

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बोदरी में बन रहे भव्य भगवान परशुरामजी भवन में बोदरी नगर पालिका परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा ने अपने अध्यक्ष निधि की राशि मे से प्रथम अनुशंसा दो लाख रुपये के अतिरिक्त सुविधा विस्तार कार्य हेतु दिया। पूर्व में पार्षद विजय वर्मा द्वारा भी विस्तार कार्य हेतु एक लाख पचास हजार रुपये की राशि दी गई हैं। अपनी निधि से राशि की अनुशंसा करने के उपरांत वर्मा दम्पत्ति ने ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद प्राप्त कर सभी को आश्वस्त किया, कि नगर में हो रहे इस भव्य निर्माण कार्य में आगे भी हर तरह के सहयोग कार्य में समाज के साथ खड़े हुए हैं। प. लक्ष्मीनारायण दुबे,प.अशोक तिवारी,ब्रजेश शर्मा, नरेंद्र दुबे,राजेश शर्मा,दिवाकर दुबे,अमित राजू दीक्षित, मंटू तिवारी, राजकुमार उपाध्याय, पुष्पराज उपाध्याय, हेनाथ शर्मा, अंजू मिश्रा, निक्कू शर्मा,सुमित पांडेय, शुभम मिश्रा, राकेश मिश्रा,मनीष शर्मा, मुरली शर्मा, राहुल अवस्थी,दीपक चौबे,यशवंत मिश्रा, राजेश उपाध्याय एवं सर्व ब्राह्मण समाज बोदरी इकाई उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट का फरार आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। थाना तखतपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत फरार चल रहे आरोपी शिक्षक अशोक कुमार कुर्रे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



मामले की शुरुआत 21 अप्रैल 2025 को हुई, जब पीड़िता के परिजन थाना तखतपुर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 फरवरी 2025 को आरोपी शिक्षक अशोक कुर्रे ने नाबालिग छात्रा के साथ अशोभनीय हरकत (बेड टच) की थी। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी थी, लेकिन आरोपी लगातार गिरफ्तारी से बचता रहा ।यह मामला महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित गंभीर अपराध की श्रेणी में होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा नूपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। सूचना मिलने पर टीम ने बिलासपुर शहर में छिपे आरोपी की घेराबंदी कर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर थाना तखतपुर लाया गया। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया ।इस कार्रवाई में निरीक्षक देवेश सिंह राठौर, आरक्षक आशीष वस्त्रकार, रवि श्रीवास और सुनील सूर्यवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

# पेट्रोल कम डालने की शिकायत पर पंप कर्मचारियों ने की युवक की पिटाई

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पेट्रोल कम डालने की शिकायत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि लोकेश चावला नामक युवक अपने साथी के साथ गुम्बर पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाने गया था।



लोकेश ने अपनी पल्सर बाइक में 100 रुपए का और एक अन्य बाइक में 50 रुपए का पेट्रोल भरवाया, लेकिन उसे शक हुआ कि पेट्रोल कम डाला गया है। जब उसने इस पर आपत्ति जताई और उपभोक्ता फोरम में शिकायत की बात कही, तो पंप कर्मियों ने उस पर हमला कर दिया।

करीब 7-8 पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने लोकेश और उसके साथी गिरीश सैनी को बुरी तरह पीटा। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पीड़ित लोकेश का आरोप है कि उसके पास ऑटो डीलिंग के करीब 60 हजार रुपए थे, जिसमें से 10 हजार रुपए उसकी जेब से निकाल लिए गए यानी लूटपाट भी की गई। यही नहीं, एक अन्य व्यक्ति अनील केवट के साथ भी इसी तरह की घटना हुई।उसने भी पेट्रोल कम दिए जाने पर विरोध किया, तो उसे भी पीटा गया।

घटना के बाद पीड़ितों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और वायरल वीडियो को भी सबूत के तौर पर खंगाला जा रहा है।

अब देखना होगा कि क्या बिलासपुर पुलिस इन गुंडा पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करती है या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# बिजली ट्रांसमिशन लाइन बिछाना व्यापक सार्वजनिक हित भूमि मालिक केवल मुआवजे का हकदार-हाई कोर्ट

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना के लिए भूमि मालिक की पूर्व सहमति आवश्यक नहीं है। ऐसी लाइनों को बिछाना व्यापक सार्वजनिक हित में है, जो राष्ट्र के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक है। भूमि मालिक केवल मुआवजे का हकदार है।

किसान की कृषि भूमि पर गड्ढे कर ट्रांसमिशन टावरों का निर्माण कराया जा रहा है, इसे लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। इसके साथ ही याचिकाकर्ता को दो माह में मुआवजा वितरित करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता जयकुमार अग्रवाल की ग्राम कोरबी, तहसील बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा में 8.73 एकड़ कृषि भूमि का मालिक है, जिस पर सीएसपीटीसीएल ने 16 बड़े गड्ढे खोद दिए। बिना किसी पूर्व सूचना, सहमति या राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए अनुमोदन आदेश 11मार्च 2024 की अनिवार्य शर्तों का अनुपालन किए ट्रांसमिशन टावरों का निर्माण शुरू कर दिया । इससे रुष्ट होकर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली ।याचिका में कहा गया कि, प्रतिवादी सीएसपीटीसीएल को निर्देश दिया जा सकता है कि वह याचिकाकर्ता की भूमि पर ट्रांसमिशन टावर के निर्माण के लिए उल्लिखित भूमि पर



निर्माण कार्य को तुरंत रोक दे , क्योंकि राज्य सरकार द्वारा दिनांक 1 मार्च 2024 के आदेश के तहत दी गई अनुमति प्रतिवादी द्वारा उल्लिखित शर्त का पालन न करने के कारण निष्फल और निरस्त हो गई है ।, यह भी प्रार्थना की गई कि प्रतिवादी सीएसपीटीसीएल को याचिकाकर्ता की भूमि की वास्तविक स्थिति को बहाल करने का निर्देश दिया जाए।

जस्टिस अमितेश किशोर प्रसाद ने सुनवाई के बाद माना कि, वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के साथ-साथ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित कानूनी मिसालों के मद्देनजर, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना के लिए भूमि मालिक की पूर्व सहमति आवश्यक नहीं है। ऐसी लाइनों को बिछाना व्यापक सार्वजनिक हित में है, जो राष्ट्र के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक है। भूमि मालिक केवल मुआवजे का हकदार है, निषेधाज्ञा का नहीं। बिजली के संचरण के लिए ट्रांसमिशन टावरों के निर्माण के उनके प्रयासों में अधिकारियों को बाधा नहीं डाली जा सकती। कोर्ट ने प्रतिवादियों को याचिकाकर्ता के साथ सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता को पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया, और याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह ऐसा कोई कार्य न करे जिससे बिजली ट्रांसमिशन टावरों के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो।संबंधित अधिकारियों को इस आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को मुआवजा वितरित करने का निर्देश भी दिया है ।

## चाईल्ड हेल्प लाईन में नियुक्ति हेतु पात्रता सूची जारी, दावा-आपत्ति 29 मई तक

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु) ।मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्प लाईन संचालन हेतु संविदा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच उपरांत सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं।

पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जिला प्रशासन की सरकारी वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बिलासपुर डॉट जीओव्ही डॉट इन में अपलोड कर दी गई है। इस संबंध में आवेदनकर्ता दावा-आपत्ति 29 मई 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी अन्य माध्यम से और निर्धारित समय अवधि के बाद दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर निगम बिलासपुर में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-471224 है। नियंत्रण कक्ष का संपूर्ण नोडल अधिकारी अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार मो0न0 9753437043 एवं मुख्य अभियंता राजकुमार मिश्रा मो0न0 9993596510 को बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी श्री अनुपम तिवारी मो0न0 9993596615 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। बाढ़ से बचाव एवं लोगों को राहत दिलाने के संपूर्ण उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त ने उन्हें दिए है।

# सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले तीन महीनों में शुरू किए 18 नए नवाचार

**बिलासपुर**, 23 मई (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग ने देश में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए पिछले तीन महीनों में 18 नए नवाचार प्रारंभ किए हैं। इनमें सुविधाजनक मतदान से लेकर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने, प्रक्रियागत सुधार से लेकर निर्वाचन कार्यों में लगे अमलों की क्षमता बढ़ाने, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने से लेकर ईसीआई मुख्यालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने जैसे कई प्रभावी और अभिनव कदम शामिल हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ने नई पहल करते हुए एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की है।ऊंची इमारतों एवं कालोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। मतदाता सूची के अद्यतनीकरण हेतु मृत्यु पंजीकरण का डेटा रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (ऋल्नद्ध) डेटाबेस से सीधे प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अद्यतनीकरण किया जाएगा।आयोग ने मतदाता सूचना पर्चियों को और अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने का भी निर्णय लिया है। अब इसमें मतदाता का क्रमांक और भाग संख्या अधिक स्पष्टता के साथ प्रदर्शित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग निवार्चन की संपूर्ण प्रक्रिया में हर स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है।इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ देशभर में 4719 बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में राजनीतिक दलों के 28 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी दी है। सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को मिलाकर सीईओ स्तर पर 40, डीईओ स्तर पर 800 तथा ईआरओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ 3879 बैठकें आयोजित की गई हैं।इन बैठकों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्क्सवादी, एनपीपी की मौजूदगी रही है।राजनीतिक दलों के साथ अलग-अलग स्तरों पर बैठकों के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंटों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग प्रक्रियात्मक सुधारों की दिशा में भी सक्रियता से काम कर रही है। आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सुविधा के लिए नया एकीकृत डैशबोर्ड ईसीआईनेट शुरू किया गया है। इसमें सभी हितधारकों के लिए एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध हैं। ईसीआई के 40 से अधिक एप्स एक ही प्लेटफार्म पर मौजूद हैं।इसके साथ ही डुप्लिकेट इपिक नंबर की समस्या के समाधान के लिए ईसीआई द्वारा अब विशिष्ट इपिक नंबर की नई प्रणाली लागू की गई है।

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने और निर्वाचन कराने की पूरी प्रक्रिया में 28 हितधारकों की पहचान की है।इनमें मतदाता, निर्वाचन अधिकारी, राजनीतिक दल, उम्मीदवार एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 और निर्वाचन संचालन नियम 1961 और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों पर आधारित अन्य शामिल हैं।इन सभी हितधारकों के लिए अधिनियमों, नियमों और आयोग के निर्देशों के आधार पर प्रशिक्षण प्रस्तुतियाँ तैयार की जा रही हैं।

आयोग ने निर्वाचन कार्मिकों के सशक्तीकरण के लिए भी नए कदम उठाए हैं।बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र दिए जाने के साथ ही नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में लगातार क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसमें अब तक 3000 से अधिक बूथ स्तर पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अगले कुछ वर्षों में एक लाख से अधिक बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालयों के एसएमएनओ और एमएनओ के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित किए गए हैं। निर्वाचन में सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण पहलू के मद्देनजर बिहार के पुलिस अधिकारियों को भी आईआईआईडीईएम में प्रशिक्षण दिया गया है।नई दिल्ली स्थित भारत निर्वाचन आयोग के मुख्यालय में भी कार्यों में बेहतरी और कसावट के लिए कई सुधार जारी हैं। बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने के साथ ही वहां ई-ऑफिस का कार्यान्वयन शुरू हो चुका है।राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ बेहतर समन्वय के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियो के साथ आयोग नियमित बैठकें भी कर रहा है।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

## सिविल लाइन पुलिस को मौके पर करना पड़ा हस्तक्षेप

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। मेडिकल कॉलेज कोरबा परिसर बीती सारी रात हंगामा को झेलता रहा। एक युवक की मौत का कारण ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ नर्स को मानते हुए परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। सीनियर डॉक्टर और पुलिस के हस्तक्षेप करना पड़ा। मृतक के परिजनों का आरोप है कि स्टाफ की लापरवाही के कारण मौत हुई है जबकि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि पर्याप्त उपचार दिया गया। अगर लापरवाही क्या आरोप लगाए जा रहे हैं तो इसकी जांच कर ली जाएगी।

खबर के अनुसार कोरबा के कोहड़िया निवासी 24 वर्षीय अनिकेत यादव को पेट दर्द के कारण अस्पताल लाया गया यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अनिकेत की मौत की खबर सुनकर उसके परिजन और शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे । जब उन्हें बताया गया कि अनिकेत बेड पर दर्द के मारे तड़पता रहा लेकिन वहां मौजूद चिकित्सक और स्टाफ ने ध्यान नहीं दिया बल्कि उल्टा सीधा जवाब परिजनों को दिया गया तो लोगों ने नाराजगी जतानी शुरू कर दी ।



अस्पताल में हंगामा होने की खबर सुनकर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से जुड़े चिकित्सक भी पहुंच गए, पुलिस की मौजूदगी में लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। मृतक के परिजन और शुभचिंतक मांग करते रहे की अनिकेत की मौत के जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। अस्पताल में हंगामा होने के कारण डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मुश्किल में पड़ गए। प्रबंधन की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस का स्टाफ कुछ देर में यहां पहुंचा और स्थिति नियंत्रित करने में जुट गया। पुलिस ने अपने स्तर पर लोगों को समझाने की कोशिश की और अस्पताल प्रबंधन भी इस मामले में अपनी भूमिका निभाता रहा। डॉक्टर के आश्वासन पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तमाशा खत्म हो सका।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर ने मीडिया को बताया कि युवक को बार-बार समस्या हो रही थी। हमारा ऐसा आकलन है कि पेनक्रियाज से जुड़ी प्रॉब्लम के कारण यह सब हुआ होगा। काफी शीघ्रता से हमने पीड़ित का एक्सरे कराया लेकिन उसमें कोई खास लक्षण नहीं मिले। इसके बाद सोनोग्राफी के लिए एडवाइस दी गई लेकिन इसके कुछ ही देर बाद युवक की सांसे थम गई। प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की अपेक्षा उपचार के मामले में नहीं बरती गई है। ऐसे मामलों में लोगों की नाराजगी स्वाभाविक रूप से रहती है इसलिए, तीन डॉक्टर के पैनल से हमने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# रेत माफिया पर प्रशासन सख्त, कई गाड़ियां जप्त की सीतामणी में

## मौके का लाभ लेकर जेसीबी व अन्य चालक फरार

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। जिले में रेत चोरी काफी समय से चल रही है। पानी सिर से ऊपर जाने पर प्रशासन सख्त हो गया। टास्क फोर्स को जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इससे माफियाओं में हड़कम्प मच गई। सीतामणी क्षेत्र में फोर्स ने कई गाड़ियां जप्त कर ली जबकि मौके का लाभ उठाकर कई चालक फरार हो गए।

रेत चोरी को रोकने के लिए लंबे समय से प्रशासन निर्देश दे रहा है। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। रेत चोरी की सूचना मिलने पर कलेक्टर ने शुक्रवार को सुबह करीब 6.30 बजे नायब तहसीलदार दीपक पटेल को निर्देशित किया। उन्होंने टीम के साथ सीतामढ़ी में सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे रेत घाट पर अचानक दबिश दी। टीम के यहां पहुंचने पर मजमा लगाए हुए ट्रैक्टरों के चालक इधर-उधर से ट्रैक्टर लेकर भाग निकले वहीं अवैध खनन में लगी जेसीबी का चालक दूसरे रास्ते से जेसीबी लेकर फरार हो गया। इस जेसीबी को पकड़ने के लिए टीम ने पीछा भी किया




लेकिन रास्ता समझ में नहीं आने के कारण जेसीबी चालक फरार होने में सफल हो गया। इधर मौके से रामकिरन यादव की दो रेत भरी ट्रैक्टर जप्त कर कोतवाली थाना में खड़ी कराई गई है। प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु एसडीएम को प्रतिवेदन सौंप दिया गया है। एसडीएम के द्वारा खनिज विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र लिखा जा रहा है।

### ट्रैक्टर चालकों से ग्रामीण कर रहे वसूली

खबर के अनुसार कुदुरमाल में स्वीकृत रेत घाट सरेंडर हो चुका है लेकिन यहां पर मौजूद रेत जो कि खनिज विभाग के अधिकार क्षेत्र और कब्जे में दर्ज होनी चाहिए, उसे बेच

## सार-संक्षेप

### दो हाईवा भिड़े, एक चालक को 3 घंटे बाद निकाला केबिन से



कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। कटघोरा-कोरबा मुख्य मार्ग पर छुरी के निकट शुक्रवार तड़के 5 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। छुरी मार्ग में खड़ी हाईवा से पीछे से आ रही हाईवा भिड़ गई। इस भिड़ंत में हाईवा को भारी नुकसान पहुंचा है। सामने खड़े हाईवा के डाला से टकराई हाईवा का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से चालक केबिन में ही फंस गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुर्घटना के बाद वाहन का डीजल और ऑयल टैंक फट गया। सड़क पर फैले तेल की वजह से कई बाइक सवार फिसल कर गिरे और घायल हुए। हादसे की वजह से मार्ग में कई घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। लगभग 3 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद केबिन में फंसे घायल चालक अनीश पटेल को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा पहुंचाया गया।

### आवास निर्माण में देरी, 7 सचिवों का रोका वेतन



कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर जिला पंचायत कोरबा द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने आज जनपद पंचायत पाली में आयोजित समीक्षा बैठक में आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए 7 ग्राम पंचायत सचिवों का मई 2025 माह का वेतन आहरण रोकने के निर्देश जारी किए हैं।

सीईओ श्री नाग ने कहा कि आवास योजना के लिए वर्ष 2024-25 में जिले को इस योजना के अंतर्गत वृहद लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसके अनुरूप सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यवाही कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया था। बावजूद इसके, वांछित प्रगति नहीं लाना योजना के लक्ष्य पूर्ति में बाधक बन रहा है। 15 प्रतिशत से कम प्रगति वाले ग्राम पंचायत सचिव राधेलाल कंवर ग्राम पंचायत चैनपुर ,परदेशी राम टेकाम ग्राम पंचायत सतोष राव ग्राम पंचायत शिवपुर,हरप्रसाद पटेल ग्राम पंचायत जोरहाडबरी,शिवराम निषाद ग्राम पंचायत सपलवा,चंद्रिका प्रसाद तंवर ग्राम पंचायत बारीउमराव,अशलेष कुमार डिक्सेना ग्राम पंचायत ढुकुपथरा के वेतन रोके जाने की कार्यवाही की गई है। इस बार ने संबंधित विभाग को आदेश दे दिए गए हैं।

### कोरबी चौकी में जोगी पदस्थ, कई प्रकरण किए दर्द



कोरबा-कोरबी, 23 मई (देशबन्धु)। जिले के सरहदी क्षेत्र एवं पसान थाने के अधिन कोरबी पुलिस चौकी में नए प्रभारी सुरेश कुमार जोगी, ने 18 मई को पदभार ग्रहण कर लिया है।

इससे पहले सुरेश कुमार जोगी, जटगा, चौकी प्रभारी के पद पर पदस्थ थे। उन्होंने कहा कि कोरबी, एवं सिरमिना, क्षेत्र में सख्त पुलिसिंग व्यवस्था बनाए रखने में उनकी पहली जिम्मेदारी प्राथमिकता के साथ होगी, उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की बैठक रख जन संपर्क ले कर उनके सहयोग से अपराध पर नियंत्रण रखने में एवं आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब, कबाड़, जुआ, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब पीकर वाहन चलाना, तीन सवारी बैठा कर फर्राटे भरना, एवं संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी , उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील करते हुए यह भी कहा कि शांति व्यवस्था और सौहार्द पूर्वक बनाए रखें एवं पुलिस का सहयोग करने में अपना अहम योगदान दें, यह भी कहा कि जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा खड़ी रहेगी, और किसी भी मामले या समस्या को लेकर ग्रामीण बेहिचक पुलिस चौकी में आकर संपर्क कर सकते हैं।

### बरपाली, जवाली और सिंघिया में समाधान शिविर 26 को

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण अन्तर्गत 26 मई सोमवार को विकासखंड करतला के ग्राम बरपाली कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत बरपाली, भैंसामुड़ा, ढनढनी, गुमिया, जोगीपाली(क), कनकी, कथरीमाल, सलिहाभाठा, सण्डेल और सरगबुंदिया के लिए हायर सेकेण्डरी स्कूल बरपाली में समाधान शिविर का आयोजन होगा।

इसी तरह विकासखंड कटघोरा के ग्राम जवाली कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत देवरी, सिंघाली, विजयपुर, जवाली, कसईपाली, चाकाबुड़ा, कोलिहामुड़ा और देवगांव के लिए, हाईस्कूल प्रांगण जवाली और विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम सिंघिया कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघिया, लखनपुर, सुतर्रा, कोरबी सिं., कापूबहरा, मल्दा, नगोईबछेरा, बिंझरा, भांवर और बरतराई हेतु शासकीय हाईस्कूल सिंघिया में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# शराब दुकान नहीं हटी तो नाराज महिलाएं उतरी सड़क पर

## पुलिस से की शिकायत, उग्र आंदोलन की चेतावनी

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। बरपाली क्षेत्र में स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय महिलाओं ने एकजुट होकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस थाना पहुंचकर इस बारे में अपनी शिकायत की और कहा की अगर प्रशासन के द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो हम आगामी दिनों में फिर से उग्र प्रदर्शन करेंगे ।

स्थानीय महिलाओं का कहना है कि शराब की दुकान के कारण यहां नशेड़ियों की संख्या बढ़ गई है, जो आए दिन अशोभनीय हरकतें करते हैं और क्षेत्र की महिलाओं और बच्चियों के लिए असुरक्षा का वातावरण बनाते हैं। महिलाओं ने बताया कि वे लंबे समय से इस शराब भट्ठी को हटाने की मांग कर रही थीं। इस संबंध में उन्होंने कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को ज्ञापन भी सौंपा था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर महिलाओं ने आज सामूहिक निर्णय लिया कि



वे स्वयं थाने जाएंगी और पुलिस प्रशासन की सहायता से शराब दुकान को हटवाने का प्रयास करेंगी। बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र होकर उरगा पुलिस थाना पहुंचीं। वहां उन्होंने थाना प्रभारी राजेश तिवारी को अपनी समस्या से अवगत कराया और लिखित रूप से शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही दुकान नहीं हटाई गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगी और सड़क जाम जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होंगी। महिलाओं का यह आंदोलन स्थानीय स्तर पर एकजुटता और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बन गया है। इस मामले में पुलिस और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर अब सभी की निगाहें टिकी हैं।

# महापौर ने कहा, आवेदनों का निराकरण करना ही प्राथमिकता

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए आज कहा कि सुशासन तिहार-2025 के दौरान विभिन्न मांगों, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का लगभग शत प्रतिशत निराकरण होना शासन प्रशासन की उपलब्धि है व सुशासन तिहार की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विगत अनेक वर्षों की समस्याओं का निदान आज हो रहा है, वहीं नागरिकों की विकास व सुविधाओं से जुड़ी मांगे पूरी हो रही हैं।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर में पहुंच कर वहाँ पर लगाए गए जिले के विभिन्न विभागों व नगर पालिक निगम कोरबा की विभिन्न शाखाओं के स्टाल का सघन रूप से निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण व उन पर की गई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षात्मक जानकारी ली। उन्होंने शिविर में काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों से भेंटकर उनका कुशल-क्षेम जाना, उनकी शिकायतों व मांग संबंधी प्रस्तुत आवेदनों के



निराकरण की सीधी जानकारी नागरिकों से प्राप्त की, इस मौके पर निगम के सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन व हितानंद अग्रवाल सहित दर्री जोन के समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

समाधान शिविर में आयुक्त विनय मिश्रा ने सुशासन तिहार-2025 व समाधान शिविर के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाधान शिविर के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन व हितानंद अग्रवाल के साथ-साथ पार्षद राधा बाई महंत, प्रीति दिनेश शर्मा, सीता पटेल, सरोज शांडिल्य, सम्मत कुंवर कंवर, मुकुंद सिंह कंवर, किशनलाल कंवट आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# खरीफ सीजन के लिए 41 समितियों में बीज खाद का भंडारण

## किसानों को उठाव के प्रेरित कर रहा है कृषि विभाग

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। खेती-बाड़ी से जुड़कर जीविका चलाने वाले कृषक मार्ग के जीवन स्तर को कैसे ऊपर उठाया जाए, इसके लिए सरकार लगातार नीतियां बना रही है और किसी विभाग इसका क्रियान्वयन करा रहा है। समय के साथ कृषि क्षेत्र में नए अनुसंधान और नए अवसर की खोज करते हुए अनाज उत्पादन से जुड़े लोगों को आगे बढ़ाने के लिए रास्ता दिखाया जा रहा है। खरीफ सीजन 2025 को ध्यान में रखते हुए बीज खाद का भंडारण करने के साथ उठाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कोरबा जिला में लगभग डेढ़ लाख किसान कृषि से जुड़े हुए हैं । अच्छा खासा कृषि रकबा जिले में उपलब्ध है और इसके माध्यम से खाद्यान्न आवश्यकता है पूरी हो रही हैं । खरीफ सीजन मानसून के साथ शुरू होना है इसके लिए कृषि



विभाग ने अपनी ओर से तैयारी की है। कृषि विभाग के उपसंचालक देवेंद्र पाल सिंह कंवर ने बताया कि जिले में अलग-अलग फसलों का रकबा सुनिश्चित है। मांग को देखते हुए बीज और धान का भंडारण किया गया है। 41 समितियों में इसकी पूर्ति की गई है और किसानों को उठाव करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि मानसून पूर्व जागरूकता कार्यक्रम भी हमारा विभाग चला रहा है। 1322 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ऊंचाई वाले हिस्से में किसानों को दलहन तिलहन की फसल लेने के लिए मोटिवेट किया गया है। कृषि क्रांति को लेकर भी कृषि विभाग कोरबा जिले में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन करने में लगा हुआ है। कई सोपान इसमें शामिल किए गए हैं सुशासन के अंतर्गत भी किसानों को हमने सुविधा दी हैं। जिले के गठन के 27 वर्ष पूर्ण होने पर कृषि क्षेत्र में कई प्रकार के परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। कृषि विभाग की कोशिश है कि समय के साथ कोरबा जिले के कृषक भी कदमताल करें। हर स्तर पर कृषि विभाग उन्हें तकनीकी परामर्श उपलब्ध कराने को लेकर संकल्पित है।

# शीघ्र पूरा कराएं जल जीवन मिशन के अधूरे काम



कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। पीएचई को शीघ्रता से जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को पूरा कराना होगा। नलकूपों के मामले में भी क्रियान्वयन की गति बढ़ाने की जरूरत है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने एकल ग्राम और समूह नलजल प्रदाय योजना की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी एकल ग्राम योजनाएं जहां पर 80 प्रतिशत कार्य हो चुका है, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी ली और बसाहटों में सोलर आधारित नल जल प्रदाय करने के निर्देश देते हुए लोगों को पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पानी टंकी निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की सभी आरसीसी पानी टंकी निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सोलर पंप स्थापना हेतु स्रोत निर्माण का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, लोक सेवा यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियन्ता रमन कुमार सहित सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# केबल बिछाने को लेकर बवाल, जियो के कर्मियों से मारपीट

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक के अंतर्गत चोटिया कोरबी मुख्य मार्ग में केबल बिछाने को लेकर बवाल हो गया। जहां जियो टेलीकॉम के कंपनियों से मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। आरोप है कि जिन लोगों ने मारपीट की है वह एयरटेल के लिए काम करते हैं। खबर के अनुसार दो कंपनियों के बीच काम्पटीशन के चक्कर में तमाशा हो रहे हैं। 22 मई को बांगों थाना क्षेत्र के निवासी भुवन सिंह, और राकेश कुमार सोरी, ने जिओ कंपनी में फाइबर मेंटेनेंस का काम देखते हैं, तथा वे ग्राम फुलसर हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो देखा कि एयरटेल कंपनी के द्वारा चल रही केवल बिछाए जा रहे थे, जिसमें पूर्व से ही जिओ कंपनी के केबल बिछाए गए हैं, वहां पर मौजूद एयरटेल कम्पनी के रविंद्र रावत तथा उसके कुछ गुर्गे ने जियो कम्पनी के केबल के पास सटा कर गड्ढे खोद रहे थे, जिसे मना करने पर रविंद्र रावत, एवं उसके साथियों ने भुवन सिंह और



राकेश कुमार सोरी व जनक कुमार साहू ,को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फावड़ा के बेंट से तीनों को पिटाई कर फरार हो गए, घटने में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं, तथा दो लोगों को हाथ में और कोहनी में वार किया गया है, जिससे अंदरुनी चोटें आई हैं। चौकी प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी रविंद्र रावत , एवं उसके साथियों के विरुद्ध धारा 296, 351,(2) 115,(2)3,(5) के तहत बी एन एस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है और आरोपियों की पता साजी की जा रही है।

# सरकार की योजनाओं से हितग्राहियों को करेंगे लाभान्वित

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज कोरबा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम पंचायत गुरमा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शासन द्वारा निर्धारित तीन चरणों की प्रक्रिया के अंतर्गत अंतिम चरण के रूप में आयोजित इस शिविर में कलेक्टर अजीत वसंत शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आमजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना और उनकी समस्याओं का निराकरण करना ही सुशासन तिहार का प्रमुख उद्देश्य है।



कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त सभी आवेदनों की जांच की गई है। आवेदन का परीक्षण कर जो भी मांग जितनी जल्दी पूरी हो सकती है, उस दिशा में ही कार्यवाही की जा रही है। जिला स्तर पर जो संभव है उन मांगों को यहां से ही पूरा कर दिया गया है और शासन स्तर के मांगों को पूरा करने के लिए शासन को प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर बताया कि शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जाती है। आप अपनी जरूरत के अनुसार कभी भी आवेदन दे सकते हैं। जो भी समस्या या शिकायत है, आप सोमवार व गुरुवार के दिन कलेक्टर कार्यालय आकर बता सकते हैं। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। शिविर में 11 कलस्टर के सरपंच, जनपद सदस्य व ग्रामीण उपस्थित हुए। सीईओ ने आभार व्यक्त किया।

# जल संकट की वजह उजागर, जप्त किए 8 टुल्लू पंप

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। गर्मी के मौसम में कोरबा की पुरानी बस्ती वार्ड 6 करामत अली गली में जल संकट बनने की वजह आखिरकार सामने आ ही गई। कुछ लोगों की हरकतों से बहुत सारे लोग पानी के लिए परेशान हो रहे थे। नगर निगम ने यहां 8 टुल्लू पंप जप्त कर लिए। इसके साथ चेताया कि दुबारा टुल्लू पंप लगाया तो कनेक्शन काट देंगे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नियमित रूप से सुबह शाम दिन में दो बार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति वितरण पाईप लाईन व नल कनेक्शन के माध्यम से निगम क्षेत्र के वार्ड व बस्तियों में की जाती है, निगम का प्रयास रहता है कि सभी घरों में पर्याप्त रूप से पानी पहुंचे तथा नागरिकों को पेयजल को लेकर



किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, किंतु कतिपय लोगों द्वारा अपने नल कनेक्शन में टुल्लू पंप लगाकर अपने घरों में ज्यादा पानी खींचा जाता है , जिससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है तथा उन्हें आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं मिल पाता है, आज निगम के पेयजल विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही की।

# आदिले को मिला सेवा सम्मान



कोरबा-कटघोरा, 23 मई (देशबन्धु)। भावना कला एवं साहित्य फाउंडेशन द्वारा राजा राममोहन राय की 253 वीं जयंती के अवसर पर जे.बी.डी. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा के प्राचार्य डॉ. प्यारेलाल आदिले को उनके द्वारा किए गए सामाजिक उत्थान के कार्यों के लिए सेवा सम्मान मिला।

वे काफी समय से शिक्षण और समाज सेवा में काम कर रहे हैं। अनेक लोगों ने सम्मान मिलने पर बधाई दी।

# शिविर में उम्रदराज लोगों को मिलेगी चिकित्सा

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के तहत सोमवार को कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू, करतला ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर, कटघोरा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका, और पाली ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सपलवा में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इन शिविरों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाईयों का वितरण किया जायेगा।

# महिला सुरक्षा के लिए किया जा रहा काम

कोरबा, 23 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन कोरबा कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सतर्क एवं सजग है। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित कार्यालयों व संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय, निजी संस्था, संगठन, कार्यालय, उपक्रम, उद्यम, सोसायटी, ट्रस्ट, गैर-शासकीय संगठन आदि में जहाँ 10 या उससे अधिक अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं, वहाँ आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। समिति गठन न करने पर संबंधित संस्था पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है। समिति में एक वरिष्ठ महिला अधिकारी को पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दो महिला सदस्य जो सामाजिक कार्यों में अनुभव या महिला अधिकारों के प्रति प्रतिबद्ध हों, तथा एक सदस्य किसी गैर शासकीय संगठन से शामिल होंगी। समिति में आधे से अधिक सदस्य महिलाएं होंगी और इसका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा।

## सार-संक्षेप

### जून में एकमुश्त मिलेगा तीन माह का चावल ई-केवाईसी अनिवार्य

**एमसीबी,** 23 मई (देशबन्धु)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले सभी कार्ड धारकों को माह जून 2025 में तीन माह – जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल एकमुश्त वितरित किया जाएगा। प्रशासन ने इसके लिए भंडारण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। खाद्य विभाग के अनुसार चावल के अतिरिक्त अन्य राशन सामग्री की आपूर्ति नागरिक आपूर्ति निगम के स्टॉक की उपलब्धता के अनुसार जून से अगस्त माह तक प्रति माह पृथक-पृथक रूप से की जाएगी। राशन का वितरण जिले की सभी शासकीय राशन दुकानों के माध्यम से किया जाएगा। सभी पात्र हितग्राही अपने राशन कार्ड के अनुसार तीन माह की चावल सामग्री एक साथ प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही विभाग ने सभी राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। जिन राशन कार्ड धारियों का ई-केवाईसी अब तक नहीं हुआ है, उन्हें 31 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। राशन कार्ड में जितने भी सदस्य दर्ज हैं, उन सभी का ई-केवाईसी कराना आवश्यक है। ई-केवाईसी पूर्ण न होने की स्थिति में राशन वितरण में बाधा आ सकती है।

### उर्स शरीफ के आयोजन को लेकर 26 शांति समिति की बैठक कल

**कोरिया,** 23 मई (देशबन्धु)। कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2, 3 एवं 4 जून को हजरत बाबा भोलन शाह वली रहमतुल्ला अलैह के मजार पर पारंपरिक उर्स शरीफ का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु 26 मई को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोजन की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं और विभागीय समन्वय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत एवं बैकुंठपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिला कमांडेंट, नगर सेनानी, तहसीलदार (सोनहत एवं बैकुंठपुर), एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल होंगे।

जिला प्रशासन ने संबंधित सभी अधिकारियों को समय पर बैठक में उपस्थित होकर उर्स आयोजन के लिए समुचित तैयारी और समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आठवीं आर्थिक गणना के लिए जिले में समन्वय समिति गठित

**कोरिया,** 23 मई (देशबन्धु)। कोरिया जिले में आठवीं आर्थिक गणना के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया है। यह समिति जिले में आर्थिक गणना की समस्त गतिविधियों का समन्वय, निगरानी और मार्गदर्शन करेगी।

समिति की अध्यक्ष कलेक्टर होंगी, जबकि पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र (वाणिज्य विभाग), सहायक संचालक ग्रामोद्योग, श्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

समिति जिले में आर्थिक गणना के तहत डाटा संग्रहण, प्रशिक्षण, सहित सभी कार्यों का संचालन एवं निरीक्षण करेगी, जिससे कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके।

### बदबू आने पर घर खोला तो महिला सहित दो मासूमों की मिली लाश



रायगढ़ 23 मई (देशबन्धु)। जिले के कीदा गांव के एक मकान में एक महिला और उसके दो बच्चों की 5 दिन पुरानी लाश मिलने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कीदा में आज दोपहर सिदार मोहल्ले में उस समय सनसनी फैल गई जब बदबू आने के बाद किसी अनहोनी घटना की आशंका देखते हुए पड़ोसी जब महिला के मकान में पहुंचे तो महिला सुकांति साहू 35 साल दोनों बच्चे युगल साहू 15 साल, प्राची साहू 12 साल का शव बिस्तर में पडा हुआ था। जिसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी छाल थाने में दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही छाल थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि महिला का पति महेन्द्र साहू रोजी मजदूरी का कम करता है और बीते सोमवार से वह काम करने बाहर गया हुआ था आज घटना की जानकारी मिलने के बाद वे गांव लौटा है।

इस संबंध में छाल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे है, तीनों का शव 4-5 दिन पुराना है, फारेंसिक टीम एवं डॉग स्वायड को बुलाया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही तीनों के मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### रायगढ़ के बजरमुड़ा गांव में मुआवजा वितरण में भारी अनियमितता

रायगढ़ 23 मई (देशबन्धु)। जिले के तमनार तहसील के ग्राम बजरमुड़ा में भू-अर्जन मुआवजा वितरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। शासन के निर्देश पर कलेक्टर कार्यालय द्वारा जांच के लिए एक 7 सदस्यीय अधिकारियों कर्मचारियों की समिति गठित की गई है, जो मुआवजा वितरण में त्रुटियों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

यह निर्णय राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त पत्र क्रमांक एफ 3-39 राजस्व 2023 तथा अनुविभागीय अधिकारी, घरघोड़ा के पत्र क्रमांक 176ध्स्था.-अर्जनध्2024 के आधार पर लिया गया है। समिति को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह मुआवजा वितरण में भूमि एवं संपत्तियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं की जांच करे और त्रुटिपूर्ण गणना पत्रक तैयार कर शासन को भेजे। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वे भू-अर्जन प्रक्रिया में हुई संभावित वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक अथवा दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# ओडिशा के उमरकोट से पकड़ा गया रायगढ़ का फरार ठग रंजीत चौहान

#### चार ठगी मामलों में थी पुलिस को तलाश




रायगढ़ 23 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के कुशल मार्गदर्शन में रायगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अलग-अलग ठगी मामलों में फरार चल रहे आरोपी रंजीत चैहान को ओडिशा के नवरंगपुर जिले के उमरकोट गांव में थाना कोतवाली, चक्रधरनगर और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दबिश देकर उसे पकड़ा। आरोपी रंजीत चैहान(29 साल)रायगढ़ के डुमरपाली गांव का रहने वाला है और उसके खिलाफ थाना कोतवाली में एक तथा चक्रधरनगर में तीन गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी से सघन पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 20 मार्च को थाना चक्रधरनगर में दर्ज एक ठगी के मामले के बाद से रंजीत फरार था। उसने अपना मोबाइल बंद कर दिया था और सोशल मीडिया सहित किसी भी डिजिटल माध्यम पर सक्रिय नहीं था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीएसपी श्री आकाश शुक्ला और डीएसपी (साइबर सेल) अनिल विश्वकर्मा के नेतृत्व में गठित टीम लगातार आरोपी की तलाश में लगी थी। उसके जान-पहचान वालों से बार-बार पूछताछ की जा रही थी, पर कोई ठोस जानकारी नहीं मिल रही थी। अंततः एक परिचित के पास आए कॉल नंबर को खंगाला गया, जिससे पता चला कि रंजीत ओडिशा सीमा पर स्थित उमरकोट गांव में छिपा है। तत्काल पुलिस टीम वहां रवाना होकर उसे दबोच लाई।

आरोपी के विरुद्ध दर्ज मामलों में पहला मामला थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 119ध्2025 है, जिसमें उसने 22 अप्रैल 2022 से 26 जुलाई 2023 के बीच छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर जुर्डा निवासी उत्तम कुमार प्रधान और अन्य 10 लोगों से कुल 44 लाख 20 हजार रुपये ठगे और फर्जी नियुक्ति पत्र थमाए।

दूसरा मामला अपराध में राजकिशोर साहू से फाउंडेशन के नाम पर निर्माण कार्य का झांसा देकर छह लाख रुपये वसूले, जिनमें से केवल 4.25 लाख रुपये लौटाए गए। तीसरा मामला थाना कोतवाली में कमला इंटरप्राइजेज के संचालक अनिल गर्ग से नौ करोड़ के अनुदान दिलाने का झांसा देकर 12 लाख रुपये ऐंठे गए।

चैथा और सबसे ताजा मामला 21 मई को दर्ज किया गया जिसमें जांजगीर-चांपा निवासी अनिता साहू से नाबार्ड टेंडर के नाम पर 50 लाख की ठगी की गई। इस मामले में आरोपी के साथ छह अन्य व्यक्तियों के नाम भी सामने आए हैं। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दी जा रही है।

#### आरोपी को मीडिया के सामने लाने से क्यों बच रही पुलिस!

पत्रकारिता और असीम फाउण्डेशन की आड में पिछले कुछ वर्षो के दौरान ठगी के कई मामलों में संलिप्त रहे आरोपी रंजीत चैहान को ठगी के चार मामलों में गिरफ्तार करने के बाद पुलिस रायगढ़ लेकर आई और इस मामले में गुरूवार को पुलिस के द्वारा प्रेस वार्ता करके मीडिया को पूरे मामले से अवगत कराने का प्रयास किया गया। इस दौरान पत्रकारों ने आरोपी को मीडिया के सामने प्रस्तुत करने की बात कही मगर मौके पर मौजूद आला पुलिस अधिकारी कथित पत्रकार और महाठग रंजीत चैहान को मीडिया के सामने प्रस्तुत करने से कतराती रही जिसके कारण प्रेस बिरादरी के अधिकांश सदस्य नाराज रहे और उन्होंने प्रेस वार्ता से पहले ही वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों को न केवल इस नाराजगी से अवगत कराया बल्कि प्रेस वार्ता का बहिष्कार करके भी वहां से निकल गए।

# 17 लाख की ऑनलाइन ठगी का खुलासा, दो गिरफ्तार

#### साइबर ठगों पर रायगढ़ पुलिस का करारा प्रहार

#### झारखंड से पकड़े गए आरोपी

रायगढ़ 23 मई (देशबन्धु)। साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के दो शातिर सदस्यों को झारखंड के साहेबगंज से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है।

आरोपियों ने रायगढ़ व्यापारी गौरीशंकर बेरीवाल के मोबाइल फोन को चुराकर उसमें लिंक युपीआई ऐप से पासवर्ड हैक कर कुल 17 लाख 16 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए थे। मामले में रायगढ़ पुलिस ने तत्परता से जांच करते हुए दोनों आरोपियों को झारखंड से दबोच लिया और आरोपियों के कब्जे से मोबाइल समेत ठगी में उपयोग किए गए तकनीकी उपकरण जब्त किए गए हैं। 4 अप्रैल को कोतवाली थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, पीड़ित दानीपारा में रहने वाले गौरीशंकर बेरीवाल (77 साल) का मोबाइल 30 अक्टूबर 2024 का संजय कॉम्प्लेक्स में खो गया था, जिसका सिम उन्होंने तुरंत बंद करवा दिया था। बाद में उन्हें तब हैरानी हुई जब 28 मार्च को बैंक से जानकारी मिली कि उनके खाते से 30 अक्टूबर से 16 नवंबर के बीच 17,16,552 रुपये



की निकासी हो चुकी है, जबकि उन्होंने ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया था। पुलिस ने तत्काल धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर साइबर सेल ने तकनीकी विश्लेषण करते हुए मनी ट्रांसफर में प्रयुक्त आईपी एड्रेस और सिम की लोकेशन ट्रेस की। जांच में सामने आया कि मोबाइल झारखंड के साहेबगंज जिले में मुकेश चैधरी नामक व्यक्ति के पास इस्तेमाल हो रहा है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली और साइबर सेल की विशेष टीम गठित कर झारखंड रवाना किया। स्थानीय पुलिस की मदद से मुख्य आरोपी मुकेश चैधरी और उसके साथ अपराध में शामिल आरोपी सुरेश चैधरी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया।

गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से ठगी के लिए नेट उपलब्ध कराया गया मोबाइल और प्रयुक्त मोबाइल जब्त किए गए हैं। जांच में सामने आया कि आरोपीगण ऑनलाइन ठगी के लिए नयी तकनीकी उपयोग करते थे। पुलिस अब दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

## बायो ईनपुट रेसोर्स सेंटर्स हेतु 27 तक आवेदन आमंत्रित

**अंबिकापुर,** 23 मई (देशबन्धु) नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के क्रियान्वयन हेतु चयनित में 8 बीआरसी का चयन किया जाना है। बीआरसी के माध्यम से निम्नलिखित कार्य कराया जाना है।

बायो इनपुट का उत्पादन एवं विक्रम, उचित मूल्य पर गुणवत्ता उपलब्धता सुनिश्चित करना, प्राकृतिक खेती के लिए उपयोगी कीट जमीन पर उपलब्ध कराना, किसानों के साथ विभिन्न बायो इनपुट की तैयारी, उपयोगविधि मात्र भण्डारण एवं उनके उपयोग का प्रदर्शन करना, कृषि सखी केवीके के साथ मिलकर प्राकृतिक खेती का दस्तावेजीकरण करन, सेवा विस्तार नर्सरी तैयार करना, उत्पादों के प्रसंस्करण एवं सुविधा विकसित करना।

एफपीओ एसएचजी पीएसीएस नेचुरल फार्मिंग सहकारी समिति स्थानीय उद्यमीयों की, कृषक का चयन बायो ईनपुट रेसोर्स सेन्टरस (बीआरसीएस) के लिए जाने हेतु पात्रता मापदण्ड निम्नानुसार है। प्राकृतिक कृषि के अनुभव, बायो आधारित इनपुट बनाने हेतु पशुधन, पौधों पर आधारित बायोमास जैसे कच्चे माल की उपलब्धता, बायो इनपुट निर्माण के संबंध में प्रशिक्षण/अनुभव, बायो इनपुट बनाने एवं भण्डारण हेतु शेड, स्थान की उपलब्धता, आवेदक चयनित विकासखण्ड उदयपुर/सीतापुर का होना चाहिए, बायो इनपुट की स्थापना चयनित कलस्टर के पंचायत में करने हेतु सक्षम/सहमत हो, बीआरसी प्रतिदिन कृषकों हेतु खुला रखना होगा।

ऐसे एफपीओ एसएचजी पीएसीएस नेचुरल फॉर्मिंग कृषक सहकारी समिति स्थानीय उद्यमीयों जो उपरोक्तानुसार पात्रता रखते हों अपना आवेदन प्रमाणित अभिलेखो सहित 27 मई 2025 को कार्यालयीन समय 05:30 तक कार्यालय उप संचालक कृषि अम्बिकापुर कलेक्ट्रेट परिसर जिला-सरगुजा (छ.ग.) में आवेदन जमा कर सकते है।

#### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 26 से 28 तक

**अंबिकापुर,** 23 मई (देशबन्धु)। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के द्वारा जारी पत्र के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तर पर काउंसलिंग आयोजित की गई थी। काउंसलिंग पश्चात प्रतीक्षा सूची जारी गई है प्रतीक्षा सूची अनुसार रिक्त सीटों पर प्रवेश लिए जाने निर्देश दिए गए हैं।

जिसके फलस्वरूप विद्यालय आबंटन हेतु विद्यार्थियों की काउंसलिंग 26 मई से 28 मई 2025 तक, समय प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक, संस्था-पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास अम्बिकापुर (एम.जी. रोड, पी.जी. कॉलेज के पास) आयोजित है।

काउंसलिंग में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की सूची सरगुजा जिले के वेबसाईट ह्यह्वह्म्द्दह्वद्भड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ पर अवलोकन किया जा सकता है।

## दरिमा, सलका और डांडगांव में आयोजित हुआ समाधान

**अंबिकापुर,** 23 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण में आयोजित समाधान शिविरों में जनसमस्याओं के निराकरण का जानकारी आम नागरिकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अभिनव पहल से लोगों की समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यम मिला है। शुक्रवार इसी कड़ी में विकासखंड अम्बिकापुर के दरिमा, उदयपुर के डांडगांव और लखनपुर के सलका में समाधान शिविर आयोजित हुआ। जहां बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक ग्रामीण शामिल हुए।

विकासखंड उदयपुर के डांडगांव को क्लस्टर में बनाया गया था जिसमें डांडगांव, साल्ही,सलबा, परसा,पेंडरखी, नारायणपुर, मडगांव,गुमगा, घाटबर्रा, फूलचूही और दावा कूल 11 गांव शामिल थे। जिसमें अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रायमुनीया करियाम, जनपद अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सिंह, जनपद उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ सिंह,जनपद सदस्य श्री श्रवण कुमार, श्रीमती सिद्धि सिंह पैकरा, श्री चंद्रमा सिंह एवं कलेक्टर, एसडीएम बनसिंह नेताम, तहसीलदार कमलेश मिरी, सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से सुशासन तिहार में हर समस्या के समाधान हो रहा है। समाधान शिविर में विभागवार प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी हितग्राहियों से साझा की जा रही है। यदि कोई सुशासन तिहार के पहले चरण में आवेदन नहीं दे पाया है तो समाधान शिविर में आवेदन अपनी मांग और शिकायत कर सकता है जिसका निराकरण जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा।

# सभी ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती

#### महिला सशक्तीकरण को समर्पित होंगे विविध आयोजन




**कोरिया,** 23 मई (देशबन्धु)। कोरिया जिले में 31 मई को देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता पर केंद्रित होंगे।

राज्य शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजन की रूपरेखा तैयार करने की जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में सभी ग्राम पंचायत सचिवों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में देवी अहिल्याबाई के जीवन एवं कार्यों पर आधारित नुक्कड़ नाटक, गोष्ठियाँ, चित्र प्रदर्शनी और परिचर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इन आयोजनों का उद्देश्य नागरिकों को उनकी प्रशासनिक कुशलता, सामाजिक सुधारों, जल प्रबंधन और महिला उत्थान जैसे कार्यों से अवगत कराना है। इसके अतिरिक्त बालिकाओं व महिलाओं के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायक संवाद आयोजित होंगे। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान और सफाई अभियान भी चलाए जाएंगे, जिसमें गांव के सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थान और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई

## कायाकल्प निरीक्षण टीम का बैकुंठपुर एवं पटना स्वास्थ्य केंद्रों में निरीक्षण

**कोरिया,** 23 मई (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय कायाकल्प मूल्यांकन टीम ने 22 मई को जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने स्वास्थ्य संस्थानों की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय सुविधाओं सहित कुल आठ मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया।

निरीक्षण दल में संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ला एवं डॉ. जितेंद्र कुमार के साथ राज्य सलाहकार रामकृष्ण पांडेय, डॉ. प्रीतम राय, श्रीमती मोनिका साहू एवं अस्पताल सलाहकार निलेश गुप्ता शामिल थे।

स्वागत समारोह में नर्सिंग छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट और दीप प्रज्वलन कर टीम का पारंपरिक अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत अस्पताल प्रबंधक द्वारा संस्थान की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। टीम को उप-समूहों में विभाजित कर अस्पताल परिसर, वार्डों एवं विभागों का निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मरीजों से भी संवाद किया, जिसमें उन्हें चिकित्सा सेवाओं और अस्पताल प्रबंधन के प्रति संतोषजनक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई।कार्यक्रम के अंत में एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निरीक्षण के दौरान सामने आए बिंदुओं पर चर्चा कर सुधार हेतु सुझाव दिए गए। टीम द्वारा दी गई समग्र फीडबैक को आगामी सुधार कार्यों में उपयोग किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, आरएमओ डॉ. कार्तिकेय सिंह, डॉ. अनित बाखला, डीपीएम डॉ. अशरफ अंसारी, अस्पताल सलाहकार व सभी विभागीय प्रभारी, नर्सिंग इंचार्ज, क्वालिटी नोडल अधिकारी एवं अन्य चिकित्सा व सहायक कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# अवैध कनेक्शन से चल रहा था शादी समारोह, बिजली करेंट से मासूम की मौत

#### धरमजयगढ़ पुलिस ने अवैध कनेक्शन व घोर लापरवाही पर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

रायगढ़ 23 मई (देशबन्धु)। जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमीपाली में शादी समारोह के दौरान सात वर्षीय बच्ची की करंट लगने से हुई मौत के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि विवाह आयोजन में बिजली के अवैध कनेक्शन और घोर लापरवाही के चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। मासूम शिवानिया राठिया की मौत के मामले में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अब तक की मर्ग जांच, पीएम रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पुलिस ने दिवाली राठिया और मनबोध राठिया को उपेक्षापूर्ण कार्य से मृत्यु और विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। घटना की रिपोर्ट पर धारा 194 बीएनएसएस के



तहत दर्ज की गई थी। प्रार्थी फिरसिंह राठिया ने बताया कि दिनांक 18 मई को उनके गांव के विक्रम राठिया के घर में शादी समारोह के दौरान दिवाली राठिया द्वारा सीधे बिजली खंभे से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन लिया गया था। इस तार का प्लास्टिक कवर कई जगह से क्षतिग्रस्त था। आयोजन स्थल पर लोहे के पोल में टेंट लगाया गया था, जिससे छू जाने के कारण पोल में करंट आ गया। मृतिका शिवानिया राठिया खेलते-खेलते इसी पोल से झूल गई, जिससे उसे करंट लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच में गवाहों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल की पड़ताल और विद्युत विभाग से प्राप्त तथ्यों के आधार पर पाया कि दिवाली राठिया ने बिना किसी सुरक्षा उपायों के कटे-फटे तारों से सीधे बिजली खंभे से सप्लाई लिया था, जिससे पोल में करंट दौड़ गया। वहीं, टेंट और साउंड सिस्टम की निगरानी में लगे कर्मचारी मनबोध राठिया ने भी पोल में करंट प्रवाह की जानकारी होने के बावजूद इसे अनदेखा किया, जिससे हादसा टल नहीं सका। धरमजयगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में आरोपियों के विरुद्ध धारा 106(1), 3(5) बीएनएस एवं 136(1)(ए), 137 विद्युत अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी- दिवाली राठिया पिता रामसिंह राठिया उम्र 43 वर्ष साकिन सेमीपाली थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) व मनबोध राठिया पिता विपतराम राठिया उम्र 23 वर्ष साकिन सेमीपाली थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़(छ.ग.) को उनके घर से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। दोनों को रिमांड पर भेज दिया गया है और आगे की विवेचना जारी है।

# अब माह के 9 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क सोनोग्राफी व विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध

## उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत पहचान और जांच सुनिश्चित करें- कलेक्टर



जांजगीर, 23 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारत सरकार की योजना के तहत् प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत जिला के जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 24 मई को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शत-प्रतिशत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की त्वरित पहचान की जाए। अभियान के अंतर्गत हितग्राहियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, विशेषज्ञ एवं निजी चिकित्सकों की भागीदारी सुनिश्चित करना, तथा गर्भवती महिलाओं की पूर्ण जांच जैसे हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, वजन, ऊंचाई, शुगर, मूत्र परीक्षण एवं पेट की जांच समय पर की जाए।

साथ ही गर्भवती महिलाओं को पोषण, संस्थागत प्रसव एवं खतरे के लक्षणों के बारे में परामर्श दिया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में चिन्हित उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की श्रेणीवार लाइन लिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा उनका नियमित फॉलो-अप किया जाए।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर 102, 108 सेवाओं तथा अस्पतालों में उपलब्ध एम्बुलेंस का उपयोग आवश्यकतानुसार हितग्राहियों के लिए किया जाए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस जिले में जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल एवं 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 01 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं चिन्हांकित 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। जहां विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी तथा आवश्यक संसाधनों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार बर्मन, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. यू के मरकाम सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले के18 सोनोग्राफी सेंटरों को किया है चिन्हांकित

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि माह प्रत्येक की 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के सफल आयोजन हेतु नि:शुल्क सोनोग्राफी हेतु जिला में कुल 18 निजी सोनोग्राफी सेंटरों को चिन्हांकित किया है।

जिसमें गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी सुविधा प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को निजी अस्पताल नर्सिंग होम/क्लीनिक के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल राठौर, डॉ. अरविंद एक्का, डॉ. पल्लवी शर्मा एवं डॉ. विकास डहरिया क्रमश: सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनीडीह, बलौदा, अकलतरा एवं नवागढ़ में नि:शुल्क सेवा प्रदान करेंगे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान

## कलेक्टर ने की अभियान के तैयारियों की समीक्षा, 29 मई से 12 जून तक आयोजित किया जाएगा



जांजगीर, 23 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से जिले में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंनेकृषकों के बीच प्रमुख खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों, शासन की योजनाओं तथा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने अभियान के माध्यम से किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा, तथा जैविक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने कहा। साथ ही किसानों से प्राप्त सुझावों, नवाचारों और समस्याओं का संकलन कर उन्हें योजनागत क्रियान्वयन में शामिल करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीएम किसान, डिजिटल एग्रीकल्चर, और अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं का लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एफपीओ, लखपति दीदी समूह, और अन्य उत्पादक समूहों के साथ विपणन एवं स्थानीय प्रसंस्करण गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्रोन तकनीक, स्थानीय स्तर पर जैविक कीटनाशी निर्माण, एवं अन्य नवीन कृषि विधियों पर जीवंत प्रदर्शनी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएपी खाद के विकल्प के रूप में यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश की संतुलित मात्रा या एनपीके मिश्रित खाद का उपयोग करने किसानों में जन जागरूकता लाने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। उन्होंने धान की जगह अधिक लाभकारी फसल दलहन, तिलहन एवं मक्का उत्पादन, तथा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग एवं एडिबल ऑयल मिशन की जानकारी कृषकों को देने के निर्देश दिए। इसे साथ उन्होंने अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतरजिला छड़ चोरी गिरोह का भंडाफोड़, आरक्षक सहित 8 आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 23 मई (देशबन्धु)। थाना चांपा एवं जांजगीर कोतवाली पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से अंतरजिला छड़ (सरिया) चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरक्षक सहित चार आरोपियों और चार नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह से पुलिस ने चोरी की गई निर्माण सामग्री, ग्रेनाइट पत्थर, छड़, मोटरसाइकिल और पिकअप वाहन समेत लगभग 10 लाख रुपये का माल बरामद किया है।




गिरोह में शामिल आरक्षक शशिकांत कश्यप, वर्तमान में जांजगीर पुलिस लाइन में पदस्थ है। वह अपने निर्माणाधीन मकान में चोरी की गई सामग्री का उपयोग कर रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि चोरी का सामान आरोपियों के बीच बांटा जाता था। गिरफ्तार आरोपी शशिकांत कश्यप (32 वर्ष) आरक्षक, निवासी भाटापारा जांजगीर,उदय कुमार यादव (28 वर्ष) निवासी बक्सरा बलौदा, राजू देवांगन (46 वर्ष)निवासी अमोदा नवागढ़ , मनीष मिश्रा (19 वर्ष) निवासी भैंसामुडा, थाना उरगा कोरबा एवं चार नाबालिग आरोपी विधि से संघर्षरत शामिल है। गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, जबकि चारों नाबालिगों को विधि सम्मत कार्रवाई हेतु बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता, साइबर सेल प्रभारी सागर पाठक, प्र. आरक्षक वीरेंद्र कुमार टंडन, स.उनि अरुण सिंह, मुकेश पांडे, प्रकाश राठौर, आरक्षक मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, गिरीश कश्यप, प्रदीप तिवारी, शहबाज अहमद, अर्जुन यादव, हजारीलाल मेस्सा आदि का विशेष योगदान रहा।

### ये है मामला

मामले में प्रार्थी हनी अग्रवाल की रिपोर्ट पर कार्रवाई शुरू हुई, जिन्होंने बताया कि उनकी दुकान हनुमान स्टील (घटोली चौक, चांपा) से 3.5 टन सरिया चोरी हुआ है। वहीं पास की तनुष्का टाइल्स के संचालक बिरना राम गुर्जर ने भी ग्रेनाइट पत्थर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूचना मिलते ही थाना चांपा पुलिस, जांजगीर कोतवाली और साइबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गहन जांच शुरू की। तकनीकी निगरानी और सूचना तंत्र के आधार पर आरक्षक की संलिप्तता उजागर हुई।

### बरामद सामान

छड़ (सरिया), ग्रेनाइट पत्थर, चौखट,मोटरसाइकिल,पिकअप वाहन कुल अनुमानित मूल्य-10 लाख रुपये।

# कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण के संबंध में ली बैठक

## शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने युक्तियुक्तकरण जरूरी



जांजगीर, 23 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में संचालित शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। जिससे शिक्षक, संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पारदर्शिता के साथ युक्तियुक्तकरण करने कहा है। विकासखंड स्तरीय समिति से प्राप्त प्रस्तावो के स्क्रूटनी के संबंध में 28 मई को जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित होगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज, डीएमसी आर के तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि युक्तियुक्तकरण से न तो किसी स्कूल को बंद किया जा रहा है, न ही शिक्षकों के पद समाप्त किए जा रहे हैं। युक्तियुक्तकरण की यह प्रक्रिया पूरी तरह शिक्षा के अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशानिर्देशों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य स्कूलों में शिक्षकों की न्यायसंगत ढंग से उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इससे कोई विद्यालय बंद नहीं होगा, और न ही किसी प्रधान पाठक का पद समाप्त किया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल संसाधनों और प्रशासनिक संरचना को बेहतर बनाना है। युक्तियुक्तकरण का निर्णय बच्चों के हित में और शिक्षकों की बेहतर तैनाती के लिए लिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल राज्य की शिक्षा व्यवस्था को ज्यादा सशक्त और संतुलित बनाएगी। युक्तियुक्तकरण से न सिर्फ शिक्षकों का समुचित उपयोग होगा, बल्कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी मिल सकेगी।

### युक्तियुक्तकरण के क्या होंगे फायदे

जिन स्कूलों में ज्यादा शिक्षक हैं लेकिन छात्र नहीं, वहां से शिक्षकों को उन स्कूलों में भेजा जाएगा जहां शिक्षक नहीं हैं। इससे शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक वाले स्कूलों की समस्या दूर होगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। एक ही परिसर में ज्यादा कक्षाएं और सुविधाएं मिलने से बच्चों को बार-बार एडमिशन लेने की जरूरत नहीं होगी। यानी एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित होंगे तो प्राथमिक कक्षाएं पास करने के बाद विद्यार्थियों को आगे की कक्षाओं में एडमिशन कराने की प्रक्रिया से छुटकारा मिल जाएगा। इससे बच्चों को पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर (ड्रॉपआउट रेट) भी घटेगी। अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

# नाला निर्माण के लिए कब्जा हटाने बुलडोजर चलाना शुरू



## विवाद की स्थिति को देखते हुए नपा ने दूसरी बार थमाया नोटिस

जांजगीर, 23 मई (देशबन्धु)। नहरिया बाबा मंदिर मार्ग पर प्रस्तावित एक किलोमीटर लंबे नाले के निर्माण कार्य को लेकर नगरपालिका (नपा) ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पहले अतिक्रमण हटाए बिना ही शुरू हुए निर्माण कार्य में अब जैसे-जैसे कार्य आगे बढ़ रहा है, अतिक्रमण की समस्या सामने आ रही है।

नपा ने विवाद की स्थिति से बचने के लिए पहले भवन मालिकों को नोटिस जारी किया था, लेकिन निर्माण स्थल पर स्थिति जस की तस बनी रही। ऐसे में अब नपा ने दूसरी बार नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। कई स्थानों पर लोगों के अहाते, तो कहीं घरों के आगे बने कमरे तोड़े जा रहे हैं। नगरपालिका उप अभियंता शिवा बर्मन ने बताया कि निर्माण कार्य बाधित न हो, इसके लिए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को निर्माण के समानांतर ही चलाया जा रहा है। अब तक की कार्रवाई में भवन मालिकों की सहमति भी प्राप्त हो रही है, क्योंकि बरसात के समय जलजमाव की समस्या से सभी परेशान रहते हैं। इस पर नपा अधिकारियों का कहना है कि यह परियोजना का पहला चरण है और आने वाले समय में दूसरे चरण में आगे का निर्माण भी किया जाएगा।

### पहले चरण में सिर्फ 1 किमी का नाला

नपा द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के पहले चरण में बिजली सब स्टेशन (तुलसी भवन के सामने) से लेकर बीडी महंत मोहल्ले में माइनर नहर तक एक किलोमीटर तक नाला बनाया जाएगा। इसके लिए 77 लाख रुपए का टेंडर स्वीकृत किया गया है। हालांकि स्थानीय नागरिकों की मांग है कि बीटीआई चौक से लेकर नहरिया बाबा मंदिर तक नाला बनाया जाए, ताकि पूरे क्षेत्र की जल निकासी सुचारू हो सके।

### 20 से ज्यादा स्थानों पर अतिक्रमण हटाना अनिवार्य

सूत्रों के अनुसार, नपा ने अब तक 20 से 25 मकान व दुकानों के मालिकों को नोटिस जारी किए हैं, जिनका निर्माण नाले के प्रस्तावित मार्ग में है। नियमानुसार कार्य प्रारंभ करने से पहले साइट क्लीयर करना अनिवार्य था, लेकिन लोगों की उदासीनता के चलते अब कार्रवाई करनी पड़ रही है।

फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और नाले का निर्माण सुचारू रूप से चल रहा है।

# 35 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## थाना डभरा पुलिस की कार्रवाई




डभरा, 23 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बेचने वाले महुआ शराब बनाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने की निर्देश दिया गया था इसी तारतम्य में थाना प्रभारी निरीक्षक कमल किशोर महतो के द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई किया जा रहा है वही 22 मई को मुखबिर से सुचना मिला कि एक व्यक्ति अपने कब्जे में बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब रख कर परिवहन कर रहा है इसकी जानकारी तत्काल पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी गई।

फिर निर्देश मिलने पर अवैध शराब बिक्री करने वाले के धरपकड़ अभियान चलाकर आरोपी को धर दबोचा गया। आरोपी स्वयं कुमार सारथी पिता रेशम लाल सारथी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम साकिन बसंतपुर थाना डभरा को ग्राम डभरा नहर मंडी के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक पीला रंग की थैला में भरी 03 जरिकेन में 15 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब किमती लगभग 1500 रू. कुल जुमला 1500 रु. को बरामद किया एवं दूसरा आरोपी भीमाराम धोबी उर्फ गुड्डू बरेठ पिता फिरतू बरेठ उम्र 37 वर्ष ग्राम आवास प्लांट डभरा के कब्जे से 04 प्लास्टिक के जरिकेन में कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती ?2000 रुपया आरोपी के द्वारा जप्त शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने पर शराब को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा कमल किशोर महतो सउनि शंकर लाल साहू प्रधान आरक्षक मिथुन सुल्तान आरक्षक ऐश्वर चंद्रा धनेश्वर दिवाकर मिरीश साहू महिला आरक्षक सविता भारद्वाज का योगदान रहा।

## मातृ मृत्यु दर कम करने 24 मई को चलाया जाएगा विशेष अभियान

रायगढ़, 23 मई (देशबन्धु)। गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 24 मई 2025 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य मातृ मृत्यु दर को कम करना और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

इस अभियान के अंतर्गत चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञों, ग्रामीण चिकित्सा सहायकों और रेडियोलॉजिस्ट की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एएनसी की सुविधा प्रदान की जाएगी।

जिसमें विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक जाँच एवं उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

# सार-संक्षेप

## हिमालय वुड बैज लीडर प्रशिक्षण शिविर में सारंगढ़ के गाइडर्स हुए शामिल



सारंगढ, 23 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउटस गाइडस छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित सात दिवसीय हिमालय वुड बैज गाइड विभाग लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी बिलासपुर में सम्पन्न हुआ।राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के प्रयास से राष्ट्रीय प्रशिक्षण कैंप पचमढ़ी में होने वाली प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हुई। स्काउटिंग-गाइडिंग का अहम पड़ाव हिमालय बुड बैज में सारंगढ जिले से गाइड कैप्टिन गुणवती साहू (जिला सह सचिव ), धात्री नायक (जिला संगठन आयुक्त ,गाइड) , रुक्मणी देवांगन, पार्वती वैष्णव तथा रेंजर लीडर सतरूपा बसंत , त्रिवेणी रात्रे, कमरून निशा ने इस प्रशिक्षण में सफलतापूवर्क भाग लिया। इस शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित 41 गाइड केप्टिन व 23 रेंजर लीडर भाग लिया। जहां उन्हें शिविर दिनचर्या अनुसार जागरण, बीपी सिक्स सत्र कार्य में गाइडर के आदेश, बाएं हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार के गांठ, लेसिंग, प्रार्थना, चिन्ह, सैल्यूट, नियम, प्रतिज्ञा, एपीआरओ भाग 2 के अनुसार स्काउटिंग जीवन कला के साथ ही प्रैक्टिल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधि के साथ तंबू बनाना, गैज़ेट बनाना, बिना बर्तन भोजन बनाना, अनुमान लगाना, महको वैचिंग, प्राथमिक सहायता, लॉग बुक बनाना, प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता को जानकारी, नक्शा व निशान के आधार पर गंतव्य तक पहुंचना, संध्याकालीन सत्र में कैंप फायर, आदि कार्यों का लिखित व प्रायोगिक प्रशिक्षण हुई। राज्य और अन्य राज्यों से आए लीडर ट्रेनर, सहायक प्रशिक्षक एवं रेंजर विभाग की लीडर ऑफ कोर्स राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडेय और गाइड विभाग की लीडर ऑफ कोर्स जेरेमिना एक्का, अनिता तिग्गा, पुनिता केवी एस दिल्ली, भावना सिंग आगरा उत्तरप्रदेश, राधिका त्रिवेणी हैदराबाद आंध्रप्रदेश, लक्ष्मी नायक, रोहणी ठाकुर ने सक्रिय भागीदारी निभाकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला संगठन आयुक्त स्काउट एल.आर. पटेल व जिला सचिव पूनम सिंह साहू ने बताया कि उनके प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत सारंगढ जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियां और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा सकेगी।

## ग्राम पंचायत कोटमी का चहुमुखी विकास किया जा रहा



डभरा, 23 मई (देशबन्धु)। अंचल का सबसे पुराना बाजार कोटमी के बाजार का कायाकल्प होने जा रहा है बढ़ती आवागमन के दबाव को देखते ग्राम पंचायत के युवा पंच मनीष चौधरी ने बताया कि बाजार मे स्थित पुराने खंडहर दुकानों को तोड़ा जा रहा है एवं व्यवस्थित ढंग से बाजार को व्यवस्थित रूप से सजाया एवं संवारा जाएगा इस संबंध में ग्राम पंचायत के उप सरपंच डी पी चौधरी ने बताया कि सड़क के किनारे बाजार लगता था अब उनको किसी प्रकार से कोई परेशानी नहीं होगी आगे भी और कई दुकान पंचायत द्वारा किराए पर दिए जाएंगे। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा ग्राम पंचायत के विकास के लिए निरंतर सतत कार्य करते रहेंगे जनता के हित में जो भी निर्णय होगा उसे मिलजुल कर हल करेंगे ग्राम के सभी मोहल्लों एवं गलियों में लाइट लगा दिए गए हैं जिन जिन गलियों पर कीचड़ था वहां पाइप लगा दिया गया है इस तरह से और कई तरह के कार्यों का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। ग्राम पंचायत कोटमी में चहुमुखी विकास हो रहा है।

## संभागीय संयुक्त संचालक कृषि ने किया उन्नत कृषि का निरीक्षण

सारंगढ, 23 मई (देशबन्धु)। संभागीय संयुक्त संचालक कृषि एम. के चौहान ने कृषक श्याम कुमार पटेल , विकासखण्ड सारंगढ़ के परसाडीह, के अन्न फसल क्यूनोवा, सांबा, बाजरा आदि का निरिक्षण कर उनके कार्य को प्रोप्साहित किया एवं अन्य कृक्षकों को प्रेरित करने की सलाह दी।ज्ञात हो की श्याम कुमार पटेल विगत् 5-6 वर्षों से अन्न फसल रागी, कोदो, कुटकी, सांवा, कंगनी, ज्वार, बाजरा, क्यूनोवा की खेती करते आ रहे है। और अपने उत्पादों को सिद्धार्थ एग्तो मार्केटिंग एण्ड लॉजिस्टिक प्रा.लि. के साथ जुड़कर फसल बाजरा के माध्यम से गवांई बॉण्ड से विक्रय कर रहे है एवं क्षेत्र के किसानों को निशुल्क प्रशिक्षित कर रहे हैं।निरीक्षण के दौरान कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव कृषि विकास अधिकारी-आत्माराम सिदार प्रभुराम सतनामी ग्रा.कृ.वि.अधि. एवं क्षेत्रीय ग्रा.वि.कृ.अधि. अंजुलता खुसरो मौजूद थे।

## एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण, उत्कृष्ट टर्न आउट पर अधिकारियों को किया सम्मानित



जांजगीर, 23 मई (देशबन्धु)। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को रक्षित केंद्र जांजगीर में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली तथा अधिकारियों और जवानों के टर्नआउट की बारीकी से समीक्षा की। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान एसपी पाण्डेय ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान लाठी (डंडा) साथ में अनिवार्य रूप से रखें। उन्होंने अनुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने के साथ आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की दिशा में सजग रहते हुए बेहतर पुलिसिंग करने की बात कही। परेड के बाद एसपी पाण्डेय ने रक्षित केंद्र की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहन शाखा, स्टोर शाखा एवं आर्म्स शाखा का जायजा लेते हुए वाहनों की स्थिति सुधारने, सामग्रियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव व समय पर वितरण, और हथियारों की सफाई एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पुलिस कैंटीन की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने खरीदी-बिक्री में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार, डीएसपी जितेंद्र खूंटे, डीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर एवं डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा उपस्थित रहे।

## तिब्बत में महसूस किए गए भूकंप के झटके, तीव्रता 4.2

**तिब्बत,** 23 मई (एजेंसियां)। पड़ोसी देश तिब्बत में शुक्रवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इससे किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। तिब्बत में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय समयानुसार भूकंप 9 बजकर 27 मिनट और 27 सेकंड पर आया था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई। इसकी गहराई 20 किलोमीटर थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी। रविवार को भी यहां भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 3.8 थी। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर थी। इसमें जानमाल की हानि नहीं पहुंची थी। यह भूकंप 12 मई को इसी क्षेत्र में आए 5.7 तीव्रता के भूकंप के बाद आया था।

# देश विदेश

# यूरेनियम संवर्धन बंद करने की शर्त पर अमेरिका से कोई समझौता नहीं : ईरान



**अगर अमेरिका चाहता है कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो ऐसा हो सकता है। हम भी परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं : सईद अब्बास अराघची**

**ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता अमेरिका**

**तेहरान,** 23 मई (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने सख्त लहजे में अपनी बात स्पष्ट कर दी है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम रोकने की शर्त पर अमेरिका के साथ कोई भी परमाणु समझौता नहीं करेगा।

अराघची ने रोम में ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले गुरुवार को आईआरआईबी टीवी को दिए एक साक्षात्कार में अपनी बात रखी।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद हैं। अमेरिका ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। यदि उनका यही उददेश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची का यह बयान अमेरिकी अधिकारियों की उस मांग के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि तेहरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे।

हालांकि उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका चाहता है कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो ऐसा हो सकता है। हम भी परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हुआ परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है। इसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है और इसे पुनर्जीवित किया जा सकता है। अराघची ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान यूरेनियम संवर्धन सहित अपने परमाणु कार्यक्रम को नहीं छोड़ेगा।

ईरान और अमेरिका ने अप्रैल से तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर चार दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। इन बैठकों के दौरान अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान से उसके यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों को पूरी तरह से बंद करने की मांग की है, जिसे ईरान ने ठुकरा दिया है।

इससे पहले, व्हाइट हाउस की तरफ से आई खबर के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ एक संभावित सौदे पर चर्चा की, जिसके बारे में राष्ट्रपति का मानना है कि यह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

व्हाइट हाउस के मीडिया विभाग की सचिन लेविट ने कहा कि जैसा कि राष्ट्रपति ने मुझे बताया, और उन्होंने आप सभी को बताया है, ईरान के साथ यह सौदा दो तरह से समाप्त हो सकता है। यह एक बहुत ही सकारात्मक कूटनीतिक समाधान में समाप्त हो सकता है, या यह ईरान के लिए बहुत ही नकारात्मक स्थिति में समाप्त हो सकता है। इसी वजह से वार्ता सप्ताह के अंत में हो रही है।

2018 में, अपने पहले कार्यकाल के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ईरान और छह विश्व शक्तियों के बीच हुए 2015 के परमाणु समझौते से पीछे हट गए थे। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने ईरान को बेहतर सौदे के लिए शर्तों पर फिर से बातचीत करने के लिए मजबूर करने के लिए अधिकतम दबाव बनाया।

## पूरी दुनिया को है पाकिस्तान में आतंकवाद के अस्तित्व का अंदाजा : संजय झा



**हम आतंकवाद के प्रसार में पाकिस्तान सरकार व उनकी आर्मी की भूमिका का कर रहे पर्दाफाश : संजय झा**

**क्योटो,** 23 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का पर्दाफाश करने के लिए संजय झा के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय दौरे पर जापान के क्योटो में है।

क्योटो दौरे के दूसरे दिन संजय झा ने कहा कि पहलगाम अटैक में निर्दोष लोगों को उनका धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने मारा गया। ऐसे 26 लोग थे। ये सब कुछ पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकियों ने किया। मुंबई आतंकी हमले से लेकर अब तक भारत में हुए सभी आतंकी हमलों में पाकिस्तान का हाथ रहा है। हमने इसके सबूत पाकिस्तान को दिए हैं लेकिन आतंक को बढ़ावा देने वाला देश सबूत लेकर क्या करेगा। पहलगाम अटैक से एक दिन पहले पाकिस्तान के आर्मी प्रमुख ने जो भाषण दिया था, वो उनकी सोच को दर्शाता है। संजय झा ने आगे कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद के अस्तित्व का अंदाजा पूरी दुनिया को है। जो ओसामा बिन लादेन कहीं नहीं मिला था, वो पाकिस्तान में मिला। दुनिया में जहां भी आतंकी घटनाएं होती हैं, उनका कहीं न कहीं कोई कनेक्शन पाकिस्तान से निकल जाता है। झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि हम आतंक नहीं सहेंगे और कोई भी हमला हमारे नागरिकों पर होगा तो हम आतंकी ठिकानों को तो नष्ट करेंगे ही, पाकिस्तान के साथ भी वैसा ही बर्ताव करेंगे। अब पाकिस्तान के साथ बात भी सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर होगी। यह हमारा संदेश है। झा ने कहा कि हम जापान के विदेश मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री मिस्टर सुगा से मिले।

## सुडोकू 6922

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 24 मई , 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष – आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए अनुकूल रहेगा।

वृषभ – आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो।

मिथुन – आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। पिता और बड़ों के आशीर्वाद से लाभ होगा। दोपहर के बाद मित्रों से लाभ हो सकता है।

कर्क – अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है। दोपहर के बाद व्यवसाय के क्षेत्र में आप के लिए परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

सिंह – आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या – आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

तुला – आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं। व्यापार में धन लगाने की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक – साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु – आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर – जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ – अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। दोपहर के बाद आपके विचारों में स्थिरता दिखाई देगी।

मीन – आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। धार्मिक कामों में खर्च होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# रिचर्ड मार्लेस फिर बने ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री



**राजनाथ सिंह ने दी बधाई**

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियन लेबर पार्टी के नेता रिचर्ड मार्लेस को ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है।

राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त होने पर मेरे मित्र रिचर्ड मार्लेस को हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए हमारे घनिष्ठ सहयोग को जारी रखने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की पार्टी ने हाल ही में निर्णायक जीत हासिल की थी। एंथनी अल्बनीज ने देश के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। पिछले 21 साल में यह पहला मौका है जब कोई ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री लगातार दूसरी बार तीन साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 6 मई को एंथनी अल्बनीज से टेलीफोन पर बातचीत की और ऑस्ट्रेलिया के 32वें प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक पुनर्निर्वाचन पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपने पांच वर्षों में, कॉम्प्रीहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप (सीएसपी) ने विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत सहयोग विकसित होते देखा है।

दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर, नियम-आधारित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में एक साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम अल्बनीज को वार्षिक शिखर सम्मेलन और वर्ष के अंत में भारत में आयोजित होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने के लिए आमंत्रित किया। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की। रिचर्ड मार्लेस पहली बार 2007 में कोरियो, विक्टोरिया के लिए प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए थे।


## इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या आतंकवादी कृत्य : एफबीआई

**वाशिंगटन,** 23 मई (एजेंसियां)। एफबीआई के प्रभारी सहायक निदेशक स्टीवन जे. जेन्सेन ने शुक्रवार को वाशिंगटन में यहूदी नेशनल म्यूजियम के बाहर दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की दुखद हत्या को आतंकवादी कृत्य और यहूदी समुदाय के खिलाफ निर्देशित हिंसा बताया।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि इस मामले पर एफबीआई का पूरा ध्यान है, और हम सभी सबूतों की तलाश करेंगे और हमले की जांच के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करेंगे। देश भर में एफबीआई कार्यालयों की सहायता से हम जांच जारी रख रहे हैं। हम हमला करने वाले के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए सर्च वारंट भी निष्पादित कर रहे हैं और उसके सोशल मीडिया खातों की भी जांच कर रहे हैं।

यह गोलीबारी लिलियन और अल्बर्ट स्मॉल कैपिटल यहूदी म्यूजियम में युवा राजनयिकों के लिए अमेरिकी यहूदी समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के बाहर हुई। पुलिस ने शूटर की पहचान शिकागो के 30 वर्षीय एलियास रोड्रिगेज के रूप में की।

## वर्ग पहेली 6922



**बायें से दायें:-**

१. जिस दिन किसी का जन्म हुआ हो
४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
६. माथा, ललाट
७. दबने या दबाये जाने का भाव
८. निर्लज्ज, बेहया
१०. गुलामी
११. 'शेयर होल्डर'
१३. दुष्ट व्यक्ति
१४. जीवावशेष
१५. प्राकृतिक, नैसर्गिक (उर्दू)
१७. उंट के नाक या किसी नुकीली चीज की नोंक
२१. मूर्खता, नासमझी (उर्दू)
२२. के सहारे के द्वारा (उर्दू)
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. परशुराम के पिता
२. दो दिशाओं में बीच की जगह
३. बुद्धिमान
४. बेचैनी
५. पथिक, राहगीर
९. आंसू
११. लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम
१३. शत्रु, बैरी
१४. बहादुर, साहसी, हिम्मतवर
१५. वह पत्र या कागज जिसमें किसी संपत्ति को कुर्क करने संबंधी आदेश लिखा हो (उर्दू)
१६. चंद्रमा
१८. सिर्फ, मात्र
१९. स्वर्ण, सोना
२०. किस समय
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6921


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ पु | रा | २ ता | त्वि | ३ क | ■ | ४ क | र्म | ५ शा | ला |
| रो | ■ | ने | ■ | ६ ट्ठु | क | ड़ा | ■ | ति | ■ |
| ७ हि | म | मा | न | व | ■ | ८ प | द | र | ९ ज |
| त | ■ | र | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न |
| ■ | ११ अ | ना | १२ सी | म | ■ | ■ | १३ अ | स्थ | मा |
| ■ | मु | ■ | प | ■ | १४ श | प | थ | ■ | न |
| १५ स | र | १६ ता | ज | ■ | मि | ■ | १७ वा | १८ प | स |
| ह | ■ | प | ■ | १९ ब | ता | २० ना | ■ | रि | ■ |
| २१ च | क | मा | ■ | धि | ■ | २२ दा | ग | दा | २३ र |
| र | ■ | २४ न | ग | र | ज | न | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6922 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 |

## यूएसएफके कटौती पर दक्षिण कोरिया-अमेरिका के बीच कोई चर्चा नहीं : सियोल



**सियोल,** 23 मई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी सेना कोरिया (यूएसएफके) सैनिकों की संख्या कम करने की संभावना पर पेंटागन के साथ कोई चर्चा नहीं की है।

यह टिप्पणी वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के जवाब में आई है, जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन 28,500-सदस्यीय यूएसएफके में से लगभग 4,500 सैनिकों को वापस बुलाने और उन्हें गुआम सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने पर विचार कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन की मुख्य ताकत के रूप में यूएसएफके ने हमारी सेना के साथ मिलकर कोरियाई प्रायद्वीप और क्षेत्र में शांति और स्थिरता में योगदान दिया है तथा एक मजबूत संयुक्त रक्षा बनाए रखते हुए उत्तर कोरिया के आक्रमण और उकसावे को रोका है। इसमें कहा गया है कि हम इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे।

## सऊदी अरब में 99 इंडोनेशियाई हज यात्री निमोनिया से संक्रमित, एक की मौत



■ **निमोनिया के बढ़ते मामलों को रोकने पर तत्काल ध्यान देना जरूरी**

**जकार्ता,** 23 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सऊदी अरब में हज करने गए 99 इंडोनेशियाई यात्रियों को निमोनिया हो गया है। इनमें से एक व्यक्ति की मौत भी हो गई है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि निमोनिया के बढ़ते मामलों को रोकने पर तत्काल ध्यान देना जरूरी है, ताकि बीमारी को रोका जा सके। हज स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख लिलिक मारहेंद्रो सुसीलो ने गुरुवार को कहा कि हमारे हज यात्रियों में निमोनिया के मामले बढ़ रहे हैं, और इस पर ध्यान देना जरूरी है क्योंकि अगर समय पर और सही इलाज नहीं किया गया तो यह और गंभीर हो सकता है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि निमोनिया से संक्रमित तीर्थयात्रियों का अभी सऊदी अरब के मक्का और मदीना के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। लिलिक ने कहा कि सऊदी अरब में हज यात्रियों को निमोनिया होने के मुख्य कारणों में 47 डिग्री सेल्सियस तक की अत्यधिक गर्मी, लगातार काम और यात्रा की थकान, भीड़भाड़ और पहले से मौजूद बीमारियां मानी जा रही हैं।

उन्होंने तीर्थयात्रियों से मास्क पहनने, हाथ धोते रहने, खूब पानी पीने, और अगर कोई बीमारी है तो दवाई समय पर लेते रहने जैसी सावधानी बरतने को कहा है। 20 मई तक मक्का और मदीना में मौजूद इंडोनेशियाई हज स्वास्थ्य क्लीनिक (केकेएचआई) के अनुसार, प्रभावित तीर्थयात्री विभिन्न क्षेत्रों और समूहों में फैले हुए हैं। लिलिक ने कहा कि निमोनिया जानलेवा भी हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें पहले से ही कोई स्वास्थ्य समस्या है।

## आज का इतिहास

1276-मैग्रस लाडुलस स्वीडन के राजा बने।
1543-प्रसिद्ध यूरोपीय खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ निकोलस कॉपरनिकस का निधन।
1689-ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेट इसाईयों को धामिर्क स्वतंत्रता की गारंटी दी।
1787-अमेरिकी संविधान सभा का उद्घाटन।
1819-ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैण्ड की महारानी विक्टोरिया का जन्म।
1824-अंग्रेजों ने प्रथम आंग्ल-वर्मा युद्ध में रंगून और वर्मा पर कब्जा कर लिया।
1896-भारत के प्रसिद्ध क्रान्तिकारियों में से एक करतार सिंह सराभा का जन्म।
1915-थॉमस अल्वा एडिसन ने टेलीस्क्राइब का अविष्कार किया।
1931-पहली वातानुकूलित यात्री ट्रेन अमेरिका के वाल्टमोर ओहियो मार्ग पर चलाई गयी।
1954-माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेंद्री पाल का जन्म।
1955-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार राजेश रोशन का जन्म।
1959-साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया।
1969-भारतीय थल सेना के जांबाजों में से एक सुधीर कुमार वालिया का जन्म।
1985-बंगलादेश में चक्रवाती तूफान से दस हजार लोगों की मौत।
1986-मार्गरेट थैचर इजरायल का दौरा करने वाली ब्रिटेन की पहली प्रधानमंत्री बनी।
1994-मीना (सऊदी अरब) में हज से जुड़े एक समारोह के समय भगदड़ मच जाने से 250 लोगों से भी अधिक हाजियों की मृत्यु।
1999-भारत के महान कुश्ती प्रशिक्षक (कोच) एवं पहलवान गुरु हनुमान का निधन।

**मामला** *पाकिस्तानी सेना फिर बेनकाब, बोल रही आतंकी हाफिज सईद की ही जुबान, कहा*

# यदि आप हमारा पानी रोकेंगे, तो हम आपकी सांसें रोक देंगे

**इस्लामाबाद, 23 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर जाहिर कर दिया है कि वो आतंकियों की बोली बोलती है। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने लश्कर ए तैयबा (एलईटी) के आतंकी हाफिज सईद की ही तरह सिंधु जल समझौते को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगला है। चौधरी ने एक सार्वजनिक सभा में सिंधु जल संधि स्थगित करने के फैसले पर चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि यदि आप हमारा पानी रोकेंगे, तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। ये अंदाज और बोल ठीक वैसे ही हैं जैसे हाफिज सईद ने हाल ही में उगले थे।**



■ **पाक सेना ने सिंधु जल समझौते पर दिया विवादित बयान**

शरीफ चौधरी सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखने के भारत के फैसले पर बोल रहे थे। दरअसल, भारत पहले ही कह चुका है कि जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को समाप्त नहीं कर देता और अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवादी समूहों को सहायता, वित्त पोषण और समर्थन बंद नहीं कर देता, तब तक सिंधु जल संधि स्थगित ही रहेगी।

चौधरी ने कथित तौर पर पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। उनका बयान लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद द्वारा इस्तेमाल की गई बयानबाजी से हूबहू मेल खाता है। सईद 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों का मास्टरमाइंड है। वह भारत और अमेरिका के खिलाफ अपने भड़काऊ भाषणों के लिए जाना जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में हाफिज सईद को यही शब्द कहते हुए सुना जा सकता है। ये बयान ऐसे समय में आए हैं जब भारत ने 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि के कुछ हिस्सों को निलंबित कर दिया था। यह संधि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद की है जिसमें 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

1960 में हस्ताक्षरित और विश्व बैंक द्वारा मध्यस्थता की गई यह संधि सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के बंटवारे को दोनों देशों के बीच नियंत्रित करती है।

इस बीच, नई दिल्ली ने बार-बार कहा है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, बातचीत और आतंक एक साथ नहीं चल सकते, जो सीमा पार आतंकवाद के लिए पाकिस्तान के कथित समर्थन पर सख्त रुख का संकेत देता है। निलंबन इस्लामाबाद के खिलाफ उठाए गए जवाबी उपायों का एक हिस्सा था, जिसमें 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर भी शामिल था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

## दुनिया को जानें

### फेफड़ों व सांस की नली को टारगेट करने वाली नई जीन थेरेपी तैयार

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक नई जीन थेरेपी तैयार की है, जिसे नाक के जरिए स्प्रे करके फेफड़ों और सांस की नली तक पहुंचाया जा सकता है। जीन थेरेपी तब ही असरदार होती है जब इलाज से जुड़ी जरूरी चीजें शरीर के सही हिस्सों तक पहुंचें। जीन थेरेपी में, इलाज करने वाले अणुओं को शरीर के सही जगह तक पहुंचाना जरूरी होता है ताकि वे ठीक से काम कर सकें। इस तकनीक को और बेहतर बनाने के लिए मैस जनरल ब्रिघम के वैज्ञानिकों ने एएवी का एक नया रूप तैयार किया है, जिसका नाम एएवी.सीपीपी.16 है। इसे नाक में स्प्रे के रूप में दिया जा सकता है।

जानवरों पर की गई शुरुआती रिसर्च में ये नई तकनीक पुराने एएवी6 और एएवी9 की तुलना में ज्यादा असरदार साबित हुई। इसने फेफड़ों और सांस की नली को बेहतर तरीके से टारगेट किया और यह श्वसन और फेफड़ों की बीमारियों के इलाज में कारगर साबित हो सकती है। फेंगफेंग बेई ने बताया कि एएवी.सीपीपी.16 को पहले हमने केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक पहुंचाने के लिए बनाया था, लेकिन यह फेफड़ों की कोशिकाओं में भी अच्छे से काम कर रहा है।

# खेल जगत



## न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर हेले जेंसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर हेली जेनसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर 11 साल तक चला। हेले जेनसन ने 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 फॉर्मेट में न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए डेब्यू किया था। 2018 में टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में चुने जाने के बाद वह टीम की नियमित खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए कुल 88 मैच खेले, जिसमें 35 वनडे और 53 टी20 शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 1988 रन बनाए और 76 विकेट लिए। हेले जेनसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट को दिए गए बयान में कहा कि जब मैं 10 साल की थी, तब अपने पहले क्रिकेट टूर्नामेंट से लौटकर मैंने तय किया था कि मुझे न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का हिस्सा बनना है। वो सपना पूरा हुआ, इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।

# गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। रोहित शर्मा और विराट कोहली के एक हफ्ते के बीच टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शुभमन गिल का भारत की इंग्लैंड में उसके खिलाफ जून -जुलाई में पांच टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज जाने वाली टीम का कप्तानी संभालना लगभग तय है।


खासतौर पर अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पीठ की चोट से उबरने के बाद वापसी करने पर यह बताए जाने खबरों के बीच की वह इंग्लैड के खिलाफ पांच टेस्ट की क्रिकेट सीरीज में तीन से ज्यादा के लिए उपलब्ध नहीं होंगे उनकी भारत की कप्तानी का दावा खत्म हो गया है। बहुत मुमकिन है कि अजित अगरकर की अगुआई वाली सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति आज यानी शनिवार को भारतीय की इंग्लैंड दौर पर जाने वाली टीम की घोषणा कर दे। अब टेस्ट को हाल ही में अलविदा कह चुके कप्तान रोहित शर्मा

■ बुमराह इंग्लैड के खिलाफ पांच टेस्ट की क्रिकेट सीरीज में तीन से ज्यादा के लिए उपलब्ध नहीं होंगे

भारत बनाम इंग्लैंड टैस्ट मैच

और विराट कोहली को छोड़कर इंग्लैंड के दौरे पर लगभग वही टीम चुने जाने की उम्मीद है जो ऑस्ट्रेलिया से वहां पहला टेस्ट जीतने के बाद पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 1-3 से हार गई थी। इन दोनों के साथ भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। भारत हालांकि यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल से पारी का आगाज करने की बाबत पर भी गंभीरता से विचार कर सकता है और यदि ऐसा होता है तब सुदर्शन अथवा नायर में किसी को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिल सकता है । 23 बरस साई सुदर्शन ने आईपीएल में फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस के लिए बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर एक शतक व पांच अर्द्धशतक सहित 638 बनाए हैं ही घरेलू क्रिकेट में भी तमिलनाडु के लिए दमदार प्रदर्शन कर इग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम मे स्थान पाने का सबसे मजबूत दावा ही पेश नहीं किया बल्कि करीब करीब अपना स्थान पक्का कर लिया है। सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन के साथ टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरे शतक जड़ने वाले इकलौते ओपनर वीरेंद्र सहयाग के बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए तिहरा शतक जड़ने वाले इस घरेलू सीजन में विदर्भ के लिए खेल बल्ले से धमाल कर नौ रणजी मैचों में चार शतकों सहित साढ़े आठ सौ से अधिक और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतकों सहित करीब आठ सौ रन बनाने वाले करुण नायर को इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में चुने जाने की पूरी उम्मीद है। तमिलनाडु के 23 बरस के सुदर्शन और करुण नायर दानो ही इंग्लैड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले वहां इंग्लैड ए के खिलाफ खेलने वाली इंडिया ए टीम में चुने गए हैं। बहुत संभावना यही है कि सुदर्शन भारत की टेस्ट टीम में चुने जाते हैं वह इंग्लैड में उसके खिलाफ बाएं हाथ के यशस्वी जायसवाल के साथ रोहित शर्मा की जगह भारत की पारी का आगाज करेंगे। तब तीसरे नंबर पर केएल राहुल और विराट कोहली के चौथे नंबर पर उनको अपना आर्द मानने वाले शुभमन गिल चौथे नंबर पर खेलेंगे। मोहम्मद शमी के टेस्ट टीम से बाहर रहने की स्थिति में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज व प्रसिद्ध कृष्णा के साथ बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह व हर्षित राणा के ही भारत की तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालने की उम्मीद है। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा व वाशिंगटन सुंदर के भी उनकी गेंद के साथ बल्लेबाजी की काबलियत के चलते टेस्ट टीम चुने जाने की उम्मीद है। बड़ा सवाल यह रहेगा कि क्या चयनकर्ता इग्लैड में जून जुलाई के नम मौसम में जहां गेंद सीम व स्विंग होती है वहां खालिस स्पिनर के रूप में बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को टेस्ट टीम में चुनेंगे। सरफराज खान की सीम और स्विंग तथा तेज गेदबाजी को खेलने की कमजोरी के चलते उनका भी टेस्ट टीम में जगह पाना फिलहाल खासा मुश्किल नजर आ रहा है।

## शमी का इंग्लैंड दौरे पर जाना हुआ मुश्किल



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड जाना मुश्किल लग रहा है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार शमी आईपीएल में गेंदबाजी करने के लिए फिट हैं, लेकिन उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए जरूरी वर्कलोड अभी तक हासिल नहीं किया है। पिछले साल हुई टखने की सर्जरी से सफलतापूर्वक उबरने के बावजूद, शमी को दाहिने घुटने में दर्द महसूस होने लगा था, जिसके लिए वह लगातार इलाज करवा रहे हैं। हालांकि घुटने की समस्या ने उन्हें पूरी तरह से गेंदबाजी करने से नहीं रोका है, लेकिन इसने शमी की लंबी अवधि तक गेंदबाजी करने की योजना को बाधित किया है, जो टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी का एक जरूरी हिस्सा है। नतीजतन, राष्ट्रीय चयनकर्ता इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इंग्लैंड में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इस स्ट्राइक गेंदबाज को चुना जाए या नहीं। समझा जाता है कि बीसीसीआई मेडिकल स्टाफ का एक सदस्य इस हफ्ते लखनऊ गया था ताकि शमी का आकलन किया जा सके, जो इस समय सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ आईपीएल खेल रहे हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि चयनकर्ताओं ने इस मामले में कोई महत्वपूर्ण फैसला लिया है या नहीं, लेकिन ऐसा लगता है कि वे सावधानी बरतते हुए उन्हें भारतीय टीम में शामिल नहीं करेंगे, जब तक कि मेडिकल स्टाफ द्वारा कोई अनुकूल रिपोर्ट न दी जाए। संयोगवश, 34 वर्षीय शमी ने अपना आखिरी टेस्ट इंग्लैंड में ही खेला था। 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में वह टीम का हिस्सा थे। यह शमी के लिए निश्चित रूप से एक झटका होगा, जिन्होंने भारत को वैश्विक आयोजनों और कई सीरीज में सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

# पंजाब किंग्स को शीर्ष दो की होड़ में रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स पर जीत जरूरी

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स उनके और विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के चार चार अर्द्धशतकों की बदौलत भले ही 2025 आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंच चुकी है, उसे शीर्ष दो में स्थान पाने की होड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स से उसे जयपुर में शनिवार का अहम मैच जीतना जरूरी है। पंजाब किंग्स 12 मैचों में आठ जीत और एक मैच बारिश के चलते बेनतीजा खत्म होने और तीन हार के साथ फिलहाल तीसरे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स भले ही मुंबई इंडियंस से अपना पिछला मैच मुंबई में 59 रन से हार 13 मैचों से 13 अंकों के साथ प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन वह पंजाब किंग्स को हरा उसका शीर्ष दो में स्थान पाने का सपना जरूर तोड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स के पास गंवाने को बेशक अब कुछ नहीं है लेकिन वह मौजूदा सीजन में अपना अभियान जीत के साथ समाप्त करने के मकसद से उतरेगी और ऐसे में वह पंजाब किंग्स उसे हल्के में लेने की गलती कतई नहीं कर सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स से अपने पिछले पांच में तीन मैच जीते हैं और वह अपने इसी दबदबे को बढ़ाने की कोशिश में उसका गणित जरूर बिगाड़ सकती है। पंजाब किंग्स यदि दिल्ली कैपिटल्स से शनिवार को हारी तो तो उसे 26 मई को उसे अपने अंतिम लीग मैच मुंबई इंडियंस से भी जयपुर में ही भिड़ना है, जो कि 13 मैचों में 16 अंकों के साथ प्ले ऑफ में पहुंचने वाली अंतिम टीम बन गई है। वहीं गुजरात टाइटंस अपना तीसरा व अंतिम पूर्व लीग मैच लखनउ सुपर जायंटस से अपने घर अहमदाबाद में 33 रन से हारने के बावजूद नौ जीत और चार हार के बावजूद फिलहाल 18 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार है। आरसीबी यदि लखनउ में एसआरएच से जीती तो वह तब जरूर13 मैचों से 19 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच जाएगी। आरसीबी को मौजूद सीजन मे लीग चरण में अपना 14 वां आखिरी मै लखनउ सुपर जायंटस से लखनउ में 27 मई को खेलना है। निगाहें दमदार प्रदर्शन करने वाले-दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर रहेंगी। पंजाब किंग्स ने अपने पिछले पांच में से लगातार तीन मैच जीते और एक बारिश के चलते बेनतीजा रहा और एक मैच हारी है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स पिछले पांच में चार हारी और एक बारिश के चलते बेनतीजा रहा।



■ पंजाब किंग्स का शीर्ष दो रहने का सपना तोड़ सकती है दिल्ली

■ निगाहें पंजाब के श्रेयस व दिल्ली के केएल राहुल पर रहेंगी

# सूर्यवंशी को टी-2 टीम में किया जा सकता है शामिल : बिहार कोच

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स का सफर एक भूलने वाला अभियान था, लेकिन उन्होंने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के रूप में भविष्य के सितारे को खोज निकाला। अपने आकर्षक स्ट्रोक-प्ले और आक्रामक छक्के लगाने की क्षमता के साथ, इस किशोर ने आईपीएल 2025 की सात पारियों में 252 रन बनाए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में धमाकेदार शतक और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक परिपक्व अर्द्धशतक के साथ, 14 वर्षीय सूर्यवंशी की अगली बड़ी चुनौती जून-जुलाई में इंग्लैंड के अपने मल्टी-फॉर्मेट दौरे पर भारत अंडर 19 के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बिहार अंडर-19 और पुरुष सीनियर टीमों में सूर्यवंशी को कोचिंग देने वाले अशोक कुमार का मानना है कि सूर्यवंशी को दो साल में सीनियर पुरुष टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है, बशर्ते वह अपनी फिटनेस और फील्डिंग पर काम करे। बचपन से ही टीम को अकेले दम पर जिताने का जज्बा गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाने के दौरान भी देखने को मिला। राहुल द्रविड़ सर और विक्रम राठौर सर के साथ, इसने उसकी बल्लेबाजी को और निखारा है। उसने सफेद गेंद से जो अभ्यास किया, उससे वह तीन महीने में ही बेहतर होने लगा। उसने परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझना सीख लिया है। तो, ये सभी बातें इस बच्चे के उज्ज्वल भविष्य को दर्शाती हैं। मेरा अनुमान है कि अगर वैभव अपनी फिटनेस और फील्डिंग में सुधार करता है, तो अगले 2 सालों में वह सीनियर टी-20 भारतीय टीम में होगा। कुमार ने शुक्रवार को आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि मुझे सच में लगता है कि बीसीसीआई उन्हें मौका देगा, क्योंकि दो से चार खिलाड़ियों को छोड़कर बाकी सभी टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में 25 या उससे कम उम्र के हैं। भारत अंडर-19 टीम इंग्लैंड अंडर-19 के साथ 50 ओवर का अभ्यास मैच, पांच मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला और दो बहु-दिवसीय मैच खेलेगी। यह सूर्यवंशी का इंग्लैंड में कठिन परिस्थितियों में खेलने का पहला मौका होगा, जो 2026 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिए भारत की राह भी शुरू करेगा। वैभव इंग्लैंड के अंडर-19 दौरे पर अच्छा प्रदर्शन करेगा, क्योंकि वह अभी जिस लय और आत्मविश्वास में है, उसे देखते हुए। वह इंग्लैंड दौरे पर और भी बेहतर प्रदर्शन करेगा।



■ वैभव सूर्यवंशी अपने फिटनेस और फील्डिंग पर ध्यान दे : अशोक कुमार

## सार संक्षेप


### स्टेडियम का नहीं बदला नाम, खेल परिसर को दिया नया नाम : अग्रवाल

**देहरादून।** उत्तराखंड के विभिन्न समाचारपत्र, सोशल मीडिया पर राज्य के विभिन्न स्टेडियमों का नाम परिवर्तित किए जाने संबंधित समाचार का खेल निदेशालय ने खंडन किया है।खेल विभाग के अपर निदेशक अजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेल विभाग द्वारा किसी भी स्टेडियम का नाम नहीं बदला गया है। केवल सम्पूर्ण खेल परिसर को नाम दिया गया हैअबजिसमें स्थापित विभिन्न खेल अवस्थापना सुविधाओं के जो नाम पूर्व से प्रचलित है, वे यथावत् रहेंगे।श्री अग्रवाल के अनुसार, खेल विभाग के अन्तर्गत, जनपद देहरादून के रायपुर, जनपद हरिद्वार के रोशनाबाद, जनपद ऊधमसिंह के रूद्रपुर एवं जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में स्थित गोलापार खेल परिसर में निर्मित की गयी अवस्थापना सुविधाओं की पहचान तथा आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के दृष्टिगत प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एवं आगुन्तकों को आयोजन स्थलों की पहचान को ध्यान में रखते हुये रायपुर खेल परिसर देहरादून का नाम रजत जयंती खेल परिसर, गौलापार खेल परिसर हल्द्वानी का मानसखंड खेल परिसर, रूद्रपुर खेल परिसर ऊधमसिंह नगर का शिवालिक खेल परिसर तथा रोशनाबाद खेल परिसर हरिद्वार का नाम योग स्थली खेल परिसर किया गया है।

### एंजेलो मैथ्यूज जून में टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज जून में बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए जब भी देश को जरुरत होगी वह उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज को एक साल से अधिक समय से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 1 1 9वां और अंतिम मुकाबला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरे प्रिय मित्रो और परिवार, दिल से धन्यवाद और अनगिनत यादों के साथ, अब टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का समय आ गया है। श्रीलंका के लिए खेलना मेरे लिये बड़े सम्मान की बात है।

# मलेशिया मास्टर्स : किदांबी श्रीकांत सेमीफाइनल में, ड्रॉ में एकमात्र भारतीय बचे



**कुआलालंपुर,** 23 मई (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत ने शुक्रवार को बुकिट जलील में मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में श्रीकांत ने एक घंटे 14 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फ्रांस के विश्व नंबर 18 टोमा जूनियर पोपोव को 24-22, 17-21, 22-20 से हराया। वर्तमान में विश्व में 65वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को मिड-गेम ब्रेक में पिछड़ने के बाद निर्णायक गेम में कड़ी टक्कर देनी पड़ी। अपने विशिष्ट लचीलेपन के साथ, भारतीय शटलर ने पोपोव के खिलाफ छह मुकाबलों में अपना चौथा मैच जीतकर वापसी की और इस सीजन में अपना पहला सेमीफाइनल मैच जीता। यह श्रीकांत का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर मार्च 2024 में स्विस ओपन सुपर 300 में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। भारतीय खिलाड़ी ने मैच की जोरदार शुरुआत की और शुरुआती गेम में 7-4 की बढ़त हासिल की। हालांकि, पोपोव ने जल्दी ही वापसी की और 21-20 पर एक गेम प्वाइंट भी हासिल किया। श्रीकांत ने अपना संयम दिखाते हुए बाजी पलटी और गेम 24-22 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में गति बदल गई और पोपोव चार अंकों की बढ़त के साथ ब्रेक में चले गए। श्रीकांत स्कोर को 15-15 पर बराबर करने में सफल रहे, लेकिन लय बरकरार नहीं रख सके और अंतत: गेम 17-21 से हार गए।

■ श्रीकांत ने अपना संयम दिखाते हुए बाजी पलटी और गेम 24-22 से अपने नाम कर लिया

# जीटी में अच्छी तरह से फिट बैठता हूं : रदरफोर्ड

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ खेल चुके हैं। लेकिन बड़े हिटिंग बल्लेबाज ने खुद को गुजरात टाइटन्स के सेट-अप में घर जैसा पाया है। उन्होंने कहा कि टीम में उनकी भूमिका वैसी ही है जैसी थिंक-टैंक उनसे चाहता है। आईपीएल 2025 में अब तक रदरफोर्ड ने नौ पारियों में 38.14 की औसत और 160.84 की स्ट्राइक-रेट के साथ 267 रन बनाए हैं - 2019 में टूर्नामेंट का हिस्सा बनने के बाद से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। आईपीएल 2025 में जीटी के कप्तान शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन और जोस बटलर ने टीम के लगभग 77त्न रन बनाए, इसके बावजूद रदरफोर्ड ने जब भी जरूरत पड़ी, अपनी पकड़ बनाए रखी - जैसे दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 43 रन बनाना और मुंबई इंडियंस पर बारिश से प्रभावित एक मामूली जीत में 28 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलना। ज़्यादातर टीमें संयोजन के बारे में होती हैं। कभी-कभी आप किसी टीम में जाते हैं और संयोजन में आप फिट नहीं होते। लेकिन जीटी के साथ, मेरी भूमिका बहुत हद तक वैसी ही है जैसी वे चाहते हैं और मैं जीटी में अच्छी तरह से फिट हो गया। रदरफोर्ड ने शुक्रवार को फ्रेंचाइजी द्वारा आयोजित वर्चुअल इंटरेक्शन में कहा कि यह मेरे लिए एक अच्छा अवसर है। मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। मैं इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहा हूं और दिन के अंत में इसका लुत्फ उठाऊंगा।



# जॉश हेजलवुड की आईपीएल प्लेऑफ में वापसी लगभग तय

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेसियां)। जॉश हेजलवुड आईपीएल 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में वापसी की ओर बढ़ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। हेजलवुड, जो आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी का पिछला मैच नहीं खेल पाए थे, उस दौरान ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे और ब्रिस्बेन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के तहत ट्रेनिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि उन्होंने इन सत्रों को अच्छी तरह पूरा कर लिया है और जल्द ही भारत लौट सकते हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। उन्होंने इस सीजन में अब तक 10 मैचों में 17.27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है और लीग चरण में उनके दो मुकाबले बचे हैं। शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ और 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जो उनके प्लेऑफ में आगे बढ़ने के रास्ते का निर्धारण करेंगे। आईपीएल 2025, हेजलवुड के लिए चोट से जूझने वाले घरेलू सीजन के बाद वापसी का मंच बना। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पिंडली की चोट के बाद कोई और मैच नहीं खेला था और इसके पहले एडिलेड टेस्ट में साइड स्ट्रेन की वजह से बाहर थे। इसके चलते वह श्रीलंका दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी से भी चूक गए। हेजलवुड के डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में लौटने की उम्मीद है।



# हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 225 का पहला टूर्नामेंट 18 जून से चेन्नई में शुरू होगा

■ पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ी की आयु 40 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को पहली बार आयोजित होने वाले हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 (पुरुष और महिला) के लिए स्थान और तिथियों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण 18 से 27 जून तक चेन्नई में तमिलनाडु की हॉकी इकाई द्वारा आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन भारतीय हॉकी में एक नया अध्याय शुरू करेगा, जो अनुभवी खिलाड़ियों के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करेगा। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में प्रतियोगिताओं के साथ, हॉकी इंडिया मास्टर्स कप दीर्घायु, जुनून और खेल के प्रति स्थायी प्रेम का उत्सव बनने के लिए तैयार है। दोनों श्रेणियों के लिए टीमों के नाम जल्द ही जारी किए जाएंगे। नियमों के अनुसार, पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ी की आयु 40 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और महिला वर्ग में 35 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। इस आयोजन में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को अपने संबंधित राज्य सदस्य इकाइयों के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में होगी, जिसमें भाग लेने वाली टीमों की अंतिम संख्या के आधार पर पूल बनाए जाएंगे। पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान असुंता लाकड़ा ने टूर्नामेंट के लिए अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि पहली बार हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा बनना मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक और रोमांचक क्षण है। हॉकी ने मुझे आकार दिया है और मैदान पर वापस लौटने का मौका मिलना, ऐसे दिग्गजों से घिरा होना, जिन्होंने समान यात्राएं साझा की हैं, वास्तव में विशेष है।



पहली बार हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा बनना मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक और रोमांचक क्षण है : असुंता लाकड़ा

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 13 | 9 | 4 | 18 | +0.602 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 13 | 8 | 5 | 16 | +1.292 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 13 | 6 | 6 | 13 | - 0.019 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 7 | 12 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 13 | 7 | 6 | 12 | - 0-337 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 | -1.005 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.549 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 13 | 3 | 10 | 4 | -1.130 |

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.60 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.42 प्रतिशत |
| आईटीसी | 2.39 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.14 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.09 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बर्गर पेंट्स | 2.03 प्रतिशत |
| भारती हेक्साकम | 1.37 प्रतिशत |
| बीकॉन | 0.78 प्रतिशत |
| सीजी पावर | 0.10 प्रतिशत |
| चोला इन्वेस्ट | 0.03 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,530 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 85.25 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7650-7750 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# आरबीआई ने दी 2.68 लाख करोड़ रुपए अधिशेष ट्रांसफर को मंजूरी

- गवर्नर की अध्यक्षता में केंद्रीय निदेशक मंडल की 616वीं बैठक संपन्न
- केंद्रीय बोर्ड ने वर्ष 2024-25 के लिए आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट व वित्तीय विवरणों को स्वीकृति दे दी




**मुंबई,** 23 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड की बैठक में लेखा वर्ष 2024-25 के लिए 2,68,590.07 करोड़ रुपए का अधिशेष केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां केंद्रीय निदेशक मंडल की 616वीं बैठक हुई, जिसमें घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें संभावित जोखिमों पर भी चर्चा की गई। महत्वपूर्ण निर्णय के रूप में बोर्ड ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए 2,68,590.07 करोड़ रुपए का अधिशेष केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी।

बैठक का मुख्य फोकस वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 - मार्च 2025) के दौरान आरबीआई के कार्यकलापों की समीक्षा और वित्तीय लेखों की स्वीकृति रहा। केंद्रीय बोर्ड ने वर्ष 2024-25 के लिए आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को स्वीकृति दे दी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के तहत आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) को अब बढ़ाकर 7.50 प्रतिशत किया जाएगा, जो पहले 6.50 प्रतिशत था। यह संशोधन केंद्रीय बोर्ड द्वारा 15 मई, 2025 को मंजूर किया गया था।

गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के समय आरबीआई ने आर्थिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए 5.50 प्रतिशत का सीआरबी बनाए रखा था, जिसे पिछले दो वर्षों में क्रमश: छह प्रतिशत और 6.50 प्रतिशत तक बढ़ाया गया था। इस बैठक में उप गवर्नर एम. राजेश्वर राव, टी. रबी शंकर, स्वामीनाथन जे., डॉ. पूनम गुप्ता सहित केंद्रीय बोर्ड के अन्य निदेशक अजय सेठ (सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग), नागराजू मद्दिराला, सतीश के. मराठे, रेवती अय्यर, प्रो. सचिन चतुर्वेदी, पंकज रमनभाई पटेल और डॉ. रवींद्र एच. ढोलकिया भी उपस्थित रहे।

## आरबीआई ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 63.60 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) पर नियामकीय निर्देशों के उल्लंघन के चलते 63.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसने 31 मार्च 2023 और 31 मार्च 2024 को बैंक की वित्तीय स्थिति के संबंध में निरीक्षण किया था, जिसके दौरान उसने पाया कि यूबीआई में जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष (डीईएएफ) में तय समय सीमा के भीतर आवश्यक राशि का हस्तांतरण नहीं किया गया। गिरवी मुक्त कृषि ऋण के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन में बैंक ने कुछ मामलों में 1.60 लाख रुपये तक के कृषि ऋण पर गिरवी मांगा। इन उल्लंघनों के मद्देनजर आरबीआई ने बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। बैंक के जवाब, अतिरिक्त स्पष्टीकरण और व्यक्तिगत सुनवाई में दी गई दलीलों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि नियमों का उल्लंघन हुआ है।




## भारत-अमेरिका ने लाभकारी व्यापार समझौते पर की प्रगति : गोयल

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण की बातचीत चल रही है। इस बातचीत में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा है कि दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं।

भारत ने विकास और जनसांख्यिकी के दृष्टिकोण को देखते हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के सामने अपने महत्व को उजागर करते हुए एक अहम भागीदार के रूप में खुद की छवि पेश की है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ एक सकारात्मक और उपयोगी बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि दोनों देश अपने व्यवसायों और लोगों के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत और अमेरिका 2025 की शरद ऋतु की सहमत समयसीमा से पहले टैरिफ को कम करने के लिए बीटीए के पहले चरण पर हस्ताक्षर करने के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि समझौते के लिए संदर्भ की शर्तें पहले ही अंतिम रूप दे दी गई हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा था कि अमेरिका के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत की विकास दर को देखते हुए, अगले 25-30 वर्षों में एक बड़ी, महत्वाकांक्षी, युवा आबादी वस्तुओं और सेवाओं की मांग में इजाफा करेगी। हमारा मानना है कि अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता करने के लिए भारत एक आकर्षक अवसर पेश करता है। अगर दोनों देश टैरिफ कम करने पर एक समझौते करते हैं, तो इससे अमेरिका और भारत के बीच व्यापार में वृद्धि होगी। भारतीय प्रधानमंत्री की हाल ही में वाशिंगटन डीसी की यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान में 2030 तक 500 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।



**दोनों देश अपने व्यवसायों व लोगों के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं : पीयूष गोयल**

## केंद्र ने की सीसीटीवी सॉल्यूशन पर राष्ट्रीय हैकाथॉन की घोषणा

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय (एमएचए) के तहत पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) ने एनसीआरबी और साइबरपीस फाउंडेशन के सहयोग से कानून प्रवर्तन के लिए सीसीटीवी सॉल्यूशन पर राष्ट्रीय हैकाथॉन आयोजित करने की घोषणा की।



इस हैकाथॉन को इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और रिसर्च इंस्टीट्यूट को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है, ताकि वे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वदेशी, सिक्योर, स्केलेबल और लागत-प्रभावी सीसीटीवी सॉल्यूशन विकसित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार साइबर-सुरक्षित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बीपीआरएंडडी अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ साइबर-सुरक्षित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बीपीआरएंडडी का उद्देश्य घरेलू तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देना है जो न केवल परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## मैन्युफैक्चरिंग विकास को गति देने के लिए फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स करें तैयार : वैष्णव

- 'विकसित भारत 2047' मिशन के लिए टैलेंट व क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने की अपील

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'विकसित भारत 2047' मिशन को ध्यान में रख टैलेंट और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने की अपील की है।

उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षाविदों की एक राउंडटेबल बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने हितधारकों से भारत के विनिर्माण विकास को गति देने के लिए फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स को बेहतर बनाने का आग्रह किया।

राउंडटेबल बैठक में वैश्विक परिप्रेक्ष्य को स्थानीय कार्रवाई के साथ जोड़ते हुए टैलेंट डेवलपमेंट, सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया। केंद्रीय मंत्री ने एक नए सेक्टर, मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी (एमईटी) के उद्भव की प्रशंसा की। यह सेक्टर एनएएमटीईसीएच (न्यू एज मेकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), मेट इनोवेशन स्कूल की एक पहल है। इस पहल का उद्देश्य इंडस्ट्री 4.0 और उससे आगे की मांगों को पूरा करना है।



विशेष रूप से उभरती टेक्नोलॉजी में टैलेंट की कमी को दूर करना और भारत में परिवर्तनकारी बदलाव लाने में सक्षम हाई-स्किल्ड वर्कफोर्स, फ्यूचर लीडर्स को तैयार करना इस पहल के उद्देश्यों में शामिल है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कार्यक्रम में एमआईटी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उन्हें विश्व स्तर पर बेहतरीन संस्थानों में से एक बताया, जिसकी कल्पना एडवांस मैन्युफैक्चरिंग के लिए विश्व स्तरीय संस्थान के रूप में की गई है। उन्होंने सुजुकी, सीमेंस, एबीबी, आईनॉक्स जैसे भारतीय उद्योग जगत के नेताओं को भी धन्यवाद दिया।

### सार संक्षेप

## विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 685.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी कमी होने से 16 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 69.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 16 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 27.9 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 5.1 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई और यह घटकर 81.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 4.3 करोड़ डॉलर कम होकर 18.5 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 3 लाख डॉलर की कमी आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.4 अरब डॉलर पर आ गई।

## 225 में भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धि

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 225 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या का आंकड़ा 16.54 करोड़ तक पहुंच गया, जो कि सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। यह आंकड़ा कोविड-पूर्व स्तर (वित्त वर्ष 22) के लगभग 14.15 करोड़ से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 225 में भारतीय वाहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 3.38 करोड़ रही, जो कि सालाना आधार पर 14.1 प्रतिशत की वृद्धि है और कोविड-पूर्व स्तर के 2.27 करोड़ से 49 प्रतिशत अधिक है। घरेलू यात्रियों की संख्या अकेले अप्रैल 225 में 1.45 करोड़ होने का अनुमान था, जो अप्रैल 224 की तुलना में 1.2 प्रतिशत अधिक था। एयरलाइंस ने भी अप्रैल 225 में अपनी कैपेसिटी डिप्लॉयमेंट में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

## एशिया-प्रशांत में ग्लोबल कॉरपोरेशन के लिए रणनीतिक केंद्र भारत

**मुंबई।** भारत बीते वर्ष 224 में एशिया-प्रशांत (एपीएसी) के सभी ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम का 47 प्रतिशत हिस्सा था, जो 215 में केवल 36 प्रतिशत था। व्यापार में बदलाव, सप्लाई चेन डायवर्सिफिकेशन और मैक्रोइकोनॉमिक चुनौतियों के बीच भारत की ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम में बढ़ती हिस्सेदारी देश की रणनीतिक प्रासंगिकता को दर्शाती है। नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी), मल्टीनेशनल ऑक्यूपायर्स और थर्ड पार्टी सर्विस प्रोवाइडर्स की मजबूत मांग के कारण, 224 में भारत के ऑफिस ट्रांजैक्शन की मात्रा रिकॉर्ड 6.68 मिलियन वर्ग मीटर तक पहुंच गई।

# चौतरफा लिवाली के बल पर बाजार में उछाल


- सेंसेक्स 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक पर
- निफ्टी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद

**मुंबई,** 23 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इटरनल, एलटी, रिलायंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और मारुति समेत 29 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.09 अंक अर्थात 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 243.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढ़कर 44,861.42 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 51,521.42 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2357 में लिवाली जबकि 1594 में बिकवाली हुई वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1731 में तेजी जबकि 1132 में गिरावट हुई वहीं 84 में टिकाव रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, मार्च के निचले स्तरों से 14 प्रतिशत की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार फिलहाल नई दिशा तलाशने के संघर्ष में है। इस उतार-चढ़ाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक बाजार में तेजी को समर्थन देने वाली एफआईआई खरीददारी की रफ्तार थमती नजर आ रही है। खासकर इस महीने की 20 और 22 तारीख को हुई भारी बिकवाली यह संकेत देती है कि यदि वैश्विक माहौल प्रतिकूल रहा तो एफआईआई फिर से आक्रामक बिकवाली की ओर बढ़ सकते हैं।





अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। अमेरिका और जापान में बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल से वैश्विक वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेष रूप से अमेरिका में 30-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 5.14 प्रतिशत और 10-वर्षीय यील्ड 4.52 प्रतिशत तक पहुंचने से अमेरिकी कर्ज के स्तर और इसके वैश्विक असर को लेकर बाजार में बेचैनी है। वहीं, भारत की मजबूत बुनियादी आर्थिक स्थिति बाजार को सहारा देने का काम कर रही है। देश की अर्थव्यवस्था में लचीलापन, घटती मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में स्थिरता जैसे संकेत निवेशकों को कुछ हद तक राहत दे रहे हैं। इसके अलावा, घरेलू मांग आधारित क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, दूरसंचार और विमानन में स्थिरता देखने को मिल रही है। वहीं, निफ्टी 30 अंक बढ़कर 24,639.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,614.05 अंक के निचले जबकि 24,909.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 24,609.70 अंक की तुलना में 0.99 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24,853.15 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स में सन फार्मा की 2.14 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही। इटरनल 3.60, पावरग्रिड 2.42, आईटीसी 2.39, नेस्ले इंडिया 2.14, बजाज फिनसर्व 2.09, एक्सिस बैंक 1.87, अडानी पोर्ट्स 1.68, कोटक बैंक 1.54, एलटी 1.39, रिलायंस 1.21, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.18, बजाज फाइनेंस 1.09, इंडसइंड बैंक 1.05 और टाइटन के शेयर 1.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## अडानी समूह पूर्वोत्तर में करेगा एक लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने असम समेत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक दशक में एक लाख करोड़ के विशाल निवेश की प्रतिबद्धता की घोषणा की है।





श्री अडानी ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन के उद्देश्य से यहां आयोजित दो दिन के निवेशक सम्मेलन-राइजिंग नॉर्थईस्ट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में अडानी समूह का प्रस्तावित निवेश हरित ऊर्जा, बिजली पारेषण, सड़क, डिजिटल बुनियादी ढांचे, रसद और मानव पूंजी विकास पर केंद्रित होगा। सम्मेलन में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मणिपुर के राज्यपाल और पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेताओं और उद्योगपति उपस्थिति थे।

श्री अडानी ने घोषणा की कि हमारा ध्यान स्मार्ट-मीटर, हाइड्रो, पंप स्टोरेज, बिजली पारेषण, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स के साथ-साथ कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से क्षमता निर्माण पर होगा। उन्होंने कहा कि अभी तीन माह पहले फरवरी में एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन में अडानी समूह ने पूर्वोत्तर के लिए 50,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की थी।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा तीन रिंगिट की बढ़त के साथ 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट चढ़कर 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# भारत को मिलिट्री हार्डवेयर व स्पेस टेक्नोलॉजी में निवेश बढ़ाने की जरूरत

- ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के एडवांस एयर वॉरफेयर, मिसाइल सिस्टम व ड्रोन टेक्नोलॉजी को किया प्रदर्शित

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। बदले वैश्विक परिदृश्य में भारत को मिलिट्री हार्डवेयर, स्पेस टेक्नोलॉजी, ड्रोन, एयर डिफेंस सिस्टम, विमान वाहक, स्मार्ट ग्रिड और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। 'मेक इन इंडिया' पहल के रणनीतिक महत्व को उजागर करते हुए ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के एडवांस एयर वॉरफेयर, मिसाइल सिस्टम और ड्रोन टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया। पीएल कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार जैसे-जैसे वैश्विक शक्तियां दक्षिण पूर्व एशिया में अपने पदचिह्न का विस्तार कर रही हैं, वैसे-वैसे भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बढ़ने के आसार हैं।

इसके अलावा, सिंधु जल संधि के सस्पेंशन से इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी), पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) और हाइड्रोइलेक्ट्रिक इक्विपमेंट में नए अवसर खुलने की संभावना है। पीएल कैपिटल का मानना है कि भू-राजनीतिक जटिलताएं बढ़ रही हैं और निकट भविष्य में इनके और बढ़ने की संभावना है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के पड़ोसी क्षेत्रों में वैश्विक शक्तियों की बढ़ती भागीदारी से अलग-अलग मोर्चों पर तनाव बढ़ने, संभावित रूप से मौजूदा गठबंधनों को नया रूप देने और आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा देने की संभावना है। इसके अलावा, संघर्ष, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता के जोखिम बढ़ सकते हैं।

भारत के लिए एक वैश्विक सैन्य शक्ति के रूप में उभरने को लेकर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हा

लया घटनाक्रम बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। 'इंडिया स्ट्रैटजी रिपोर्ट' में बताया गया है कि यह भारत के लिए बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता को लेकर अपनी तकनीकी उन्नति और आर्थिक विकास को तेज करने की तत्काल जरूरत को भी दिखाता है।

इसके अलावा, भारतीय बाजार, जो हाल के महीनों में एफआईआई की बिक्री के कारण दबाव में थे, ने पिछले छह हफ्तों में निफ्टी पर 10 प्रतिशत रिटर्न देते हुए तेज रिकवरी की है। वित्त वर्ष 2025 के चौथी तिमाही के नतीजे अब तक उम्मीदों से बेहतर रहे हैं।

# कोयला डिपो बंद कराए जाने की चर्चाओं के बीच कई कारोबारी दूसरी जगह तलाश रहे

## रतनपुर से सेंदरी तक 8 कोयला डिपो पर मंडरा रहा बंद कराए जाने का खतरा

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। प्रदेश शासन द्वारा रतन पुर से संदरी तक 8 कोयला डिपो बंद कराने और उनका लाइसेंस नवीनीकरण नहीं करने की चर्चाओं के बीच कई डिपो संचालक तमाम जोर आजमाइश विफल हो जाने के बाद दूसरा ठीहा तलाशने सक्रिय हो गए है ।

बिलासपुर तथा आसपास कोयला, रेत, जमीन का कारोबार पिछले कई वर्षों से सिर चढ़ कर बोल रहा है। ये तीनों धंधा आम लोगों के वश की बात नहीं है तीनों धंधे में राजनीति संरक्षण, अधिकारियों और विभाग तथा प्रशासन की मिलीभगत का होना जरूरी है और इसमें पारंगत लोग ही इन तीनों धंधा में टिक पाते है। कोयले में मिलावट का खेल तो जग जाहिर है। रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन प्रशासन के नाक के नीचे होता आया है मगर खनिज विभाग के अधिकारी कभी कभार ही कार्रवाई करते है अन्यथा सब कुछ मिलीभगत से चलता है । कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खनिज अमले पर कड़ाई की तब कहीं जाकर विभाग ने रेत के पहाड़ों पर कार्रवाई करना शुरू किया ।

उधर कोयला डिपो वाले तो सर्व शक्तिमान हो गए है । विभिन्न विभागों और अफसरों से संरक्षण और जी हुजूरी कर कई कोयला डिपो संचालकों का पैर जमीन पर नहीं पड़ रहे थे कोयले में मिलावट और हेराफेरी कर रोज लाखों रुपए की काली कमाई करने वाले कई डिपो संचालकों की अब बोलती बंद हो गई है क्योंकि राज्य शासन ने कोयले की गड़बड़ी और अफरातफरी तथा चोरी रोकने अहम फैसला लिया है जिससे जमुनापाली कोयला खदान खुलने के बाद शहर के कई वैध-अवैध कोल व्यवसाई सकते में है। क्योंकि नियम कानून के अनुसार कई लोगों को डिपो छोड़ना पड़ेगा अपना ठीहा किसी दूसरी जगह लगाना पड़ेगा। ऐसे कोल डिपो की संख्या 8 है। यह चर्चा हमेशा रहती है कि कोयले का अवैध कारोबार करने वाले डिपो किराए पर लेकर हर महीने करोड़ों का अफरातफरी कर रहे है।



कोयले के भंडारण और परिवहन आदि को लेकर जो नियम बना है उसके अनुसार किसी भी कोयला खदान से 25 किलोमीटर के दायरे में कोई कोल डिपो नहीं खुलेगा। यह दूरी एयर डिस्टेंस में नापी जाती है। जमुनापाली में कोयला खदान खुलने के बाद 25 किलो मीटर के दायरे में सेंदरी तक एरिया आ रहा है। मतलब पाली से लेकर सेंदरी के बीच जितने भी वैध अवैध कोल डिपो चल रहे है अब बंद होने वाले है। उन 8 कोल डिपो में अरपा फ्यूल-गतौरी/जलसों, कोल मेन लॉजिस्टिक इंडिया प्रा लि गतौरी, जगदम्बे कोल ट्रेडिंग कंपनी पेंडरवा, ये ठाकुरदास कोटवानी का है। लेकिन यहां कोयला का धंधा कोई और करता है। जय अंबे कोल बेनिफिकेशन भाड़ी, ये रामजीत सिंह के नाम पर है। कश्यप कोल डिपो लिम्हां, ये कोल डिपो जोगेंदर कश्यप के नाम पर है। बालाजी कोल ट्रेडिंग कंपनी गतौरी, ये डिपो दिलीप कुमार के नाम पर है। तारा ट्रेडर्स सांधीपारा रतनपुर ये कोल डिपो सूर्य प्रकाश गुप्ता के नाम पर है। इसी तरह मोहतराई में रमाकांत मौर्य का एक डिपो है। इनमें से कई डिपो किराए पर चल रहे है। डिपो लीगल होता है लेकिन कारोबार लीगल किया जाता है, ऐसा नहीं है इनमें से कुछ डिपो का लाइसेंस अवधि 4-6 महीने ही बचा है। लिहाजा इनको आगे के नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। लेकिन जिन कोल डिपो के लाइसेंस नवीनीकरण का समय ज्यादा लंबा है उनके लाइसेंस बीच में निरस्त किया जा सकता है। क्योंकि इसके लिए मंत्रालय से मार्गदर्शन मांगा गया है। यदि ऊपर के अधिकारी सहमति दे दिए तो बीच में ही लाइसेंस निरस्त हो जाएगा। इसी बीच कई ऐसे कथित डिपो संचालक जो दूसरे के नाम पर अपना धंधा चमका रहे है, कोयला डिपो के लिए दूसरे जगह की तलाश करना शुरू कर दिए है ।ऐसे लोग यदि कृषि भूमि पर कोयला डिपो संचालित करते है तो व्यवसायिक होने के नाते नजर रखने का काम खनिज विभाग का है ।

## बिलासपुर में 2 करोड़ से अधिक की लागत से होंगे बहुआयामी विकास कार्य

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। नगर विधायक अमर अग्रवाल के प्रयासों से बिलासपुर शहर में 2 करोड़ से अधिक की लागत से विभिन्न बहुउद्देशीय विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के अंतर्गत सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा।



इन कार्यों के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र में कुल 45.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है, सामुदायिक भवन में 56 लाख एवं सामाजिक भवन में 90 लाख के साथ साथ विकास के अन्य कार्यों में 13 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है नवयुवक कान्य कुब्ज विकास समिति, अज्ञेय नगर पार्क के पीछे, अटल वाटिका के समीप एवं वार्ड नं 43 के सामुदायिक भवनों में कुल 56 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इसी क्रम में शहर में सामाजिक कल्याण हेतु वाल्मीकि समाज, चंद्रपुरिया कसौंधन वैश्य समाज, कायस्थ समाज, सतनामी समाज अहिरवार समाज एवं श्रीवास समाज के सामाजिक भवनों के लिए 90 लाख की मंजूरी दी गई। साथ ही शैक्षणिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के ध्येय से लालालाजपत राय शाला, स्वामी आत्मानंद स्कूल, बंगाली स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, शासकीय शाला में सामग्री क्रय, कक्ष निर्माण एवं अन्य कार्य हेतु कुल 45.5 लाख की राशि स्वीकृत की गई। इसके साथ ही साथ नगर में अनेक प्रकार के जनकल्याण हेतु ओपन जिम एवं अन्य कार्यों के लिए 13 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर के चहुंमुखी विकास के लिए यह स्वीकृतियाँ एक मजबूत आधार बनेंगी। हमारी सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि हर समाज, हर मोहल्ले, हर वर्ग को सशक्त बनाना हमारा उद्देश्य है। शिक्षा से लेकर सामाजिक समरसता और नागरिक सुविधाओं तक—हर क्षेत्र में संतुलित और समावेशी विकास हमारा संकल्प है। जनता की आशाओं और जरूरतों को प्राथमिकता देकर हम बिलासपुर को एक आदर्श, स्मार्ट और मानव केंद्रित शहर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कार से स्टंट कर इंस्टाग्राम में रील पोस्ट करने वाले लूटू पाण्डेय व दो अन्य बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। शहर में सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी कर लोकप्रियता पाने की होड़ अब युवाओं को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। ऐसा ही एक मामला सरकण्डा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां कार में खतरनाक स्टंट कर इंस्टाग्राम रील पोस्ट करने वाले बदमाश 'रितेश उर्फ लूटू पाण्डेय' व उसके दो अन्य साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 21 मई को सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक कार में स्टंट करते हुए वीडियो बना रहा है और उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक रितेश उर्फ लूटू पाण्डेय (उम्र 25 वर्ष, निवासी प्रभात चौक, चिंगराजपारा) को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह पुलिस से उलझ गया और बोला, क्या मैं इंस्टाग्राम में रील नहीं बना सकता?। उसकी इस हुज्जतबाजी से माहौल और अधिक उग्र हो गया।

इसी दौरान पेट्रोलिंग पर निकली पुलिस टीम ने क्षेत्र में अशांति फैलाते दो अन्य व्यक्तियों बाल मुकुन्द यादव उर्फ छोटू (उम्र 29 वर्ष, निवासी डबरीपारा, साइंस कॉलेज) और विक्रम उर्फ जोधर गंधर्व (उम्र 29 वर्ष, निवासी स्कूल चौक, चिंगराजपारा) को भी पकड़ा। ये दोनों अपने घर के पास गाली-गलौज कर क्षेत्र की शांति भंग कर रहे थे। पुलिस की समझाइश के बावजूद ये दोनों भी वाद-विवाद पर उतर आए।

घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को दी गई, जिन्होंने तत्काल तीनों अनावेदकों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसएसपी के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सरकण्डा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में तीनों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों को केन्द्रीय जेल भेज दिया गया है।

### आओ संवारे कल अपना खेल महोत्सव

## सैकड़ों बच्चों ने माह भर खेलों में दिखाया भरपूर उत्साह और किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### कलेक्टर एवं जिलाधीश संजय अग्रवाल के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ समापन कार्यक्रम

#### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की प्रेरणा से बदला ग्रामीण परिदृश्य

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। जिला पुलिस द्वारा आयोजित चेतना अभियान आओ संवारे कल अपना के अंतर्गत चल रहे एक माह के समर कैंप का ग्राम महमंद में भव्य समापन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को मोबाइल व नशे की लत से दूर कर खेलों और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम का यह पांचवां चरण था, जिसने ग्राम स्तर पर जनभागीदारी और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

समारोह के मुख्य अतिथि बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल रहे। उनके साथ मंच पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कार्यक्रम के अध्यक्षता की। साथ हीअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जयसवाल, श्रीमती अर्चना झा, सीएसपी अक्षय प्रमोद साबद्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अरुणा चंद्र प्रकाश सूर्या, सरपंच श्रीमती पूजा निर्मलकर, विक्की निर्मलकर व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



इस पूरे अभियान की संकल्पना और संचालन की प्रेरणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है, जिनके मार्गदर्शन में बिलासपुर पुलिस ने न सिर्फ सुरक्षा बल्कि सामाजिक जागरूकता की दिशा में भी एक मजबूत भूमिका निभाई है। श्री सिंह का यह मानना है कि बच्चों को यदि सही मार्गदर्शन, साधन और मंच मिले, तो वे समाज के लिए गौरव बन सकते हैं। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा, आओ संवारे कल अपना न केवल बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का माध्यम है, बल्कि यह अभियान आज की सबसे बड़ी सामाजिक चुनौतियों नशा और मोबाइल लत के खिलाफ एक सशक्त प्रयास है। बिलासपुर पुलिस के इस अभिनव प्रयास की जितनी सराहना की जाए, कम है। ग्राम महमंद के प्राइमरी और हाई स्कूल ग्राउंड पर आयोजित इस समर कैंप में 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। विभिन्न खेलों जैसे फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और रनिंग में प्रशिक्षण हेतु 13 युवा प्रशिक्षकों की सेवाएं ली गईं। समापन समारोह में 118 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और सभी बच्चों को उपहार भी वितरित किए गए। खेल प्रशिक्षकों एवं आयोजन की विशेष सहयोगी संस्था जीवधारणी फाउंडेशन के विकास वर्मा एवं उनकी टीम के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह नृत्य, गीत व मोबाइल के दुष्प्रभाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। मंच संचालन उप निरीक्षक श्री उमाशंकर पांडे ने किया। रंग-बिरंगे कार्यक्रमों और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति के साथ यह आयोजन एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक समापन की ओर अग्रसर हुआ। ज्ञातव्य है कि बिलासपुर पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आओ संवारे कल अपना का कार्यक्रम विभिन्न विधाओं एवं खेल स्पर्धाओं के माध्यम से चलाया जा रहा है जो कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके लिए गर्मी की छुट्टियां में समर कैंप के रूप में उनके भरपूर मनोरंजन के साथ साथ उनके शारीरिक, मानसिक विकास में भी सहायक बन रहा है।

## गांजा तस्करों को गांजा मुहैया कराने वाले अंतर्राज्यीय दो आरोपी उड़ीसा से गिरफ्तार

### 24 मार्च को 102 पैकेट गांजा के साथ पकड़ाए 3 आरोपियों ने गांजा मुहैया कराने वालों का बताया था नाम

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। पुलिस अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा/शराब/नशीली पदार्थ बेचने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर शहरी तथा सभी ग्रामीण थानो में लगातार एनडीपीएस एक्ट संबंधी अपराध करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 24.मार्च. को मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी के आरोपी 01. विष्णु कांत सिंह 02.सौरभ यादव उर्फ पंकज 03. सचिन उर्फ मोंटी निवासी उत्तरप्रदेश के संयुक्त कब्जे से टाटा नेक्सान कार क्र.सीजी 04 एल जेड 3844 के पीछे सीट एवं डिक्की में रखे अलग-



अलग ब्राउन कलर का पैकेट प्रत्येक पैकेट में 01-01 किलोग्राम गांजा कुल 102 पैकेट मादक पदार्थ गांजा को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया था। उक्त प्रकरण में आरोपीगण विष्णु कांत सिंह 02. सौरभ यादव उर्फ पंकज 03. सचिन उर्फ मोंटी निवासी उत्तरप्रदेश को विधिवत् गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। उक्त आरोपियो से पुछताछ के दौरान गांजा मुहैया कराने वाले अंतर्राज्यीय गांजा सप्लाई करने वाले बरगढ़ उडीसा के निवासी क्षीरसागर साहू तथा बलांगीर उडीसा निवासी फ्रांसीस कुम्हार है और उनसे मादक पदार्थ गांजा खरीद कर उत्तरप्रदेश में फुटकर में बेचते है। प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, शहर एवं एसीसीयु प्रभारी अनुज गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद साबद्रा तथा एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी सिध्दार्थ् बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी किशोर केंवट के नेतृत्व में उक्त प्रकरण में मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले बरगढ़, उडीसा के क्षीरसागर साहू के सकुनत पर बिलासपुर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी करते हुए गांजा विक्रेता *01. क्षीरसागर साहू पिता धींगरा साहू उम्र 39 साल साकिन नीलाकर थाना पाईकपाल जिला बडगढ़ उडीसा 02. फ्रांसीस कुम्हार पिता ललित कुम्हार उम्र 32 साल साकिन लोहासिंघा थाना लम्हा जिला बलांगीर, उडीसा* को विधिवत् अभिरक्षा में लेकर थाना कोनी जिला बिलासपुर लाकर गिरफ्तार कर विधिवत् कार्रवाई किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस बेहतर और प्रभावी कार्यवाही के लिए ज़िले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा ए थाना प्रभारी किशोर केंवट और स्टाफ़ की सराहना की है । उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी किशोर केंवट उनि हेमंत आदित्य, स.उ.नि.अशोक चौरसिया, प्र.आर. रमेशचंद्र पटनायक, आर. विजेंद्र सिंह, अविनाश पांडे का सराहनीय योगदान रहा।

## महुआ शराब बिक्री करने वाले 3आरोपियों से पुलिस ने 532 लीटर कच्ची शराब जब्त की

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अब सुशासन तिहार के निर्देशों के पालन में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गनियारी में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब निर्माण कर बिक्री कर रहे हैं, ।



मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम गनियारी में आरोपी वीरेंद्र कुमार वर्मा पिता हरिराम वर्मा उम्र 32 वर्ष के कब्जे से 5 लीटर क्षमता वाला प्लास्टिक जरीकेन में भरा हुआ 5 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 02 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बोतल में भरा हुआ 2 लीटर अवैध महुआ शराब कुल जुमला 7 लीटर कीमती 1400 जब तक किया गया इसी तरह तथा ग्राम गनियारी के ही आरोपी चंद्र भूषण वर्मा पिता स्व. कुंजराम वर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी हलग्राम गनियारी के कब्जे से 525 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती 105000 को जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक तोपसिंग नवरंग, सहायक उप निरीक्षक ओंकार बंजारे, आरक्षक 1086 भोप साहू, आरक्षक 1507 अजय सोनी, आरक्षक 1351 अखिलेश पारकर आरक्षक 252 जलेश्वर साहू आरक्षक 1206 सोमेश्वर साहू आरक्षक 902 रवि राजपूत का विशेष भूमिका रही।

**आरोपी**-वीरेंद्र कुमार वर्मा पिता हरि राम वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी वर्मा मोहल्ला ग्राम गनियारी थाना कोटा। चंद्र भूषण वर्मा पिता स्व.कुंजराम वर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी वर्मा मोहल्ला ग्राम गनियारी थाना कोटा।

## चाईल्ड पोर्नोग्राफी के दो मामलों में एक आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर जेल

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। महिला व नाबालिक बच्चो की अश्लील फोटो विडियो अपलोड एवं शेयर करने के संबंध में थाना सीपत में आईटी एक्ट एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मोबाईल धारक प्रवीण कुमार के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी सीपत के द्वारा आरोपी का पता कर सायबर सेल की मदद से जानकारी लिया गया जो मोबाईल नम्बर के धारक प्रवीण कुमार मवार ग्राम उनी का होने से पता चलने पर तत्काल प्रकरण के आरोपी प्रवीण कुमार मवार को तलब कर पुछताछ किया गया जो अपराध घटित करना स्वीकार किया जिस पर वजह सबूत में उसके मोबाईल को जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल सतपथी, सउनि सहेत्तर कुर्रे, आरक्षक प्रकाश जगत का योगदान रहा।



## बिलासपुर रेल मंडल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जन-जागरूकता रैली एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर रेल मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2025 (22 मई से 5 जून) के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष का अभियान केवल एक दिन तक सीमित न होकर एक विस्तारित कालखंड में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें चरणबद्ध रूप से जागरूकता, संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

इसी क्रम में कल दिनांक 22.05.2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम को ध्यान में रखते हुए जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं इसके समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था।

इसकी शुरुआत प्रातः 07 बजे महाप्रबंधक



कार्यालय परिसर से स्टेशन परिसर तक प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें स्कूल के बच्चे, स्काउट्स एवं गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस के स्वयंसेवक, उसलापुर प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु, एनईआई संस्थान के स्वयंसेवक, तथा सिविल डिफेंस के सदस्य, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता संजय विश्वास, वरि.उप महाप्रबंधक मनोज गुरुमुखी, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ भरत लाल, मुख्य यांत्रिक अभियंता (पर्यावरण) जी अप्पाराव, अपर मंडल रेल प्रबंधक चंद्रभूषण, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी जमकियार, मंडल पर्यावरण एवं हाउस कीपिंग प्रबंधक एस साई रमेश सहित मुख्यालय एवं बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों के लगभग 340 अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

बिलासपुर स्टेशन परिसर में कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों और इससे बचाव के उपायों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। साथ ही, इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों द्वारा थीम आधारित गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने प्लास्टिक मुक्त वातावरण की दिशा में कार्य करने की प्रतिज्ञा ली और समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया।

इसी क्रम में आज 23 मई को मंडल के कोचिंग डिपो सहित विभिन्न वर्कशॉप में प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाए रखने के प्रति सभी को जागरूक किया गया।

## शांति समिति की बैठक 26 को

**बिलासपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। ईद-उल-जुलहा बकरीद पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में 26 मई को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

**NECC**

| 24.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 495 | 75 | 145 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 170 |
| डिलीवरी | 510 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771